आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार 29 नवंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-2 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-240 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 30 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

राहुल द्रविड़ बने रहेंगे टीम के हेड कोच

मुंबई,29 नवंबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने राहुल द्रविड़ को ही सीनियर पुरुष टीम का कोच बनाए रखने का फैसला किया है। आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद माना जा रहा था कि राहुल

द्रविड़ जिनका कार्यकाल समाप्त हो चुका था, उन्हें बताओ और कुछ हटाया जा सकता है। विश्व कप समाप्त होने के बाद भी बोर्ड ने राहुल द्रविड़ को कोई नया ऑफर नहीं दिया था। इसके साथ ही अंदेशा जताया जा रहा था कि नेशनल क्रिकेट अकादमी के चीफ वीवीएस लक्ष्मण को चीफ कोच की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। बता दें कि वीवीएस लक्ष्मण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों टी20 सीरीज में बतौर कोच जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इसी बीच बीसीसीआई ने प्रस्ताव पेश किया कि राहुल द्रविड़ का अनुबंध बढ़ाया जाए जिसको मंजूर कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो बीसीसीआई ने राहुल द्रविड़ से पिछले हफ्ते संपर्क कर उनसे कार्यकाल बढ़ाने के संबंध में बात की थी। यह भी माना जा रहा है कि राहुल द्रविड़ ने टीम को लेकर एक संरचना बनाई है, जिसमें आगे की वर्षों पर काम करने को लेकर चर्चा की गई है। राहुल द्रविड़ के साथ भारतीय टीम के सहयोगी स्टाफ के लिए कॉन्ट्रैक्ट को भी आगे बढ़ा दिया गया है।

ट्रेडर्स कर्मचारी की हत्या का मास्टरमाइंड परिवार सहित फरार

राजनांदगांव,29 नवंबर। ट्रेडर्स कर्मचारी सुरेश जोशी के हत्या के मास्टरमाइंड प्रकाश गोलछा की तलाश तेज हो गई है। प्रकाश गोलछा की पतासाजी के लिए पुलिस ने तीन अलग-अलग टीम बनाई है। जो संभावित ठिकानों में दबिश दे रही है। हालांकि अब तक प्रकाश गोलछा का कुछ भी पता नहीं चल पाया है। शहर के एक व्यापारी को ब्लैकमेल करने के लिए प्रकाश गोलछा ने अपने कर्मचारियों के माध्यम से सुरेश जोशी की हत्या कराई है। जिसे आत्महत्या का रंग देने का प्रयास किया गया था। लेकिन पुलिस की जांच में सबकुछ स्पष्ट हो गया। इसके बाद हत्या के मास्टर माइंड की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। पुलिस की साइबर सेल की टीम भी इसमें लगी हुई है। प्रकाश गोलछा के मोबाइल लोकेशन को भी ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन उसका फोन बंद है। वहीं आरोपी प्रकाश अपने परिवार सहित फरार है। इसके चलते पुलिस सभी संभावित ठिकानों को खंगाला रही है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही आरोपी प्रकाश गोलछा को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंती नटराजन की मुश्किलें बढ़ीं

नई दिल्ली ,29 नवंबर । केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने छह साल की जांच के बाद झारखंड में 2012 में एक स्टील प्लांट के लिए वन भूमि के डायवर्जन को लेकर पूर्व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री जयंती नटराजन के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में क्लोजर रिपोर्ट दायर की है। सीबीआई सूत्रों ने कहा कि एजेंसी ने पिछले सप्ताह एक विशेष अदालत के समक्ष क्लोजर रिपोर्ट दायर की, जिसमें कहा गया कि उसे अभियोजन आगे बढ़ाने के लिए मामले में पर्याप्त सबूत नहीं मिले।सीबीआई ने इलेक्ट्रोस्टील कास्टिंग लिमिटेड (ईसीएल) के तत्कालीन प्रबंध निदेशक नटराजन, उमंग केजरीवाल और कंपनी के खिलाफ तीन साल की लंबी प्रारंभिक जांच के बाद 7 सितंबर 2017 को मामला दर्ज किया था।

मोदी सरकार ने गरीबों को दिया बड़ा तोहफा

अगले 5 वर्षों तक 81 करोड़ लोगों को मिलेगा मुफ्त खाद्यान्न

नई दिल्ली,29 नवंबर। केंद्र सरकार ने बुधवार को 81 करोड़ गरीबों को प्रति माह 5 किलोग्राम मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) योजना को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया। इसे 1 जनवरी 2024 से लागू किया जाएगा। इस योजना के तहत, केंद्र 1 जनवरी 2023 से शुरू होने वाली एक वर्ष की अवधि के लिए पीएमजीकेएवाई के तहत अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) परिवारों और प्राथमिकता वाले परिवारों (पीएचएच) लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध करा रहा है। पिछले साल दिसंबर में, केंद्र ने पीएमजीकेएवाई को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के साथ विलय करने का निर्णय लिया। अतिरिक्त खाद्यान्न निःशुल्क उपलब्ध कराने के लिए 2020 में PMGKAY की शुरुआत की गई थी। एनएफएसए के तहत, 75 प्रतिशत ग्रामीण आबादी और 50 प्रतिशत शहरी आबादी को दो श्रेणियों - अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) और प्राथमिकता वाले घरों के तहत कवर किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में करीब 13.50 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए...प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले 5 साल के लिए बढ़ाने का फैसला किया गया है...इससे 81 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा...इसमें 11 लाख 80 हजार करोड़ रुपए का खर्च भारत सरकार करेगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय क्षेत्र योजना को मंजूरी दे दी। कृषि उपयोग के लिए किसानों को किराये की सेवाएं प्रदान करने के लिए 2023-24 से 2025-2026 के दौरान 15,000 चयनित महिला एसएचजी को ड्रोन प्रदान किए जाएंगे। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना भारत में कोविड-19 महामारी के दौरान 26 मार्च 2020 को भारत सरकार द्वारा घोषित एक खाद्य सुरक्षा कल्याण योजना है। यह कार्यक्रम उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा संचालित किया जाता है। लेकिन नोडल मंत्रालय वित्त मंत्रालय है।

बघेल ने खरगे को छग में जीत के लिए किया आश्वस्त

रायपुर,29 नवंबर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं कोषाध्यक्ष अजय माकन से दिल्ली में मुलाकात की. मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री बघेल ने एक्स पर लिखा, कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से आज उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात हुई. उन्होंने पांच राज्यों के चुनाव में अथक परिश्रम किया है. उनकी ऊर्जा हमारे लिए प्रेरणादायक है. सीएम बघेल ने कहा, मैंने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की जीत के प्रति उन्हें एक बार और आश्वस्त किया.

बेशर्मी व लापरवाही की हद

दो लड़कियों ने चलती हुई बाइक पर किया किस और हग

नई दिल्ली,29 नवंबर। सोशल मीडिया पर आए दिन कई तरह के वीडियो वायरल होते रहते हैं. हाल ही में सोशल मीडिया पर दो लड़कियों का एक वीडियो बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है. सामने आए वीडियो में सड़क पर तेजी से दौड़ती हुई बाइक पर दो लड़कियां स्टंट करती हुईं नजर आ रही हैं.

इतना ही नहीं ये लड़की चलती बाइक पर ही पहले एक दूसरे को हग करती हैं, बाद में किस करती हैं. सामने आए इस वीडियो को देखने के बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स ने उनकी क्लास लगा दी है. कई लोगों ने इस हरकत को शर्मनाक बताया कि रोड पर हाथ छोड़कर बाइक चलाने के लिए उनके ऊपर जुर्माना लगाया जाना चाहिए. इंस्टाग्राम और एक्स पर इस तरह के कई अटपटे वीडियो देखने को मिलते हैं. दिल्ली मेट्रो से भी इस तरह की अजीब हरकत करने के कई मामले सामने आए हैं. अभी कुछ दिन पहले दिल्ली मेट्रो से एक वीडियो सामने आया था, जिसमें एक कपल खुले आम किस करता नजर आया था. जिसका लोगों ने विरोध भी किया था. अब फिर रोड़ पर चलती बाइक पर दो लड़कियों ने चलती बाइक पर अपनी जान को जोखिम में डालकर इस तरह की हरकत को अंजाम दिया है.

इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया है. इसमें देखा जा सकता है कि दो लड़कियां लाल रंग की स्पलेंडर बाइक को रोड पर तेजी से दौड़ा रही हैं. साथ ही उसपर स्टंट करती हुईं नजर आ रही हैं. इतना ही नहीं ये लड़कियां चलती बाइक पर ही अजीबो गरीब हरकतें करना शुरू कर देती हैं. इसमें आप देख सकते हैं कि सबसे पहले दोनों एक दूसरे को तालियां देती हैं और किस करने लगती हैं. इस वीडियो को देखने के बाद यूजर्स उनके खिलाफ एक्शन लेने की मांग कर रहे हैं.

बता दें कि इस वीडियो को अबतक लाखों बार देखा जा चुका है. वहीं, 8 लाख से ज्यादा यूजर्स ने इसे लाइक किया है. इसके साथ ही कई लोगों ने वीडियो देखकर कमेंट बॉक्स में इस हरकत की आलोचना की है.

स्कूल जा रही छात्रा का फिल्मी स्टाईल में अपहरण

जशपुर,29 नवंबर। बडी खबर जशपुर से आ रही है। यहां दिन दहाड़े एक युवती के अपहरण का मामला सामने आ रहा है।जानकारी के मुताबिक बुधवार को करीब 11 बजे युवती अपने एक सहेली साथ स्कूल जा रही थी तभी कहीं जा रही थी तभी कोतवाली थाना क्षेत्र के लोखंडी के tata tigor में सवार कुछ लोगों ने युवती को फिल्मी स्टाईल में युवती को जबरन गाड़ी में बैठा लिया और तेज रफ्तार से भाग गए।इस बीच अपहृत युवती की सहेली किसी तरह बच निकली और शोर मचाने लगी लेकिन तबतक आरोपी मौके से फरार हो चुके है। अपहृत युवती लोखंडी हाई स्कूल की 12वीं छात्रा है बताई जा रही है। जिले के एसपी डी रविशंकर ने बताया कि अपहृत युवती की सहेली से पुलिज़ पूछ ताछ कर रही है ।अबतक की पुछताछ यह आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई है।

पन्नू केस में अमेरिकी चिंता की जांच के लिए बनी हाई लेवल कमेटी

नई दिल्ली,29 नवंबर। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बुधवार को कहा कि भारत ने अमेरिकी सरकार द्वारा उठाई गई सुरक्षा चिंताओं पर गौर करने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। अमेरिका ने हाल ही में दावा किया कि सरकार ने वरिष्ठतम स्तर पर, भारत के साथ चिंता जताई और संगठित अपराधियों, बंदूक चलाने वालों और आतंकवादियों के बीच सांठगांठ पर इनपुट साझा किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि हमने यह भी संकेत दिया था कि भारत ऐसे इनपुट को गंभीरता से लेता है क्योंकि वे हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा हितों पर भी प्रभाव डालते हैं, और संबंधित विभाग पहले से ही इस मुद्दे की जांच कर रहे थे। अरिंदम बागची ने कहा कि इस संदर्भ में बताया गया है कि 18 नवंबर 2023 को भारत सरकार ने मामले के सभी प्रासंगिक पहलुओं की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया था। उन्होंने कहा कि भारत सरकार जांच समिति के निष्कर्षों के आधार पर आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई करेगी। अमेरिकी सरकार का यह दावा उस समाचार रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी अधिकारियों ने अमेरिकी धरती पर सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश को विफल कर दिया है।

पिछले सप्ताह इस तरह के दावे पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बाघची ने कहा, भारत-अमेरिका सुरक्षा सहयोग पर हालिया चर्चा के दौरान, अमेरिकी पक्ष ने संगठित अपराधियों, बंदूक चलाने वालों, आतंकवादियों और अन्य लोगों के बीच सांठगांठ से संबंधित कुछ इनपुट साझा किए। इनपुट दोनों देशों के लिए चिंता का कारण हैं और उन्होंने आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। बुधवार को प्रवक्ता ने एक विस्तृत बयान देकर दोहराया कि भारत इस तरह की सूचनाओं को कितनी गंभीरता से लेता है।

हाइवा की चपेट में आने से पति-पत्नी की मौत

बिलासपुर,29 नवंबर। तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चालन के कारण भीषण सड़क हादसा थम नहीं रहा है। तेज रफ्तार हाईवा ने आज फिर एक बाइक सवार दम्पति को अपनी चपेट में लिया इस हादसे में पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई, जिसके बाद इस सड़क हादसे की जांच पड़ताल में पुलिस जुट गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा बिलासपुर के लोखंडी इलाके के पास हुआ है। जहां बाइक सवार पति-पत्नी दोनों ही बिलासपुर से घोंघाडील लौट रहे थे। अचानक एक हाईवा तेजरफ्तार से आकर इस बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी हाइवा चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

गैस सिलेंडर फटने से 5 मकान ध्वस्त

मुंबई ,29 नवंबर। मुंबई के चेंबूर इलाके में बुधवार सुबह एक मकान में गैस सिलेंडर में विस्फोट के बाद पांच मकान ध्वस्त हो गए, जिसके बाद 11 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। नगर निगम के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि घटना में कुछ लोग घायल हुए हैं। हालांकि उन्होंने घायलों की वास्तविक संख्या नहीं बताई। घटना चेंबूर इलाके में गोल्फ क्लब के निकट ओल्ड बैरक में सुबह 7 बजकर 50 मिनट पर घटी। निगम के एक अधिकारी ने बताया कि एक मकान में गैस सिलेंडर विस्फोट हुआ।

आपसी रंजिश में परिवार ने खेला खूनी खेल

मुंगेली,29 नवंबर। जिले लिम्हा गांव में पुरानी रंजिश के चलते हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है. जहां एक परिवार के सदस्यों ने मिलकर एक शख्स पर लाठी-डंडे और पत्थर से ताबड़तोड़ वार कर हमला कर उसे अधमरा कर दिया, इतने में भी मन नही भरा तो उसे जान से मारने के गला दबाकर उसकी हत्या कर दी. पुलिस ने इस निर्मम हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले परिवार के सदस्यों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है. सिटी कोतवाली के थाना प्रभारी गौरव पांडेय ने बताया कि 26 नवंबर को लिम्हा गांव की रहने वाली परदेशनी बाई (उम्र 42 साल) ने थाने में अपने पति भागवत निषाद की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. परदेशनी बाई ने पुलिस को बताया कि उसके गांव के ही रहने वाले हीरालाल ने पुरानी रंजिश को लेकर अपने बेटे सूरज निषाद, पत्नि गंगोत्री और 3 बेटियों के साथ मिलकर भागवत निषाद पर लाठी-डंडे और पत्थर से ताबड़तोड़ वार कर उसे अधमरा कर दिया, इतने में भी जब उनका मन नही भरा तो उसे जान से मारने के गला दबाकर उसकी हत्या कर दी. परदेशनी बाई ने बताया जब उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने हीरालाल और उसके परिवार को रोकने की कोशिश की तो उनपर भी हीरालाल के परिवार ने हमला कर दिया, जिसमें उनका बेटा-बेटी, बहु, देवर, घायल हो गए.पीड़िता परदेशनी बाई की रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस ने मृतक भगवत निषाद के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया. मामले के आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, इस दौरान आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने खून से लगें पत्थर, लाठी-डंडा को जब्त किया है.

नक्सलियों ने मोबाइल टावर को किया आग के हवाले

नारायणपुर,29 नवंबर। छत्तीसगढ़ में नक्सलयों ने फिर अपनी उपस्थित दर्ज कराइ है यहाँ नक्सलियों ने मोबाइल टावर को आग के हवाले कर दिया है। घटना नारायणपुर और बारसूर के बीच ही है। वहीँ नक्सलियों ने पर्चे भी फेके है जानकरी के अनुसार उसी जगह पर 2 दिसंबर से 8 दिसंबर तक पीएलजीए सप्ताह मनाने के लिए पोस्टर भी फेंके हैं। इस वारदात को पूर्व बस्तर डिवीजन कमेटी ने अंजाम दिया है।

मजदूर ने बताया कैसे सुरंग में मौत को दी मात

पत्थर पर रिसते पानी को चाटते थे हम

नैनीताल,29 नवंबर। उत्तराखंड के हादसाग्रस्त टनल से 17 दिनों के बाद निकाले गए 41 मजदूरों के जरिए अब मौत से संघर्ष की कई हैरान करने वाली कहानियां सामने आ रही हैं। 400 घंटे से अधिक समय तक सिर्फ हौसले के बल पर मौत को मात देने वाले श्रमवीरों में शामिल झारखंड के अनिल बेदिया ने बताया कि कैसे 10 दिनों तक उन्होंने भूख और प्यास से भी जंग लड़ी। बेदिया ने बताया कि 6 इंच की नई पाइप लगने तक उन्होंने मूरी (भुने हुए चावल, मुरमुरे) खाकर पेट की आग बुझाई तो पत्थरों से रिसते पानी को चाटकर प्यास को शांत किया। झारखंड के रहने वाले 22 साल के अनिल दिवाली के दिन उस वक्त सुरंग फंस गए जब यमुनोत्री नेशल हाईवे पर निर्माणाधीन इस टनल में अचानक हजारों टन मलबा गिर गया। सिलक्यारा गांव के पास सुरंग में जोरदार आवाज के साथ जब मलबा गिरा तो अंदर काम कर रहे सभी मजूदर बेहद डर गए। बाहर निकलने का रास्ता बंद होते देख पहले तो उन्हें लगा कि जैसे अब अंदर ही दफन हो जाएंगे। बुधवार सुबह अनिल ने अपने परिजनों से फोन पर बातचीत करते हुए अपनी आपबीती बताई। उन्होंने कहा, तेज चीखों से हवा गूंज उठी। हम सबने सोचा कि अब सुरंग में ही दफन हो जाएंगे। शुरुआत के कुछ दिन हम सबने उम्मीदें खो दी थीं। अनिल ने उन मंजरों को याद करते हुए कहा, यह बहुत डरावनी स्थिति थी... हमने पत्थरों पर रिसते पानी को चाटकर अपनी प्यास बुझाई और

10 दिन तक मुरी खाकर जिंदा रहे। बेदिया रांची के बाहरी इलाके में स्थिति खिराबेडा गांव के रहने वाले हैं। इस गांव के 13 लोग सुरंग में काम करते थे और वह 1 नवंबर को उन लोगों के साथ काम की तलाश में वहां पहुंचा था। जिस समय मलबा गिरा सुरंग में इन 13 में से 3 लोग ही थे। सुरंग में फंसे 41 मजूदरों में से सबसे अधिक 15 झारखंड के रहने वाले थे। यही वजह है कि उत्तराखंड में मिशन पूरा होने की खबर मिलते ही पूरा झारखंड भी खुशी से झूम उठा। अनिल की तरह ही अंदर फंसे रहे श्रमिक विशाल ने कहा कि उन्होंने कभी उम्मीद का दामन नहीं छोड़ा। बाहर आने के बाद हिमाचल प्रदेश के मंडी के रहने वाले श्रमिक विशाल ने सुरंग के बाहर बेसब्री से इंतजार कर रहे अपने परिवार के लोगों से बातचीत की जिसके बाद उन्हें एंबुलेंस के जरिए अस्पताल ले जाया गया। फोन पर बातचीत में विशाल ने कहा, हमने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी....मैं बिल्कुल ठीक हूं । हम सभी ठीक हैं और मैं उन सभी को धन्यवाद करता हूं जिन्होंने हमें सुरक्षित बाहर निकाला। यह पूछे जाने पर कि सुरंग में उन्होंने इस कठिन घड़ी का सामना कैसे किया, उन्होंने कहा, शुरुआती कुछ घंटे मुश्किल थे क्योंकि हमें घुटन महसूस हो रही थी । लेकिन उसके बाद बाहर से लोगों से संपर्क हुआ और फिर धीरे-धीरे सब सामान्य हो गया।

टनल से बेटे के सकुशल बाहर आने से पहले ही पिता ने तोड़ा दम

नैनीताल,29 नवंबर। 41 मजदूरों में एक ऐसा मजदूर भी रहा जो बाहर आया तो अपने जीवन की सबसे दुखद खबर सुनने को मिली। सुरंग से बाहर आते ही उसे पता चला कि उसके सिर से पिता का साया ही उठ गया है। झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले का रहने वाला ये मजदूर भक्तू मुर्मू है। शारीरिक रूप से सही सलामत निकलने के बाद भी वो अंदरूनी रूप से ये खबर पाकर पूरी तरह से टूट गया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार 28 नवंबर को सिल्क्यारा सुरंग से जैसे ही भक्तू बाहर निकला तो उसे ये जानकारी दी गई कि उसके पिता का निधन हो गया है। अपने पिता ने निधन की खबर सुनते ही भक्तू फूट फूटकर रोने लगा। बीते 17 दिनों से वो लगातार सुरंग के अंदर रहने के दौरान अपने पिता से मुलाकात करने की इच्छा में जुटा हुआ था।

मियां-बीवी में हुई लड़ाई, बैंकॉक की फ्लाइट दिल्ली चली आई

पाकिस्तान ने नहीं दी उतरने की इजाजत

नई दिल्ली,29 नवंबर। विमान में मियां-बीवी के बीच ऐसी लड़ाई हुई कि उसे जाना था बैंकॉक पर वो फ्लाइट पहुंच गई दिल्ली। बुधवार को म्यूनिख से बैंकॉक के लिए उड़ान भरने वाली Lufthansa Airlines की एक विमान को यात्री के व्यवहार की वजह से रास्ता बदलना पड़ा और विमान दिल्ली पहुंच गई। सूत्रों ने बताया कि विमान को दिल्ली लाने का फैसला केबिन क्रू की शिकायत के बाद लिया गया। केबिन क्रू के सदस्यों ने विशेष तौर से पति और पत्नी के बीच हो रही लड़ाई की शिकायत की थी। दिल्ली एयरपोर्ट पर तैनात उड़ान सुरक्षा कर्मियों ने बताया पति-पत्नी के बीच लड़ाई क्यों हुई इसकी जानकारी अब तक नहीं लग पाई है। लेकिन पति-पत्नी के बीच लड़ाई की वजह से ही फ्लाइट को डायवर्ट करना पड़ा। हालांकि, इस विमान को उड़ा रहे पायलट ने पहले पाकिस्तान के नजदीक प्लेन को लैंड करने की इजाजात मांगी थी लेकिन पायलट के आग्रह को ठुकरा दिया गया। पाकिस्तान के नजदीक विमान को क्यों उतरने की इजाजत नहीं दी गई अभी इसके बारे में पता नहीं चल सका है। बताया जा रहा है कि विमान के अंदर जर्मन युवक और उसकी थाई पत्नी के बीच किसी बात को लेकर लड़ाई हुई थी। एक अधिकारी ने कहा कि पहले पत्नी ने अपने पति के खराब व्यवहार की शिकायत पायलट से की थी। महिला ने पायलट से कहा था कि उसके पति उसे धमकी दे रहे हैं और फिर उन्होंने पायलय से हस्तक्षेप की मांग की थी। दिल्ली एयरपोर्ट पर विमान के उतरने के बाद CISF के जवान कपल और फ्लाइट क्रू कपल से बातचीत कर रहे हैं। दिल्ली पहुंचने के बाद जर्मन नागरिक को विमान से उतार लिया गया।

भिलाई-दुर्ग शहर के चौक-चौराहे डेंजर जोन में हो गए तब्दील, पांच सालों के दौरान दुर्ग जिले में 977 लोगों ने गंवाई जान

भिलाई, 29 नवंबर। दुर्ग जिले में सड़क हादसों के चलते होने वाली मौतों का आंकड़ा सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल रहा है। दुर्ग जिले में पिछले पांच सालों के दौरान सड़क हादसों में 977 लोगों को जान गंवानी पड़ी है। खासकर भिलाई -दुर्ग शहरी क्षेत्र के चौक-चौराहे हादसे के लिहाज से डेंजर जोन में तब्दील हो गए हैं। इसमें ज्यादातर चौराहे फोरलेन सड़क के शामिल हैं। शहर के बड़े चौराहे डेंजर जोन बन गए हैंए जहां हादसों का खतरा हमेशा बना रहता है। भारी वाहनों की आवाजाही के बाद भी इन चौराहों पर सुरक्षा के इंतजाम जैसा होना चाहिए वैसा नहीं है। गौर करने वाली बात यह है कि पिछले पांच वर्षों में 977 लोगों की मौत हो गई। वर्ष 2022 में सबसे अधिक 301 मौतें दर्ज की गई हैं। शहर के सुपेला चौक, नेहरु नगर सहित अन्य रोड पर छिटपुट हादसे हो ही रहे हैं। इसके बाद भी जाम और ट्रेफिक के दबाव को कम करने प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। यहां भारी वाहनों की आवाजाही दिनभर होती है। ट्रेफिक पुलिस विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 2019 से 2023 तक पिछले पांच वर्षों में पूरे दुर्ग जिले में 3 हजार 936 सड़क हादसे हुई है जिसमें कुल 3 हजार 674 लोग घायल हुए है। जबकि इस पूरे हादसे में 977 लोगों की अकाल मौत हो गई है। आए दिन पेश आने वाले इन सड़क हादसों व मौत को रोकने ट्रेफिक पुलिस कई पहल कर रही है ताकि जिले के सड़कों पर हादसों में कमी आने के साथ लोगों की अकाल मौत को रोका जा सके। 20 चौक-चौराहे बन चुके ब्लैक स्पॉट राष्ट्रीय राजमार्ग पर नेहरू नगर गुरुद्वारा से लेकर कुम्हारी टोल प्लाजा तक 20 चौक-चौराहें ऐसे हैं जहां हर साल एक्सीडेंट में मौतें हो रही है। इसमें नेहरू नगर से गुरुद्वारा चौक, सुपेला चौक, चंद्रा-मौर्या चौक, तीन दर्शन मंदिर के पास, बसंत टॉकीज के सामने, पॉवर हाउस चौक, आईटीआई के सामने, खुर्सीपार चौक, डबरा पारा चौक, सिरसा गेट चौक, काली मंदिर के सामने चरोदा, एसबीआई के सामने चरोदा, जीआरपी चौकी के पास चरोदा, डीएमसी कटिंग के पास, रॉयल खालसा ढाबा, खारुन ग्रीन कुम्हारी, केनरा बैंक के सामने कुम्हारी, ओवर ब्रिज कुम्हारी, कुम्हारी टोल प्लाजा में पिछले तीन साल से लगातार हादसे हो रहे हैं। लेन डिसीप्लीन पर दिया जा रहा जोर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग के द्वारा नेशनल हाईवे.53 में भारी वाहन चालको को बाये लेन का प्रयोग करने दिये गये निर्देश के परिपालन में यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा बाफना टोल एवं कुम्हारी टोल प्लाजा में दोनों मार्ग में भारी वाहन चालको को बांए लेन में चलने हेतु पाम्पलेट वितरण कर एवं जिंगल के माध्यम से एवं इन दोनों टोल के बीच मे हाइवे पेट्रोलिंग के जवानों के द्वारा भारी वाहन चालकों को समझाइश देते हुए अपील की जा रही है जिससे नेशनल हाईवे -53, अंजोरा बाईपास से कुम्हारी टोल तक 40 किलोमीटर के क्षेत्र में 30 किलोमीटर का क्षेत्र शहरी के अंतर्गत आता है एवं राजधानी रायपुर से लगे होने के कारण इस मार्ग पर वाहनों का दबाव अधिक रहता है नेशनल हाईवे 53 में प्रतिदिन 30000 से अधिक वाहन गुजरते हैं। जिसमें से लगभग 4000 भारी वाहन होता है भारी वाहन बांए लेन में चलने से एवं लेन डिसिप्लीन का पालन करने से में सडक दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके एवं चौक चौराहों में जाम की स्थिति निर्मित न हो और छोटे चार पहिया वाहन चालक आसानी से दांए लेन का प्रयोग कर सके, जिससे गलत लेन से ओवर टेक करने से होने वाली सडक दुर्घटनाओं को रोका जा सकें। हादसों में मौत व घायलों का आंकड़ा वर्ष दुर्घटनाएं घायल मौत 2019 883 1021 213 2020 722 784 197 2021 991 784 220 2022 1146 957 301 2023 194 128 46 ।

हाथों में छतरी लेकर बच्चे स्कूल बस के इंतजार में

कवर्धा। कबीरधाम जिले में ठंड बढ़ती हुई लेकिन बारिश अचानक होने के कारण बच्चे स्कूल स्वेटर पहनकर और हाथो मे छतरी लेकर स्कूल जाते हुए और बस का इंतजार करते हुए बच्चे देखे गए ।

एक नजर

बदमाशों को दी सख्त हिदायत

भिलाई, 29 नवंबर। भिलाई जिले में शांति रखने के लिए 100 से अधिक निगरानी एवं.गुण्डा बदमाशों को सख्त हिदायत दी गई जेल से रिहा होकर पुनः अपराध करने वाले बदमाशों के साथ-साथ इनके जमानतदारों पर भी की कार्रवाई की जाएगी शहर एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि गुण्डे - बदमाशों एवं चाकूबाजी की घटना लिप्त बदमाशों की चेकिंग करने आवश्यकतानुसार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किये जाने के लिए निर्देशित किये जाने पर 27 नवंबर को अभियान चलाकर 100 से ज्यादा गुण्डे बदमाशों / चाकूबाजी की घटना घटित करने वाले बदमाशों को चेक कर इन्हें अपराधिक कृत्यों से दूर रहने, किसी भी घटना में संलिप्तता की सूचना प्राप्त होने पर ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई किये जाने के लिए सख्त हिदायत दी गई ।

सड़क हादसे में तीन की मौत

भिलाई, 29 नवंबर। भिलाई जामुल थाना क्षेत्र तेज रफ्तार से आ रही वाहन ने स्विफ्ट डिजायर वाहन को जोरदार ठोकर मार दिया घटना में मौके पर ही तीन की मौत हो गई घटना की जानकारी लगने पर जामुल पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों के शव को सुपेला मरचुरी भेज दिया ठोकर मारने वाले वाहन को पुलिस ने बरामद किया है चालक मौके से फरार हो गया है पुलिस ने बताया कि कार सीजी 07 एएस 4731 में सवार होकर दो महिला और एक पुरूष चंडी भाठा बेरला की ओर से आ रहे थे इस हाइवा चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ग्राम ढौर के पास स्विफ्ट डिजायर को सामने से जोरदार ठोकर मार दी घटना में स्मृति नगर निवासी पी वेंकट रत्नम उनकी पत्नी श्याम टी व उसकी बुजुर्ग मां की मौत हो गई बताया जा रहा है तीनो मृतक बीएसएफ लद्दाग में पदस्थ महिला आईपीएस पीडी नित्या के परिवार के हैं फिलहाल मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है हादसे की सूचना पडोसियों ने आईपीएस अफसर को फोन पर दी।

चोरी का मैगनेटिक क्वाइल बरामद

भिलाई । भिलाई इस्पात संयंत्र के अंदर स्टोर नंबर 7 में रखे 32 लाख रुपए के मैगेनेटिक क्वाइल चोरी मामले में 12 नग मैगेनेटिक क्वाइल को पुलिस ने जोरातराई गेट के पास से बरामद कर - लिया है पुलिस इस मामले में आरोपियों की तहकीकात शुरु कर दी है भट्ठी टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि सुबीद कुमार डे भिलाई इस्पात संयंत्र में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 अक्टूबर से 3 नवंबर के अज्ञात व्यक्ति ने बोरिया गेट स्टोर नंबर 7 से 16 नग मैगेनेटिक क्वाइल गायब कर दिया है, जिसकी कीमत 32 लाख के आसपास है टीआई ने बताया कि बाहर से 23 अक्टूबर को मैगेनेटिक क्वाइल को मंगाया गया था। इसे भंडार गृह नंबर 8 में रखना था, लेकिन भारी होने के वजह से उसे उतारते नहीं बना तो क्रेन की मदद से उठाकर स्टोर नंबर 7 में रखना दिया गया टीआई ने बताया कि रात में गेट में ताला लगाकर सील कर देते हैं। ना ताला टूटा है इससे आशंका जताई जा बीएसपी में कर्मचारी की रही है कि मिलीभगत का परिणाम हो सकता है। फिलहाल 4 नग मैगेनेटिक क्वाइल आसपास में बरामद कर ली गई है। शेष 12 नग मैगेनेटिक क्वाइल चोरी हो गया था जोरातराई से 12 नग मैगेनेटिक क्वाइल बरामद कर लिया गया है इस मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही है ।

हादसे में किसान की मौत

भिलाई, 29 नवंबर। भिलाई नंदिनी थाना अंतर्गत ग्राम अरसनारा में हार्वेस्टर की चपेट में आने से किसान की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है पुलिस ने बताया कि किसान अपने खेत मे हार्वेस्टर मशीन की मदद से अपने खेत मे लगे धान को कटवा रहा था इसी बीच किसान हार्वेस्टर के पिछले पहिये में आ गया, जिससे किसान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पहचान राजेश उर्फ कालेन्द्र सुपंथक (55 साल) अरसनारा के रुप में की है इस मामले में पुलिस ने हार्वेस्टर को जब्त कर लिया है ।

ब्लास्ट फर्नेस विभाग के कार्मिकों की पत्नियों ने देखी भिलाई इस्पात संयंत्र की कार्य प्रणाली

भिलाई । भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में कार्यरत 21 कार्मिकों की पत्नियों को आप भी जानिए कार्यक्रम के अंतर्गत, अपने पतियों के कार्यस्थल के साथ-साथ भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभाग जैसे कि ब्लास्ट फर्नेस 8 (महामाया), रेल मिल, वॉयर रॉड मिल, एसएमएस-3 एवं प्लेट मिल का भ्रमण करवाया गया। आप भी जानिए कार्यक्रम कार्मिक विभाग के द्वारा परिवार जनों से अपनत्व एवं पारिवारिक रिश्ते के निर्माण की दिशा में तथा उन्हें संयंत्र से परिचय करवाने हेतु आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य, भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिकों के कार्यक्षेत्र, कार्य-प्रणाली एवं माहौल से उनके परिवार का परिचय कराना है।

नेहरू नगर चौक से सुपेला चौक तक सर्विस रोड पर बेदखली की कार्रवाई

भिलाई। राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनो ओर के सर्विस रोड में यातायात को सुगम बनाने बुधवार से होने वाले कार्रवाई के लिए आयुक्त द्वारा दल का गठन कर नेहरू नगर चौक से डबरापारा चौक तक निगम प्रशासन एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से बेदखली अभियान चलाये जाने हेतु आदेश जारी किए है। निगम आयुक्त रोहित व्यास द्वारा जारी आदेश में राजस्व अधिकारी प्रीति सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए कहा गया है कि जीई रोड के उत्तर एवं दक्षिण दिशा के सर्विस रोड पर व्यवसायिक प्रतिष्ठानो के पार्किंग स्थलों पर आटो डीलर व्यवसायियों द्वारा सेकेण्ड हैंड वाहनों को रख कर क्रय विक्रय किया जा रहा है, साथ ही सर्विस रोड पर ही सर्विसिंग सेंटर, वाहन मेकेनिक तथा कंडम वाहन को रखा गया है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है। वाहनों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए निगम प्रशासन तथा यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर वाहनों को हटाने तथा अवैध कब्जों पर बेदखली की कार्यवाही किया जाना है जिसके लिए गठित टीम में धीरज साहू, अंकित सक्सेना, जगदीश तिवारी, अनिल मिश्रा, अनिल मेश्राम, आर के तिवारी, बालकृष्ण नायडू, सुदामा परगनिहा, मलखान सोरी, व्ही.के. सैमुवल तथा हरिओम गुप्ता बेदखली दस्ता के साथ उपस्थित रहेंगे। गठित टीम 29 एवं 30 नवम्बर को प्रातः 10ः30 बजे से नेहरू नगर चौक से सुपेला चौक तक कोसा नगर टोल प्लाजा, उत्तर गंगोत्री, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला चौक से मौर्या टॉकिज चौक तक हनुमान मंदिर, कमला मेडिकल, कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी, शिवनाथ काम्प्लेक्स, व्यवसायिक क्षेत्र में कार्यवाही करेंगे। इसी प्रकार 6, 7 एवं 8 नवंबर को चंद्रा मोर्या टाकिज चौक से पावर हाउस चौक तक अन्नपूर्णा मार्केट, वीर सावरकर मार्केट, बसंत टॉकिज, विजय काम्प्लेक्स, भारत माता मार्केट, शिवनाथ विस्तार, व्यवसायिक क्षेत्र, पावर हाउस चौक से डबरापारा चौक तक दिनदयाल पूरम व्यवसायिक क्षेत्र, आरएसएस मार्केट, भारत माता मार्केट क्षेत्र में कार्यवाही किया जाएगा। गत दिनो निगम द्वारा इन क्षेत्रो के व्यापारियों की बैठक लेकर होने वाले कार्यवाही से अवगत करवाया गया था।

भिलाई विद्यालय में 75 वां एनसीसी दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया

भिलाई,29 नवंबर। भिलाई विद्यालय, सेक्टर 2 में 26 नवंबर को 75 वां एनसीसी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के प्राचार्य विजय सिंह पवार तथा विशिष्ट अतिथि सूबेदार अमरेश सिंह, हवलदार विजय पाटिल रहे। भूतपूर्व एनसीसी ऑफिसर जीपी एल साहू, परवेज अहमद,जी पी शर्मा विशेष,पीटीए के मेंबर एवं पत्रकार शमशीर सिवानी रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण पश्चात परेड का निरीक्षण किया गया और मार्च पास्ट की सलामी ली गई, साथ-साथ स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। पुष्प गुच्छ से सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि विजय सिंह पवार ने अपनी उद्बोधन में कहा कि जीतने वाले कोई अलग काम नहीं करते वह हर काम को अलग ढंग से करते हैं। एनसीसी हमें

अनुशासन सिखाती है और आगे बढने में मदद करती है। मनीषा मल्होत्रा और सतीश मिश्रा के मार्गदर्शन में छात्रों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया है। पूर्व एनसीसी ऑफिसर जीपी शर्मा ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी संदेश का वाचन पूर्व एनसीसी ऑफिसर परवेज अहमद के द्वारा एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। एनसीसी की क्रियाकलापों और उपलब्धियों का वार्षिक प्रतिवेदन एनसीसी ऑफिसर डॉ प्रवीण कुमार विश्वकर्मा के द्वारा प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत वंदना सोनवाने एवं यास्मीन के मार्गदर्शन में देशभक्ति से परिपूर्ण समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया है। सेक्शन अटैक डेमो का प्रदर्शन केतन टंडन के नेतृत्व में हवलदार विजय पाटिल 37 एनसीसी बटालियन दुर्ग के मार्गदर्शन में किया गया। एस के साहू के मार्गदर्शन में प्राथमिक उपचार का प्रदर्शन किया गया। सरजीत सोना को कैंप डिबेट एंड फायरिंग, वर्षा शर्मा को कैंप ड्राइंग एवं डांस, मोहम्मद अहमद को बेस्ट परेड, पायलटिंग ऑफ सेशन में कृतिका, प्रियंका, नेहा और दिव्या उपाध्याय को, प्लाटून कमांडर प्रिंस चौधरी, काजल सोनकर, अंकुश सोनकर, परेड कमांडर हितेश कुमार को एनसीसी की वर्षभर की क्रियाकलापों एवं उपलब्धियां हेतु मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के पूर्व एनसीसी अधिकारी जी पी शर्मा ने समस्त कैडेट्स और उपस्थित अतिथियों को एनसीसी की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की रोचक जानकारी से अवगत कराया। विद्यालय के अतिरिक्त वरिष्ठ व्याख्याता श्री सुरेंद्र कुमार खोबरागड़े ने कार्यक्रम संचालन किया। श्रीमती सरिता शाक्या द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का समापन एनसीसी गीत और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं बच्चों एवं सहायकों का सक्रिय और सतत सहयोग मिला।

निकंदनराज दरबार में देव दीपावली पर हजारों लोगों ने जलाए दीपक

भिलाई,29 नवंबर। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को सेक्टर-2 सड़क 24 स्थित सिद्ध श्री निकंदनराज दरबार में देव दीपावली पर्व का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय इस आयोजन की शुरुआत 26 नवंबर से हुई और 27 नवंबर को यहां देव दीपावली मनाई गई। सैकड़ों लोग इस पर्व में शामिल हुए और अपने अपने हिस्से के दीपक जलाए। देखते ही देखते हजारों दिए जले। आसपास का पूरा माहौल दीपमय हो गया। धार्मिक संस्थान की ओर इस देव दीपावली को काफी भव्य बनाया गया। सिद्ध श्री निकंदनराज दरबार के तत्वाधान में इस आयोजन में आसपास के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं से लेकर पुरुष व बच्चों ने इस आयोजन में हिस्सा लेकर इसे खास बना दिया। इस दौरान लड्डू महाराज ने संगीतमय प्रस्तुति देकर देव दीपावली में चार चांद

लगाए। कार्यक्रम की आयोजक शिवयोगी रीता पुरी गोस्वामी ने बताया कि हर वर्ष यह आयोजन किया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीपावली का यह 15वां वर्ष है। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय इस आयोजन की शुरुआत रविवार 26 नवंबर से हुई। पहले दिन रुद्राभिषेक व अखण्ड महामृत्युंजय यज्ञ किया गया। इस यज्ञ में 108 विवाहित जोड़ों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन की अगली कड़ी में 27 नवंबर सोमवार को देव दीपावली मनाई गई। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मिलकर हजारों दिए जलाए। देव दीपावली के साथ की विशाल भंडारा हुआ जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के तीसरे दिन मंगलवार की शाम को पूर्णाहुति दी जाएगी। आयोजक रीता पुरी गोस्वामी ने बताया कार्तिक पूर्णिमा में देव दीपावली का विशेष महत्व है। कार्तिक पूर्णिमा को देवताओं की दीपावली के रूप में मनाया जाता है। दीपावली मनाने के लिए इस दिन देवता काशी की पवित्रगंगा तट पर दीप प्रज्ज्वलित कर देव दीपावली मनाते हैं। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही भगवान शंकर ने त्रिपुरासुर नामक महा असुर का वध किया था। इसके कारण देवताओं ने दीप जलाकर भगवान शंकर जी आरती की थी। यह भी मान्यता है कि भगवान विष्णु देव उठनी एकादशी को निद्रा से जागे और कार्तिक पूर्णिमा को अपने लोक पहुंचे। उनके स्वागत में भी देवताओं ने दिए जलाए। इसी परंपरा का निर्वाह करते हुए सिद्ध श्री निकंदनराज दरबार के तत्वाधान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी देव दीपावली का आयोजन किया गया।

वोरा ने शिगणापुर में शनि मंदिर एवं शिरडी के सांई बाबा मंदिर में किए दर्शन

दुर्ग। विधायक अरुण वोरा ने सोमवार को शिरडी के सांई बाबा मंदिर में दर्शन किए और चुनाव में स्वयं की जीत के साथ ही प्रदेश में कांग्रेस की विजय की कामना की। वोरा ने दुर्ग शहरवासियों के कल्याण और सुख समृद्धि के साथ ही पूरे प्रदेश में लोगों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। वोरा ने महाराष्ट्र के अहमद नगर स्थित शिगणापुर के शनि मंदिर में भी शनिदेव के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। वोरा ने विधानसभा चुनाव में विजय के साथ सभी के कल्याण और सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान वोरा की धर्मपत्नी मंजू वोरा भी मौजूद रही। मान्यता है कि शिरडी के सांई बाबा मंदिर में आने वाले भक्तो की कामना पूरी होती है। इसी तरह महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में स्थित शिंगणापुर को शनिदेव का जन्म स्थान माना जाता है। यहां शनि देव की काले रंग की प्रतिमा स्वयंभू मानी जाती है। शनिदेव की प्रतिमा के ऊपर कोई छत नहीं है। खुले आसमान के नीचे शनि देव जी की प्रतिमा पत्थर के रुप में स्थापित है। मान्यता है कि यहां शनि देव जी की प्रतिमा के दर्शन मात्र से शनि दोष दूर हो जाता है।

मवेशीमुक्त शहर बनाने सड़क पर घूमने वाले मवेशियों को पकड़ रही निगम की टीम

भिलाई। घूमन्तू मवेशी मुक्त शहर बनाने के लिए निगम क्षेत्र अंतर्गत सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों को निगम की टीम अभियान चलाकर पकड़ रही है। कहीं भी झुंड में मवेशियों के बैठे होने की शिकायत पर टीम शीघ्रता से वहां पहुंचकर उन्हें पकडने का कार्य कर रही है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेशानुसार आवारा मवेशी मुक्त शहर बनाये जाने के निर्देश कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा ने दिये है। जिसके लिए निगम आयुक्त रोहित व्यास ने विशेष दल का गठन किया है जिसमें शामिल दल के कर्मचारी दो पाली में अभियान चलाकर 3 काऊकैचर वाहन के माध्यम से निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में घूम घूम कर मवेशियों को पकड़ रहे है साथ ही सभी प्रमुख बाजार में सुबह एवं शाम के समय फेरा लगा रहे है जिससे कि बाजार में आने वाले नागरिकों को आवारा मवेशियों की वजह से किसी प्रकार की परेशानी न हो। आयुक्त श्री व्यास के निर्देश पर नवम्बर माह में ही 223 घूमंतु मवेशियों को पकड़कर शहरी गौठान में रखा गया है, जहां पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा पानी एवं रहने के लिए शेड की व्यवस्था है। बता दें कि गौठान में बढ़ रहे पशुओ की संख्या को देखते हुए भिलाई निगम की सीमा जामुल परिक्षेत्र के पास एक नया गौठान का निर्माण किया जा रहा है साथ ही जनपद पंचायत से समन्वय स्थापित कर ग्रामीण गौठानो में भी जानवरो को रखे जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जा रहा है।

वायर रॉड मिल ने बनाया उत्पादन का नया रिकॉर्ड

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र की वायर रॉड मिल ने 6 एमएम आयाम में 1675 टन (1727 कॉइल) प्लेन वायर रॉड्स का उत्पादन कर एक नया रिकॉर्ड बनाया। मिल ने 29 जुलाई 2023 को दर्ज 1618 टन (1688 कॉइल) प्लेन वायर रॉड्स के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को पार करते हुए नया रिकॉर्ड बनाने में कामयाबी हासिल की। इस रिकॉर्ड को बनाने के 6 दिन पूर्व मिल ने टीएमटी वायर रॉड्स की रोलिंग में नया दैनिक रिकॉर्ड बनाया था। 19 नवंबर 2023 को डब्ल्यूआरएम ने 8 और 10 मिलीमीटर (मिमी) के सेक्शन में 1657 टन टीएमटी एफई 500 डी इक्यूआर वायर रॉड्स की रोलिंग कर, 10 अप्रैल 2023 के पिछले सर्वश्रेष्ठ 1632 टन के के रिकॉर्ड को पार किया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के पहले सात महीने अप्रैल से अक्टूबर 2023 की अवधि में वायर रॉड मिल ने पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में उत्पादन में 31.9 प्रतिषत की वृद्धि दर्ज की है। मिल ने अप्रैल से अक्टूबर 2023 की अवधि में 2,57,989 टन का उत्पादन दर्ज करते हुए, अप्रैल से अक्टूबर 2022 में स्थापित 1,95,655 टन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। प्लेन वायर रॉड्स के अतिरिक्त वायर रॉड मिल स्पेशल ग्रेड स्टील में उच्च जंगरोधी और भूकंपरोधी ग्रेड के टीएमटी वायर रॉड्स तथा इलेक्ट्रोड क्वालिटी (ईडब्ल्यूएनआर) आईएस-2879 का उत्पादन करती है।

प्राणघातक हमले के मामले में 7 वर्ष की सजा

महासमुंद। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार पाण्डेय ने प्राणघातक हमला के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी निवासी 24 वषीय डायमंड बरिहा पिता स्व. बुधराम बरिहा को भादंसं की धारा 307 के तहत 7 वर्ष और धारा 458 के तहत 5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई और 1-1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर 3-3 माह का कारावास भुगतना होगा। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेगी। अभियोजन के अनुसार 29 अक्टूबर 22 को शाम 4 बजे अर्जुनी निवासी खेमराज दुबे का पुत्र ज्ञानेश्वर दुबे अपने साथियों के साथ गांव के राधा-कृष्ण मंदिर गया था जहां शराब के नशे में डायमंड बरिहा पहुंचा और ज्ञानेश्वर से वाद-विवाद कर गाली-गलौच करने लगा। ज्ञानेश्वर ने अपने पिता खेमराज दुबे को घर में आकर जानकारी दी तब खेमराज दुबे अभियुक्त डायमंड को समझा रहा था उसी समय अभियुक्त ने खेमराज से अशील गाली-गलौच किया। इस पर अभियुक्त की मां वहां आकर बीच बचाव की। इसके बाद खेमराज अपने घर चला आया। रात्रि लगभग साढ़े 9 बजे खेमराज अपने घर में खाना खाकर सोने की तैयारी कर रहा था उसी समय हाथ में लोहे की टंगिया लेकर पहुंचा और हत्या के इरादे से खेमराज के सिर पर प्राणघातक वार कर दिया जिससे वह बेहोश हो गया और उसे उपचार के लिए पिथौरा ले जाया गया जहां से रायपुर रिफर किया गया। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया । अभियोजन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक भरत सिंह ठाकुर ने की।

डेंगू की रोकथाम के लिए सघन अभियान

दुर्ग 29 नवंबर । दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 28 नवंबर 2023 को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के प्रकरण निरंक है। वर्तमान में डेंगू एलिजा पॉजिटिव भर्ती मरीज की संख्या 01 है। डेंगू संभावित मरीज के निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है।

एक नजर

मतगणना स्थल के 100 मीटर परिधि के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को पैदल क्षेत्र किया गया घोषित

राजनांदगांव 29 नवम्बर । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत 3 दिसम्बर 2023 को मतगणना स्थल छत्तीसगढ़ वेयरहाऊसिंग कार्पोरेशन बसतंपुर राजनांदगांव के 100 मीटर परिधि के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को पैदल क्षेत्र घोषित किया है। इस क्षेत्र के अंतर्गत निर्वाचन संबंधी कार्यों में लगे वाहनों को छोड़कर सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

अग्रवाल परिवार ने अम्बेडकर अस्पताल में वाटर कूलर दान किया

रायपुर. 28 नवम्बर। साईं नगर रायपुर निवासी दीपेश अग्रवाल एवं उनकी बहन कृतिका अग्रवाल ने अपने पिता स्व. श्री दिनेश भाई अग्रवाल (गिरनार ट्रांसपोर्ट) की स्मृति में अम्बेडकर अस्पताल को एक नग वाटर कूलर दान में दिया। अस्पताल में वाटर कूलर को दान करने के लिए अस्पताल प्रबंधन की ओर से सहायक अधीक्षक डॉ. डी. के. टंडन ने अग्रवाल परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

आर्टिकल एसोशियेसन अध्यक्ष कुंवरदीप चुन गए

रायपुर, 29 नवम्बर। को होटल सेलीब्रेशन में रायपुर आर्टिकल एसोशियेसन का चुनाव सम्पन्न हुआ, जिसमें पूर्व अध्यक्ष स. कुंवरदीप सिंह अरोरा को पुनः निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री उमेश मयानी द्वारा की गयी साथ ही सचिव पद हेतु श्री विक्रान्त राठौर एवं कोषाध्यक्ष श्री अनमोल जैन को सर्वसम्मति से चुना गया.उपाध्यक्ष हेतु श्री जयरान हबलानी एवं सहसचिव पद के लिये अविनाश राठौर का निर्वाचन हुआ। अध्यक्ष स. कुवंर दीप सिंह द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यावाद करते हुए आभार प्रगट किया एवं व्यापारी एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया। अन्त में सचिव श्री विक्रान्त राठौर द्वारा पिछली कमेटी द्वारा किये गये कार्यों एवं आय-व्यया का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया. साथ ही आप्टीकल्स एसोशियेसन के सदस्यों के देहावसान पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भाव-भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इंदिरा नगर वार्ड नं-41 की पूर्व पार्षद शिवकली देवी गुप्ता का निधन

राजनांदगांव 29 नवंबर। भारत माता भवन बसंतपुर वार्ड 46 निवासी एवं इंदिरा नगर वार्ड क्र.41 की लोकप्रिय पूर्व पार्षद श्रीमती शिवकली देवी गुप्ता जी का आज 28 नवंबर मंगलवार को

अकाल्मिक देवलोक गमन हो गया।पूर्व पार्षद श्रीमती शिवकली देवी गुप्ता जी आज लगभग साढ़े पांच बजे के आस-पास अपने घर पर ही अंतिम सांसे ली।उनकी अंतिम यात्रा आज 29 नवंबर दिन बुधवार को दोपहर 2 बजे उनके निज निवास स्थान भारत माता भवन बसंतपुर वार्ड क्रमांक46 से निकाली जाएगी।पूर्व पार्षद श्रीमती शिवकली देवी गुप्ता जी का अंतिम संस्कार लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया जायेगा।वे अपने पीछे पुत्र ,बहू,एक पोता तीन पोती सहित भरा पुरा परिवार छोड़कर स्वर्ग सिधार गई हैं।गौरतलब हो कि अपने पार्षद कार्यकाल में उन्होंने इंदिरा नगर वार्ड के अधिनस्थ मोहारा बस्ती का सर्वांगीण विकास कार्य को अंजाम दिया गया था।आज भी मोहारा बस्ती वासी उनके विकास परक कार्यकाल को सम्मान के साथ याद करते हैं।

गाजी वकील को पितृ शोक

राजनांदगांव । नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता एंव समाजसेवी एच बी गाजी के पिता श्री हाजी डा के बी गाजी का 98 वर्ष की अवस्था में कल हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वे लंबे समय से पेंशनर एसोसियन छ.ग. के अध्यक्षता रहे। वे सुप्रसिद्ध पशु चिकित्सा अधिकारी होने के साथ ही अच्छे लेखक एक शायर भी थे। सेवानिवृत्ति के बाद वे समाज सेवा में सक्रिय थे। आज उनके शवयात्रा में बड़ी संख्या में विकिन्न वर्ग के नागरिक, राजनयिक समाज प्रमुख एक पेंशनर शामिल हुए और स्थानीय मठपारा स्थित कब्रिस्तान में उन्हें खाक सुपुर्द किया गया। उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक संगठनो ने अपनी श्रद्धांजली देकर उनकी सेवाओं, एक क्रियाकलापों का स्मरण किया।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना करें:कलेक्टर

मतगणना अधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ मतगणना कार्य संपादित करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 29 नवम्बर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह की उपस्थिति में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, माईक्रो आब्जर्वर, गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायक अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया के संबंध में प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि 3 दिसम्बर को जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन की मतगणना छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन गंज मंडी बसंतपुर राजनांदगांव में की जाएगी। मतगणना स्थल में मतगणना अधिकारियों-कर्मचारियों को सुबह 7 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतगणना का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। कलेक्टर ने मतगणना अधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ मतगणना कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं मतगणना अधिकारियों को मतगणना के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि मतगणना कार्य नियमानुसार एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

हो। उन्होंने कहा कि सबसे पहले डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस की गणना शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राउंड के बाद परिणामों की घोषणा की जाएगी।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स श्री कैलाश शर्मा एवं श्री दीपक ठाकुर द्वारा ईटीपीबीएस, डाकमत पत्र, ईवीएम एवं वीवीपैट की मतगणना के सबंध में आवश्यक नियमों एवं निर्देशों के बारे में बारीकी से जानकारी दी। उन्होने मतगणना की गोपनीयता को बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आवश्यक नियमों एवं निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईटीपीबीएस, डाकमत पत्रो एवं ईवीएम में दर्ज मतों की गणना के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। डाक मतपत्रों की गणना, ईवीएम में दर्ज मतों की गणना, मतगणना पूर्ण होने के पश्चात ईवीएम और निर्वाचन सामग्री को सील करना, परिणामों की घोषणा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मतगणना कार्य के साथ ही टेबुलेशन, ईवीएम एवं अन्य प्रपत्रों की सीलिंग के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना की बारीकियों को बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि डाकमत पत्रों के माध्यम से प्राप्त वोट की गणना पहले की जाएगी। ऐसे डाकमत पत्र जो रिजेक्ट किए जाएंगे उसे अलग से रखा जाएगा। ईटीपीबीएस के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान यह बताया गया कि सिलिंग कार्य महत्वपूर्ण है तथा रिटर्निंग ऑफिसर इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करेंगे। इस दौरान सभी अधिकारियों ने मतगणना कार्य के लिए प्रेक्टिकल करके देखा तथा मतगणना कार्य के दौरान आने वाली शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री गिरीश रामटेके, एसडीएम डोंगरगांव एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री अश्वन कुमार सहित सहायक रिटर्निंग अधिकारी सहित एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने दी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतगणना तैयारी की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा, 29 नवंबर । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनीत नंदनवार ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और अभ्यर्थियों की बैठक में मतगणना तैयारी की जानकारी दी। उन्होने बताया कि मतगणना संबंधी सभी आवश्यक तैयारी पूरी हो गयी है। मतगणना डाईट परिसर में होगी। रविवार 03 दिसंबर को ऑब्जर्वर और अभ्यर्थियों के समक्ष स्ट्रांग रूम खोली जायेगी। मतगणना कक्ष में मोबाइल प्रतिबंधित है। मतगणना केन्द्र में अभ्यर्थियों, अभ्यर्थियों के निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना अभिकर्ता को जारी प्रवेश प्राधिकार पत्र के आधार पर ही प्रवेश दिया जायेगा। मतगणना केन्द्र के मुख्य द्वार से मतगणना केन्द्र सभी को पैदल आना होगा। वाहनों की पार्किंग हेतु निर्धारित स्थान पर वाहन रखना होगा।

इसके साथ ही उन्होने आगे कहा कि मतगणना अभिकर्ता मतगणना स्थल में अनुशासन एवं शिष्टाचार बनाएं रखेंगे। मतगणना अभिकर्ता अपने टेबल में ही बैठेंगे और उन्हे इधर-उधर घूमने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता टेबल का निरीक्षण कर सकते है। अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता, गणना अभिकर्ता मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, कैलकुलेटर, पेन लाना प्रतिबंधित है और धूम्रपान, गुटखा पाउच पर प्रतिबंध रहेगा। रविवार 03 दिसंबर को समय प्रात: 6:30 से 7:00 बजे तक स्ट्रांग रूम खोला जाना है, तथा वीडियोग्राफी किया जाना है। जिसमें स्ट्रांग रूम खोलते

समय अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता उपस्थित रह सकते है। मतगणना स्थल में त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा के तहत 100 मीटर की दूरी में डाईट परिसर के प्रवेश द्वार तथा मतगणना स्थल प्रवेश द्वार पर व्यवस्था रहेगी। कलेक्टर ने बताया कि मतगणना सुबह 8:00 बजे शुरू होगी, सबसे पहले डाक मतपत्र की गिनती होगी। इसके बाद कंट्रोल यूनिट से मतगणना की जायेगी। मतगणना के लिए हरेक टेबल में गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक और माईक्रो आर्ब्जवर नियुक्त किये गये है। इस दौरान अभ्यर्थियों के मतगणना अभिकर्ता रहेंगे। मतगणना कक्ष में अभ्यर्थी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता एक समय में एक ही उपस्थित रह सकते है। उन्होने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और अभ्यर्थियों से मतगणना प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से निष्पादित करने हेतु सहयोग प्रदान करने की आग्रह किया। इसके साथ ही मास्टर ट्रेजर के द्वारा मतगणना संबंधी जानकारी विस्तारपूर्वक राजनैतिक दलों के अभिकर्ताओं को दिये गये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर श्री संजय कन्नौजे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्री हिमाचल साहू, रिटर्निंग ऑफिसर श्री शिवनाथ बघेल, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, डिप्टी कलेक्टर सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि और अभ्यर्थी मौजूद थे।

जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के नौवें चरण की शुरुआत

दंतेवाड़ा, 29 नवंबर । जिले में चल रहे मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत संचालनालय स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा निर्देशानुसार जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के नौवा चरण की शुरुआत आज से प्रारंभ हो गई है। जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य दल के द्वारा घर-घर जाकर मलेरिया की जांच की जाएगी। यह अभियान बस्तर संभाग के समस्त जिलों में चलाया जा रहा है। समुदाय में मलेरिया परजीवी को समूल नष्ट करने हेतु अभियान चलाकर मास स्क्रीनिंग गतिविधियां किया जाएगा। अभियान के दौरान धनात्मक पाए गए रोगियों को पूर्ण उपचार देने से मलेरिया परजीवी को नष्ट किया जा सकता है। इसके साथ-साथ उन क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों के द्वारा मच्छरदानी की नियमित उपयोग तथा लार्वा स्रोत नियंत्रण गतिविधियों के क्रियान्वयन से संबंधित क्षेत्र को मलेरिया मुक्त बनाया जा सकता है। इसके पूर्व भी जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के लगभग आठ चरण चलाए गए हैं। जिससे लगातार जिले में एपीआई का प्रतिशत गिरा है एवं मलेरिया के धनात्मक मरीजों में गिरावट आई हैं। उक्त लक्ष्य की प्राप्ति हेतु

ग्राम वार मलेरिया के धनात्मक प्रतिशत के अनुसार प्रतिवर्ष एक से दो बार मास स्क्रीनिंग गतिविधियां किया जाता है। जिसके अंतर्गत यह अभियान चलाया जा रहा है। जिले में लगभग 64 उप स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत 206 ग्राम के 216510 (2 लाख 16 हजार 5 सौ 10) लोगों की मलेरिया की जांच की जाएगी। इसके अतिरिक्त 34 अर्धसैनिक बलों के कैंप में भी मलेरिया की जांच की जाएगी, इसके लिए जिला स्तर से कुल 206 सर्वे दल का गठन किया गया है। जो घर-घर जाकर लोगों की मलेरिया की जांच करेंगी। अभियान के बेहतर क्रियान्वयन हेतु 22 सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है, जिनके द्वारा अभियान की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। इस क्रम में आज जिला स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायत कुपेर से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक के द्वारा ग्राम पंचायत कुपेर को मलेरिया मुक्त मनाने हेतु संकल्प दिलाया गया साथ ही साथ अपने एवं अपने घर वालों की मलेरिया की जांच अनिवार्य रूप से करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस मंडल एपिडेमियोलॉजी डॉ सीमा तिग्गा मीडिया अधिकारी अंकित सिंह विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक जीवन नाग खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी बीएस नेताम, मलेरिया सलाहकार प्रदीप पाल, भूपेंद्र साहू, आर बी मरकाम, अर्चना हालदार एवं ग्राम पंचायत कुपेर के समस्त मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थे।

न्याय की प्रतीक्षा में अंश खंडेलवाल

■ न्याय मिलने में हुआ विलंब बहुत बड़ा अन्याय है

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 29 नवंबर। किसी ने अपने जीवन में 21 वर्षीय युवक को शहरी सीमा के करीब झाड़ियों में जाकर स्वयं को आग लगाकर खुदकुशी करते हुए देखा है जवाब मिलेगा नहीं कभी नहीं उसके बाद मुख्य मार्ग से लगभग 300 मीटर की दूरी में शव का मिलना उसमें भी 6 दिन लग जाना पुलिसिया सर्चिंग की घोर लापरवाही डॉग स्क्वाड एवं आधुनिक समय में इतने संसाधनों के बाद 6 दिन कैसे लग गए??

अंश के मोबाइल के साथ घर से निकल कर पनेका-फरहद मार्ग पर उस समय एक्टिव मोबाइल नंबरों की जानकारी को आधार मानकर जांच की शुरुआत होती है उस समय कौन-कौन से मोबाइल नंबर वहां एक्टिव थे। इसकी जानकारी सर्विलांस पर डालकर पुलिस ने निकाली? इस पूरे प्रकरण में शरीर का अधजला अवस्था में मिला,साबूत रूप से न मिलना एवं फॉरेंसिक जांच की रिपोर्ट अभी तक अप्राप्त होना कई शंकाओं को जन्म देता है।

सूत्रों का कहना है कि पुलिस प्रथम दृष्टया आत्महत्या मान रही है। वहीं परिजन खुदकुशी जैसा घातक कदम उठाने से इनकार कर रहे हैं। पुलिस पर जल्द ही मौत की स्थिति का खुलासा करने का दबाव बढ़ाना आवश्यक हो गया है जागरूक समाज की एकता के बिना बेटे अंश को न्याय नहीं मिल सकता। आप सभी का सहयोग एवं मार्गदर्शन अपेक्षित है । आज इस परिवार के साथ हुआ है इस बेटे के साथ हुआ है कल किसी और के साथ ऐसी घटना ना घटे।

इस मामले में परिवार के लोग सहित सर्वसमाज में आक्रोश है कि अब तक पुलिस ने इस मामले में कोई क्यों खुलासा नहीं किया है जिसे लेकर अति शीघ्र आंदोलन करने की तैयारी की जा रही है आप सभी से साग्रह निवेदन सहयोग करें।

भाजपा चुनाव में मिली हार का ठीकरा मोदी पर मढ़ने से बचने के लिए बहाना तैयार कर रही

रायपुर, 29 नवंबर। भाजपा द्वारा ट्रेजरी में रखे पोस्टल बैलट को स्ट्रांग रूम में रखने की मांग को हास्यपद बताते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मतदान के पश्चात मिले रुझानों से स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस बड़ी बहुमत के साथ फिर सरकार बनाने जा रही है। 7 नवंबर और 17 नवंबर के मतदान के पश्चात आज भाजपा को पोस्टल बैलट पेपर कहां रखी हुई है इसकी याद आ रही है इसका मुख्य कारण भाजपा को चुनाव में करारी हार के मिले संकेत हैं। कई जगह बीजेपी के प्रत्याशी अपनी जमानत बचा ले बड़ी बात होगी। भाजपा के सभी बड़े नेता अपने विधानसभा क्षेत्र में चुनाव हार रहे हैं। भाजपा करारी शिकस्त की ओर आगे बढ़ रही है। भाजपा विधानसभा चुनाव में मिली हार का ठीकरा मोदी पर मढ़ने से बचने के लिए रोज नया बहाने तैयार करती है और एक नई कहानी गढ़ती है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का चेहरा सरकार के काम और कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भरोसा की। जनता ने भाजपा के अनुनय विनय निवेदन और षड्यंत्र को खारिज कर दिया। छत्तीसगढ़ में भाजपा की घोषणा पत्र और मोदी की गारंटी दोनों फेल हो गई। भाजपा से जुड़े लोग भी कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भरोसा किया। कांग्रेस ने 5 वर्षों में जनता से किये वादों को पूरा करके जो भरोसा हासिल की है। वह भरोसा अब भी बरकरार है और आगे भी बरकरार रहेगा।

राज्यपाल से छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अध्यक्ष ने की सौजन्य भेंट

रायपुर, 29 नवंबर। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकट संघ के अध्यक्ष श्री जुबिन शाह और श्री प्रभतेज भाटिया ने सौजन्य भेंट की साथ ही उन्होंने 1 दिसंबर 2023 को शहीद वीर नारायण सिंह क्रिकेट स्टेडियम नया रायपुर में भारत और ऑस्टेलिया के बीच होने वाले टी-20 क्रिकेट मैच के लिए राज्यपाल को आमंत्रित किया।

झूठे घोषणा पत्र पर माफी मांगे छत्तीसगढ़ के भाजपाई

रायपुर 29 नवंबर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा है कि धान और किसान भारतीय जनता पार्टी के लिए केवल चुनावी लिहाज से ही जरूरी है। जब-जब अवसर आया भाजपा ने किसानों से केवल छल ही किया है। 15 साल रमन राज के कुशासन में बोनस के नाम पर किसानों को ठगने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेता, मोदी की गारंटी के नाम पर इस बार 3100 रुपया प्रति क्विंटल धान का समर्थन मूल्य देने का वादा अपने तथा कथित वचन पत्र में किए हैं। नरेंद्र मोदी तो पूरे देश के प्रधानमंत्री हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और वर्तमान में बनारस से सांसद हैं, फिर वहां के किसानों को क्यों अपना धान 1200 से 1400 रुपया प्रति क्विंटल के दर पर बेचना पड़ रहा है? मोदी जी पूरे देश के प्रधानमंत्री है और केंद्र में उनकी सरकार है, यदि साहस है तो धान का एमएसपी 3100 रुपया प्रति क्विंटल घोषित करें, जिसका लाभ पूरे देश के किसानों को मिलेगा। अन्यथा भारतीय जनता पार्टी के नेता केवल चुनावी लाभ के लिए बोले गए अपने झूठ, राजनीतिक पाखंड और जुमलेबाजी के लिए छत्तीसगढ़ के किसानों से माफी मांगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार देश की पहली और इकलौती सरकार है, जिसने लगातार किसान विरोधी निर्णय थोपे हैं। किसानों और राज्यों के आर्थिक हितों के खिलाफ केंद्रीय पूल में खरीदे जाने वाले चावल में लिमिट की बाध्यता लगाई है। उसना-अरवा का अड़ंगा लगाकर व्यवधान उत्पन्न किए। चावल के निर्यात पर 10-10 प्रतिशत तक सेंट्रल एक्साइज थोपा है, यही नहीं कनकी के निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जिसके चलते मंडियों और खुले बाजार में धान बेचने वाले किसानों को भयंकर नुकसान उठाना पड़ा है। केंद्र की मोदी सरकार ने 2014 में देश के किसानों से वादा किया था स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिश के अनुसार सी-2 फार्मूले पर 50 प्रतिशत लाभ के आधार पर एसपी तय करेंगे, 2022 तक किसानों की आय दुगनी होगी, किया ऊल्टे मोदी निर्मित महंगाई के चलते कृषि की लागत 3 गुना हो गई। किसानों से एमएसपी की कानूनी गारंटी का वादा भी देश के प्रधानमंत्री मोदी ने ही किया था वह भी जुमला हो गया। असलियत यही है कि केंद्र की मोदी सरकार को केवल अपने पूंजीपति मित्रों के द्वारा बनाए गए बड़े बड़े सायलो में रखें अनाज की चिंता है, पूंजीपति मित्रों के मुनाफे की चिंता है न कि किसानों की।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा है कि भूपेश सरकार ने किसानों से किया हर वादा निभाया है। न केवल कर्जमाफी बल्कि सिंचाई कर्ज भी माफ हुआ है। किसानों को ब्याज मुक्त ऋण की व्यवस्था भी सतत लागू हैं। विगत 5 वर्षों में भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ के किसानों को 12000 करोड़ से अधिक की कृषि पंपों पर बिजली की सब्सिडी दी है। कांग्रेस सरकार ने किसानों का भरोसा कमाया है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना की राशि को मिलाकर पूरे देश में धान का सर्वाधिक कीमत छत्तीसगढ़ के किसानों ने पाया है। 20 क्विंटल प्रति एकड़ की खरीदी का वादा भी भूपेश सरकार ने 1 नवंबर 2023 से लागू कर दिया है। 20 क्विंटल प्रति एकड़ या अधिक धान उत्पादक किसानों को तस्कर और कोचिया कहने वाले भाजपाई केवल चुनावी लाभ के लिए 21 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी का वादा किए। छत्तीसगढ़ के किसानों ने कांग्रेस के वादे पर भरोसा किया है। भाजपा का किसान हितैषी होने का ढोंग केवल चुनावी है। छत्तीसगढ़ के अन्नदाता केंद्र की मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को चुनावी झूठ और जुमलों के लिए कभी माफ नहीं करेंगे।

एक से अधिक कंट्रोल यूनिट होने की स्थिति में दोनों मशीनों की गणना उसी राउंड में एक ही टेबल पर होगी

आरओ-एआरओ मतगणना पर्यवेक्षक व सहायकों को दिया गया मतगणना का प्रशिक्षण

रायपुर 29 नवंबर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए मतगणना 03 दिसंबर को सेजबहार स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में सुबह 08 बजे से किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी के कला संकाय कक्ष में आज मतगणना के लिए नियुक्त मतगणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायकों को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि मतगणना के समय सावधानीपूर्वक कंट्रोल यूनिट में प्रदर्शित रिजल्ट प्रत्याशियों अभिकर्ताओं, गणना सहायकों को दिखाये। गणना सहायक ईव्हीएम में प्रदर्शित परिणाम को क्रमांकवार प्राप्त 17 सी के भाग दो में सावधानीपूर्वक भरेंगे। गणना सहायकों को निर्देशित किया गया कि वे परिणाम को सही एवं सावधानीपूर्वक प्रपत्र में भरेंगे। उन्हें अपने निर्धारित टेबल पर ही रहने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे और जिला पंचायत सीईओ श्री अबिनाश मिश्रा उपस्थित थे। मास्टर ट्रेनर्स

डॉ अजीत हुंडेए एवं श्री राकेश डेढगवे ने बैलेट यूनिट से मतगणना करने की बारीकियों से लेकर आवश्यक प्रपत्र भरने तथा किसी प्रकार की त्रुटियां सामने आने पर उसके समाधान में आवश्यक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक टेबल में तीन कर्मचारी मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक, तथा माइक्रो ऑब्जर्वर होंगे। सर्वप्रथम डाक मतपत्रों की गिनती होगी। उसके पश्चात ईव्हीएम से प्राप्त वोटों की गिनती रिटर्निंग अधिकारियों की घोषणा उपरांत प्रारंभ की जायेगी। सर्वप्रथम टेबल में कंट्रोल यूनिट लाया जायेगा तथा मतपत्र लेखा भाग-दो अलग से दो प्रतियों में दिया जाएगा। उसके पश्चात कंट्रोल यूनिट में लगे सील की जांच कर उसे खोलेंगे। इसके पश्चात टोटल बटन दबायेंगे। ईवीएम में प्रदर्शित टोटल मतदान को मतपत्र भाग-1 से मिलान किया जाएगा। तत्पश्चात रिजल्ट का बटन दबाया जाएगा। ईवीएम में प्रदर्शित परिणाम को टेबल पर उपस्थित अभिकर्ता को दिखाया जाएगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि डाकमत पत्र की गणना प्रारंभ होने के 30 मिनट बाद मशीन से गणना की शुरुआत की जा सकती है। प्रत्येक राउंड में सभी 14 टेबल पर क्रमशः मतदान केंद्र क्रमांक 1 से शुरू करते हुए मशीन लाई जाएगी। यह भी बताया गया कि यहां मशीन से तात्पर्य केवल कंट्रोल यूनिट से है गणना कक्ष में बैलट यूनिट नहीं लाया जाए। प्रत्येक टेबल पर चेक लिस्ट के रूप में हर राउंड में मिलने वाले मशीनों के केंद्र क्रमांक पहले से लिखकर रख गए होंगे स्वयं को मिलने वाली मशीनों का मिलान इस चेकलिस्ट से कर ले।

प्रशिक्षकों ने बताया कि यदि किसी मतदान केंद्र पर किन्हीं कारणों से एक से अधिक कंट्रोल यूनिट का उपयोग किया गया है तो उन दोनों मशीनों की गणना उसी राउंड में एक ही टेबल पर की जाएगी। सहायक मतदान केन्द्रों को स्वतंत्र मतदान केन्द्र मानते हुए अलग टेबल आबंटित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक राउंड में मिली मशीनों की जांच कर उसके सही होने की पुष्टि करें। कुछ स्थानों पर मशीन बदली गई होंगी तो, समानता तैयार सूची में इन केंद्रो की मशीन क्रमांक बदले जाएंगे। फिर भी किसी अंतर की स्थिति में मतपत्र में लिखा दर्ज मशीन का विवरण अंतिम होगा। उन्होंने बताया कि कंट्रोल यूनिट अपने केयरिंग केस में रखी होगी। जिस पर एड्रेस टैग होगा इसके अलावा कंट्रोल यूनिट पर एड्रेस टैग हरी पत्र मुद्रा और स्पेशल टैग की सील भी होगी। ईवीएम से गणना शुरू होने के पश्चात उसके प्रविष्टी मतपत्र लेखा का भाग-2 में की जाएगी। यह दो कार्बन प्रति में तैयार होगी।

संपादकीय

वीपी सिंह की याद आई तो क्यों?

देश की राजनीति में वीपी सिंह ऐसे राष्ट्रीय नेता हैं जिन्हें सभी दलों के नेताओं ने भूला दिया था। उनकी जयंती व पुण्यतिथि पर उनको किसी दल का नेता याद नहीं करता है। इसकी वजह यह मानी जाती है कि वीपी सिंह ने अपनी मंडल की राजनीति से देश के अगड़ों को बहुत नाराज कर दिया था। सारे राजनीतिक यह मानते रहे हैं कि वीपी सिंह का नाम लेने का मतलब है कि देश व राज्य के अगड़ों को नाराज करना। चुनाव में अगड़ों की भूमिका अभी भी अहम है, इसलिए कोई भी राजनीतिक दल अगड़ों को नाराज नहीं करना चाहता है। वीपी सिंह ने पिछड़ो की राजनीतजरूर की लेकिन वह कभी पिछड़ों के नेता नहीं माने गए। उनकी जगह लालू यादव, मुलायम यादव, नीतीश कुमार पिछड़ों के नेता माने गए और इन लोगों ने पिछड़ों की राजनीति कर कई दशक सत्ता सुख भी भोगा है। अब स्टालिन व अखिलेश पिछड़ों के युवा नेता बनना चाहते हैं। मुलायम सिंह तो नहीं रहे, लालू यादव व नीतीश कुमार अपने जीवन के अंतिम चरण में है। ऐसे में स्टालिन व अखिलेश यादव जैसे नेता के सामने अवसर है कि वह खुद को पिछड़ों के नेता के रूप में पेश करें। वह पिछड़ों की राजनीति करते हैं लेकिन वह पिछड़ों के नेता नहीं जाते हैं। उन्हें इसके लिए पिछड़ों के लिए ऐतिहासिक काम करने वाले नेता की जरूरत थी। तो वीपी सिंह की याद स्टालिन को याद आई। स्टालिन दक्षिण भारत के नेता है, उन्हें अपने काम के लिए एक उत्तर भारत के नेता की जरूरत थी ताकि दोनों मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर पिछड़ों का नेतृत्व कर सकें। इसका इंडी एलांयस पर क्या असर पड़ेगा। स्वाभाविक है कि इंडी अलायंस में नेतृत्व को लेकर संघर्ष बढ़ेगा। भाजपा के हराने के नाम पर एक तीसरा मोर्चा भी बन सकता है। क्या यह राहुल गांधी के विपक्ष में बढ़ते प्रभाव को कम करने का प्रयास है तो यह हो सकता है। क्योंकि कांग्रेस तो पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के रिजल्ट का इंतजार कर रही है। जैसे पांच राज्यों के रिजल्ट आएंगे तो कांग्रेस अपना अगला कदम उसके हिसाब से तय करेगी। यदि कांग्रेस दो राज्य छत्तीसगढ़ व राजस्थान बचा लेती है और मप्र जीत जाती है तो वह इंडी अलायंस के नेतृत्व का दावा करेगी। वह चाहेगी कि इंडी अलायंस का नेता राहुल गांधी को बनाया जाए, वही अब तक पीएम मोदी को हर चुनाव में टक्कर देते आए हैं, वही पीएम मोदी को टक्कर दे सकते हैं।विपक्ष के अखिलेश यादव व स्टालिन जैसे नेता जानते हैं कि यदि एक बार उन्होंने राहुल गांधी का नेतृत्व स्वीकार कर लिया तो फिर उनके विपक्ष का नेता बनने का मौका कई बरसों के लिए खत्म हो जाएगा। कांग्रेस भी अब तक राहुल गांधी का विपक्ष के नेता के रूप में थोपने से बच रही है क्योंकि वह जनता है कि विपक्ष के कई नेता राहुल गांधी के विपक्ष के नेता के रूप में स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। कई नेता तो खुद को राहुल गांधी से बेहतर नेता मानते हैं। क्योंकि वह कम से कम राज्यों में ्पनी पार्टी को कई चुनाव जिता चुके हैं। इस आधार पर राहुल गांधी उनके सामने कहीं नहीं टिकते हैं। इसलिए कांग्रेस चुनाव जिताऊ नेता की जगह कांग्रेस जैसी बड़ी पार्टी के नेता के रूप में राहुल गांधी को विपक्ष का नेता बनाना चाहती है। वीपी सिंह को पिछड़ों के हीरों के रूप में विपक्ष के नेता पसंद नहीं करेंगे। खास कर कांग्रेस के नेता व गांधी परिवार। गांधी परिवार तो वीपी सिंह को इसलिए भी पसंद नहीं करेगा कि उन्होंने राजीव गांधी के खिलाफ बगावत की थी। कांग्रेस को हराया था। गांधी परिवार ऐसे किसी नेता को कभी पसंद नहीं करता है जिसने गांधी परिवार के खिलाफ बगावत की हो, परिवार को चुनौती दी हो। चाहे वह नरसिम्हा राव हो या वीपी सिंह। स्टालिन व अखिलेश ने ऐसा दांव चला है जिसका न कांग्रेस विरोध कर सकती है और न ही समर्थन कर सकती है।

घरों में पुरुष पर होने वाली हिंसा की चिंता

चर्चित मुद्दा
ललित गर्ग

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक देश में पुरुषों की आत्महत्या की दर महिलाओं की तुलना में दो गुने से भी ज्यादा है। इसके पीछे तमाम कारणों में पुरुषों का घरेलू हिंसा का शिकार होना भी बताया जाता है, जिसकी शिकायत वो किसी फोरम पर कर भी नहीं पाते हैं। साल 2020 में लॉकडाउन के दौरान सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन की ओर से टेलीफोनिक सर्वे किया गया।

नये बन रहे समाज एवं पारिवारिक माहौल में अब महिलाएं ही नहीं, पुरुष भी हिंसा के शिकार हो रहे हैं, इसका ताजा उदाहरण है पुणे में रहने वाले एक संभ्रांत परिवार की महिला के घूंसे ने शनिवार को पुरुष की जान ले लेने का मामला। मामला घरेलू विवाद का था, लेकिन हिंसा के चरम पर पहुंचा और एक पत्नी के द्वारा पति की जान ले ली गयी। महिला के घूंसे ने परिवार एवं समाज में पनप रही नयी तरह की हिंसा को उजागर किया है। इस घटना ने अनेक प्रश्न खड़े कर दिये हैं। अब घरेलू हिंसा में पुरुष भी महिलाओं के शिकार होने लगे हैं। लेकिन विडम्बना यह है कि पुरुषों के लिये महिलाओं की तरह घरेलू हिंसा के खिलाफ कोई कानून नहीं हैं। घरेलू हिंसा कानून की धारा 2(अ) के तहत परिवार के किसी पुरुष सदस्य, विशेष रूप से पति को कोई संरक्षण नहीं है। मद्रास उच्च न्यायालय यह मान चुका है कि पति के

पास पत्नी के खिलाफ शिकायत करने के लिए घरेलू हिंसा जैसा कोई कानून नहीं है।

निश्चित ही घर की चार दिवारी में महिलाएं ही नहीं, पुरुष भी हिंसा, उत्पीड़न एवं उपेक्षा के शिकार होते हैं। बढ़ती इन घटनाओं के मामले निश्चित तौर पर अदालत के समक्ष फैसले के लिए आएंगे। क्या न्याय की चौखट पर पुरुषों को समुचित न्याय मिल पायेगा? क्योंकि अभी तक ऐसे कानूनों में महिलाओं का ही पक्ष उजागर होता रहा है। जब पुरुष पर होने वाले अत्याचार के लिये कानून में संरक्षण की जगह नहीं है, तो हिंसा के इन सभी स्तरों के पार होने पर उचित न्याय के लिये भारतीय दंड विधान में उचित कानूनी प्रावधानों एवं पुरुष संरक्षण की अपेक्षा महसूस की जायेगी। इसलिये अब ऐसे पूरे मामले पर घरेलू हिंसा के प्रकारों पर गंभीर चर्चा आवश्यक हो गई है। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं। 'सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन' और 'माई नेशन' नाम की गैर सरकारी संस्थाओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि भारत में नब्बे फीसद से ज्यादा पति तीन साल के गृहस्थ जीवन में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा का सामना कर चुके होते हैं। इस रिपोर्ट में यह भी बात सामने आयी है पुरुषों ने जब इस तरह की शिकायतें पुलिस में या फिर किसी अन्य प्लेटफॉर्म पर करनी चाही तो लोगों ने इस पर विश्वास नहीं किया और शिकायत करने वाले पुरुषों को हंसी का पात्र बना दिया गया। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के बीते साल सामने आए आंकड़े कहते हैं कि 18 से 49 साल की उम्र की 10 फीसदी महिलाएं कभी-न-कभी अपने पति पर हाथ उठाती हैं, वो भी तब जब उनके पति ने उन पर कोई हिंसा नहीं की। इन अत्याचारों एवं हिंसा को लेकर भारतीय में आपराधिक मामलों में कार्रवाई संभव है, इसके अलावा हिंदू मैरिज एक्ट से मुकदमा चलाया जा सकता है। लेकिन इससे पुरुषों को बहुत अधिक कानूनी संरक्षण नहीं मिल पाता है। वर्तमान दौर में काफी मामलों में परिवारों का बिखरना घरेलू हिंसा का परिणाम माना जाता है। घर की आर्थिक जरूरतें, स्वच्छंद जीवनशैली एवं भौतिकतावादी सोच के कारण पति-पत्नी के बीच तनाव अनेक शक्ल में उभरने लगा है जो हिंसा तक पहुंच जाता है। संभव है कि पुणे की घटना भी ऐसे ही किसी छोटे मामले का क्रूर एवं हिंसक निष्पत्ति हो। छोटे मामले तो हर घर की कहानी बनने लगे हैं, लेकिन ऐसे मामले तब ही प्रकाश में आते हैं, जब कोई बड़ी घटना-दुर्घटना होती है। ऐसे में संयम, समझ, विवेक, समझौता और सीमाओं की समाज में चर्चा और आवश्यक हो चली है, आकांक्षा-महत्वाकांक्षा अनंत हो सकती हैं, किंतु उन पर नियंत्रण ही शांति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। दुर्भाग्य से यह समाज में गौण हो चला है और उसके घातक परिणाम सामने आ रहे हैं, जिस पर गहन चिंतन-मनन आवश्यक है। यह हिंसा का दौर परिवार की अवधारणा को न केवल बदल रहा है, बल्कि परिवारूपी संस्था के अस्तित्व को ही नष्ट करने पर तुला है। हरियाणा में हिसार के रहने वाले एक शख्स का वजन शादी के बाद कथित तौर पर पत्नी के अत्याचार की वजह से 21 किलो घट गया। इसी के आधार पर उसे हाईकोर्ट से तलाक की मंजूरी मिल गई। ऐसे मामले बढ़े हैं। बहुत से लोगों के लिए ये सोचना भी अविश्वसनीय है कि पुरुषों के साथ हिंसा होती है। वजह ये है कि पुरुषों को हमेशा से मजबूत और ताकतवर माना जाता रहा। साल 2019 में 'इंडियन जर्नल ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन' की रिसर्च के अनुसार हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में 21-49 वर्ष की उम्र के एक हजार विवाहित पुरुषों में से 52.4 फीसद ने जेंडर आधारित हिंसा का अनुभव किया। इन आंकड़ों को देख लगता है कि जब संविधान लिंग, जाति और धर्म के आधार पर किसी तरह का फर्क स्वीकार नहीं करता, तो क्यों घरेलू हिंसा से सुरक्षा अधिनियम पुरुष को सुरक्षा नहीं देता? जबकि विकसित देशों में जेंडरलेस कानून वहां के पुरुषों को न केवल महिलाओं की तरह घरेलू हिंसा से प्रोटेक्शन देता है, बल्कि इस बात को भी स्वीकार करता है कि पुरुष भी प्रताड़ित होते हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, देश में पुरुषों की आत्महत्या की दर महिलाओं की तुलना में दो गुने से भी ज्यादा है। इसके पीछे तमाम कारणों में पुरुषों का घरेलू हिंसा का शिकार होना भी बताया जाता है, जिसकी शिकायत वो किसी फोरम पर कर भी नहीं पाते हैं। साल 2020 में लॉकडाउन के दौरान सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन की ओर से टेलीफोनिक सर्वे किया गया। इस दौरान इंदौर की पौरुष संस्था और राष्ट्रीय पुरुष आयोग समन्वय समिति दिल्ली को भी पुरुष हेल्पलाइन पर कई शिकायतें मिली। इसमें पाया गया कि लॉकडाउन के दिनों में पत्नियों द्वारा अपने पतियों को प्रताड़ित करने के मामलों में 36 फीसदी की बढ़ोतरी हुई क्योंकि कई पुरुष काम छोड़कर घर पर बैठ गए, या फिर ऑफिस बंद होने से वर्क फॉम होम करने लगे। ऐसे में वे पत्नियों के रवैये से डिप्रेशन में रहने लगे। इन हालातों में दुनिया में अब महिला दिवस की भांति पुरुष दिवस प्रभावी रूप में बनाये जाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। अब पुरुष भी अपने शोषण एवं उत्पीड़ित होने की बात उठा रहे हैं। महिलाओं की तुलना में पुरुषों पर अधिक उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय की घटनाएं पनपने की भी बात की जा रही है। समाज रूपी गाड़ी को सही से चलाने के लिए यह बेहद जरूरी है कि महिलाएं पुरुषों का विरोधी होने के बजाय सहयोगी बने। कुछ वर्ष पूर्व भारत में सक्रिय अखिल भारतीय पुरुष एशोसिएशन ने भारत सरकार से एक खास मांग की कि महिला विकास मंत्रालय की भांति पुरुष विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाये। इसी तरह यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। प्रश्न है कि आखिर पुरुष इस तरह की अपेक्षाएं क्यों महसूस कर रहे हैं? लगता है पुरुष अब अपने ऊपर आघातों एवं उपेक्षाओं से निजात चाहता है, तरह-तरह के कानूनों ने उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाया है।

आज का राशिफल

मेष राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है, आज आप जो भी काम शुरू करेंगे उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी। जो लोग सरकारी नौकरी से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहने वाला है। लंबे समय से प्रमोशन में अा रही रुकावट आज दूर होगी। जिनकी जॉब अभी नई-नई शुरू हुई है, उनको ऑफिस में कलीग का सहयोग मिलेगा।

वृष राशि:आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, खासकर आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे भी आपसे खुश रहेंगे। आज आप किसी नये बिजनेस को शुरू करने का विचार कर सकते हैं। आज किसी भी कार्य में सफलता आपके हाथ जरूर लगेगी। आज तरक्की के किसी भी अवसर को अपने हाथ से ना जाने दें, कोई भी छोटा चांस आपको मालामाल बना सकता है।

मिथुन राशि:आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज आपकी मेहनत के मुताबिक ही आपको फल मिलेगा, इसलिए मेहनत जारी रखे। प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए दोगुनी मेहनत करने का दिन है। एक निर्धारित टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करेंगे तो आपकी सफलता के चांस बढ़ जाएंगे। जिन लोगों की जल्द ही शादी हुई है, वे आज एक दूसरे को अच्छे से समझेंगे।

कर्क राशि:आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहने वाला है। आज आपको आय के नए-नए स्त्रोत मिलेंगे, जिससे आपको अच्छी इनकम होगी। आज ऑफिस में किसी सीनियर का सहयोग मिलने से काम में आसानी होगी। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता आयेगी। जॉगिंग पर जाने से दिनभर खुद को तरोताजा महसूस करेंगे।

सिंह राशि:आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले उस क्षेत्र से जुड़े लोगों की राय जरूर ले लें। आज आपके व्यापार की गति अच्छी बनी रहेगी। आज आपको आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत है, बदलते मौसम का असर हो सकता है। आज आपको ऑफिस के काम में किसी सहकर्मी का सहयोग मिलेगा। दांपत्य जीवन में अच्छा ताल मेल बना रहेगा। बच्चों का मन पढ़ाई में लगेगा, कोई जरुरत का समान खरीदने के लिए कह सकते हैं।

कन्या राशि:आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आप कोई ऐसी चीज हासिल कर पायेंगे, जिसकी आपको बहुत कम उम्मीद थी। आज आपके मन में नए-नए क्रिएटिव आइडियाज आयेंगे, जिनका आप बखूबी इस्तेमाल भी करेंगे। ऑफिस में हर कोई आपके काम से खुश रहेगा। आपके जुनियर भी आपसे काम सिखने आएंगे। आज आप परिवार के साथ किसी दार्शनिक स्थल पर घूमने जा सकते है।

तुला राशि:आज आपका दिन पहले से बेहतर रहेगा। आज किसी पर भी तुरंत भरोसा ना करें, ये आपके लिये थोड़ा परेशानी भरा हो सकता है। बिजनेस में लेन-देन का ख्याल रखें, कोई भी बड़ी डील करने से पहले सब कुछ अच्छे से जांच परख कर लें। जो महिलाए गृह उद्योग शुरू करना चाहती हैं, उनको परिवार से पूरा सहयोग मिलेगा। आज माता के स्वास्थ्य के प्रति आपको थोड़ा सतर्क रहना चाहिए।

वृश्चिक राशि:आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपके घर पर कोई रिश्तेदार आ सकते है, घर में अच्छा माहौल बना रहेगा। अगर मन में कोई बात आपको परेशान कर रही है, तो अपने दोस्तों से इस बारे में बात करें, आपको अच्छा सलूशन मिल सकता है। एजुकेशन सेक्टर में काम कर रहे लोगों को आज अच्छा फायदा होगा। आज आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा, आपकी एक गलत बात आपके कार्यों में रूकावट डाल सकती है।

धनु राशि:आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी धार्मिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष काम का हिस्सा बन सकते हैं। कई दिनों से रुका हुआ पैसा आज आपको वापस मिल सकता है। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आज आप खुद पर विश्वास बनाये रखें। आज आप किसी अजनबी से कुछ नया सीखेंगे जो आपके लिए काफी रोचक रहेगा।

मकर राशि:आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपके अंदर कॉन्फिडेंस बना रहेगा। आज कारोबार से जुड़े कुछ जरूरी काम पूरे होंगे, आप नए काम पर पूरा फोकस करेंगे। आज आप बच्चों से कोई नई बात सीख सकते हैं। साथ ही जीवनसाथी की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। हर जगह से आपको काम के लिये ऑफर मिलते दिखायी देंगे। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिये लाभकारी होगी।

कुंभ राशि:आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। लंबे समय से चल रही कोई योजना आज पूरी हो जायेगी। आज आपका दिन पहले से ज़्यादा बेहतर रहने वाला है। कोई नया काम शुरू करने के बारे में भी सोच सकते हैं, दिन आपके लिये अच्छा है। जो लोग कला या संगीत के क्षेत्र से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आपको कोई बड़ा प्लेटफॉर्म या बड़े सिंगर का सहयोग मिल सकता है।

मीन राशि:आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज आप अपने विवेक का इस्तेमाल करके रुके हुए कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। पिता का सहयोग मिलने से काम समय से पूरा हो जायेगा। आपका कोई विरोधी आपको परेशान करने की प्लानिंग बना सकता है। आपको आस-पास की चीज़ों पर ध्यान रखना चाहिए। इस राशि के प्रोफेशनर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी अच्छे कॉलेज से लेक्चरार के लिए ऑफर आ सकता है। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए अच्छा रहने वाला है।

व्यंग्य

तेरी लीला कोई समझ न पाया

डॉ.सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

बहुत दिनों बाद चाचा जी के छोटे बेटे बबलू का फोन आया। फोन क्या आया मतलब निकल आया। बोला - ÷हैलो भैया, कैसे हैं आप? घर-परिवार में सब ठीक-ठाक है न? हां बबलू, मैं बगीचे में धूप सेंक रहा हूँ और मेरी तबीयत भी ठीक है। बस दिमाग गरम रहता है। डॉक्टर ने कहा कि यह तंग जिंदगी का लोचा है। लेकिन तुम्हारी भाभी को यह सब नाटक लगता है। वह कहती हैं कि मैं कुछ काम नहीं करता, सिर्फ नाटक करता हूँ। काम से बचने के चोंचले हैं। अब उसे कौन बताए कि वह काम ज्यादा करती है

और मुझसे भी यही अपेक्षा करती है। दिन भर झाड़ू लगाती रहती है। यह देख लगता मानो वह झाड़ू नहीं मुझे वश में रखने के लिए जादू टोना कर रही हो। उसे कौन समझाए कि इस उम्र में मुझ पर डोरे कौन डालेगा। एक तरफ भाभी के घरेलू नुस्खे और दूसरी ओर डॉक्टर की हिदायतें। मुझे नहीं पता कि किसकी बात सुनूं, डॉक्टर की या तुम्हारी भाभी की। डॉक्टर आपको दस मिनट के लिए देखता है, लेकिन आपको चौबीस घंटे उसकी मुट्ठी में रहना पड़ता है। इधर ऑफिस की किचकिच और उधर पत्नी बाजार जाकर सब्जी लाने के लिए अपना बैग मेरे सामने फेंक दिया है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि मैं किसका इलाज कराऊँ। पड़ोस में चोपड़ा साहब रहते हैं। वे मुझे खुद का इलाज करने से पहले पत्नी का इलाज करवाने के लिए कहा। वैसे भी तुम सब्जी खरीदने जाओगे लेकिन तुम्हें पता है कि तुम्हारी लाई हुई सब्जी उन्हें पसंद नहीं आएगी। उन्हें कोई बहाना चाहिए। कहते हैं बचपन में हमारी मां हमें खूब बादाम खिलाती थीं। अब देखो भाई, अम्मा ने जो किया उसका खामियाजा हम भुगत रहे हैं। उनका दिमाग पहेली खेल से भी अधिक जटिल होता है। इसे एक तरफ से मिलाओ तो दूसरी तरफ से खराब हो जाता है। स्थिति ऐसी है कि न तो हम पूरी तरह से कमजोर हो पाते हैं और न ही मजबूत। न जीने में, न मरने में, हमें अनारकली बनाकर रखा गया है। घी दूध से सारी मलाई निकालकर बनाया जाता है। वह तीन बार एक-एक चम्मच घी मांगता है और एक बार आधा चम्मच घी देता है। सारा घी भगवान के दीपक में चला जाता है। थोड़े से घी के मामले में भगवान भी तुम्हारी भाभी के साथ हैं। आज उन्हें डाँटने की जुर्रत भी करो तो सबसे पहले बुखार चढ़ता है। स्थिति उलट है, उनकी डांट के साथ दिन में तीन बार पैरासिटामोल लेना पड़ता है। अब तुम जानते हो कि यदि भगवान पांडवों के साथ थे, तो सौ भाई और एक बड़ी सेना भी हार गई थी। यहाँ हम अकेले हैं। रोज गीता पढ़ो लेकिन युद्ध के लिए जरूरी साहस पैदा मत करो। अब हम सोच रहे हैं कि हमें भी घी का दीपक जलाना चाहिए। लेकिन मुझे नहीं पता कि रसोई में घी कहां रखा होता है या फिर मैं उसे ढूंढता रहता हूं लेकिन कभी नहीं मिलता। एक बार मैं घी ढूंढते समय रंगे हाथ पकड़ा गया और तीन दिन तक मुझे जमानत नहीं मिली। अगर वह थाने में होती तो तीन घंटे के अंदर मिल जाती। हाल ही में सरकार ने महिलाओं के पक्ष में एक विधेयक पारित कर उन्हें और अधिक सशक्त बनाया है। यहां राज्य सरकार रिश्तेदारी बना रही है सो अलग। अब हालात तो देखो भगवान भी उनके और सरकारें भी! यह सब जाने दो बताओ, तुमने कैसे फोन किया?

कुछ नहीं भैया। बस आपका हालचाल पूछना था। , बबलू, तुम ही तो हो जो मेरा हाल-चाल पूछते हो। बाकी लोग सिर्फ मौज-मस्ती करने के लिए कॉल करते हैं। चूँकि मैं पुरुष हूँ, इसलिए उसे अपनी दुर्दशा के बारे में बताने में शर्मिंदगी महसूस होती है। इसी का फायदा उठाया जाता है। अगर मैं बोलूँ भी तो क्या फायदा, मुझे कहीं से कोई मदद नहीं मिलेगी। इसके विपरीत, यदि तुम्हारी भाभी को पता चल गया कि मैंने क्या कहा है, तो उनके पास ठोस बांस से बनी अपनी खुद की ईंडी है। इनको काबू में रखना भगवान के बस की भी बात नहीं है। अब फ़ोन रखो या कुछ और भी सुनोगे? अब रहने दीजिए भैया। मैं आपको कब से समझाने कि कोशिश कर रहा था कि रुकिए-रुकिए, लेकिन आप हैं कि आपने मुझे ही लपेट लिया। मैं पत्नी के साथ बैठा हूँ और फोन स्पीकर पर है।

विश्लेषण

डॉ सूर्यकांत मिश्रा

हारने के बाद भी हार ना मानने का जज्बा होना चाहिए

संघर्षमय जीवन का जीतना ही , एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए ।।

अपने समुदाय के लोगों को बचाने के लिए मजदूरों ने जिस जज्बे का प्रदर्शन किया वह वास्तव में मानवीय मूल्यों को परिभाषित करने सबसे बड़ा संकल्प माना जा सकता है । उत्तराखंड के उत्तर काशी जिले में सिलक्यारा सुरंग के भीतर चट्टानों के जिद्दी सीनो को चीरते हुए अपने मजदूर भाइयों के पास पहुंचकर उन्हें जीवन की रोशनी का मार्ग प्रदान करने वाले मजदूर वर्ग ने अपनों के लिए विश्वकर्मा बनकर बड़ा उदाहरण प्रस्तुत किया है ।एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के साथ रेट होल माइनर्स दल में शामिल जाबाजों ने न केवल 41 जिंदगियां बचाई वरन 41 परिवारों के हर सदस्य की लगभग हार गई उम्मीदो पर विश्वास का दीप रोशन कर यह संदेश भी दिया है की मेहनत का फल सदैव मीठा ही होता है । इस पूरे अभियान में मशीनों की असफलता के बाद मानवीय श्रम ने जो विजयी परचम लहराया है वह योद्धाओं की जिजीविषा को ताकत देने वाला सिद्ध हो चुका है । रेट होल माइनर्स दल में शामिल मानवता के पुजारियों का यह कहना कि हम एक ही समुदाय के हैं । हम भी मजदूर हैं और जो अंदर जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं वह भी मजदूर हैं । हम उन 41 मजदूरों को बाहर लाने अपना सब कुछ लगा देंगे । यह वास्तव में उनके सम्मान में उन्हें नमन करने वाला संकल्प सूत्र बन गया है । जिंदगी की इस विजय जंग का श्रेय हर हाल में मिशन में प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हर जांबाज को ही जाना चाहिए ।



12 नवंबर को जब पूरा देश दिवाली का उत्सव मना रहा था तब उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिलक्यारा डंडालगांव टनल में 41 कार्यरत मजदूर जिंदगी और मौत की जंग में उलझ गए थे । टनल का एक हिस्सा धसक जाने से मजदूरों का बाहर आने का रास्ता बंद हो चुका था । मजदूरों को बचाने के लिए शुरू किए गए ऑपरेशंस उम्मीद जगाने के बाद असफल भी हो रहे थे ! ऐसे चुनौती पूर्ण ऑपरेशन में 25 टन की आगर मशीन ने भी दम तोड़ दिया ! इस कठिन समय में टनल में फंसे मजदूरों को निकलने का संकल्प सोमवार 27 नवंबर को रेट होल माइनर्स ने अपने कंधों पर लेकर उम्मीद की नई किरण जगाई । रेट होल माइनर्स के जंगी - जवानों ने मात्र 800 एमएम के पाइप में घुसकर खुदाई का काम शुरू किया ! यह रेट होल माइनर्स का जुनून ही था , जिसने हर कठिनाई को पीछे धकेलते हुए आखिरकार 17 दिनों तक अंधकार की दुनिया में खो चुके मजदूर साथियों को सूरज की किरण तक का सफर कराया । रेट होल माइनर्स ने लगभग 60 मीटर की खुदाई ठीक उसी तरह की जिस तरह चूहे अपना बिल अथवा सुरंग जमीन के भीतर बनाने किया करते हैं । यही कारण है कि इस दल को रेट होल माइनर्स नाम दिया गया है । इस दल से जुड़े लोगों को करोड़ों अरबों रुपए का व्यापार करने वाली फिल्मों के हीरो से कहीं बड़ा हीरो माना जाना चाहिए । सफलतापूर्वक मजदूर साथियों को बाहर निकालने के बाद रैट होल माइनर्स हीरोज के चेहरों की मुस्कान मानव सेवा की बड़ी जीत की कहानी कहती नजर आ रही है ! कतरा- कतरा मलबा चूहों की तरह बाहर निकालने के बाद भी उनके शरीर में थकान का नामो निशान दिखाई नहीं पड़ रहा है ! मुझे टी वी पर वह विजय दृश्य देख यही लग रहा था - मानो आज मजदूरों के लिए मजदूर विश्वकर्मा बनकर सामने आए हैं ! टनल में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के बाद रेट होल माइनर्स के जाबाजों ने जो कहानी बयां की वह वास्तव में मानव के प्रति मानव के संघर्ष का बड़ा उदाहरण मानी जा सकती है । जवानों का कहना था कि हम जैसे ही संघर्षरत मजदूर साथियों के पास पहुंचे , उन्होंने भावविहल होकर हमें गले लगाया । वह ऐसा क्षण था जैसे ÷ डूबते को तिनके का सहारा मिल गया हो !÷ इतना ही नहीं मजदूरों को पहुंचाए जाने वाले भोजन तथा स्वास्थ्यवर्धक सामग्री में से अपने पास बचा कर रखे बादाम के दानों को उन्होंने रेट होल माइनर्स साथियों को देकर उनका अभिनंदन और धन्यवाद भी किया ।अपने साथियों से गले लग कर उन्होंने अपने 17 दिन की व्यथा को क्षण भर में भुला दिया । रेट होल माइनर्स टीम के दल प्रभारी का यह कहना कि - हमें विश्वास था हम अपने साथियों को बाहर निकाल लेंगे । कहीं ना कहीं चुनौतियों को अंगूठा दिखाने से कम नहीं था ! उन्होंने यह कहकर कि टनल में फंसे लोग मजदूर हैं और हम भी मजदूर हैं । आज वे मुसीबत में है , कल हम भी हो सकते हैं । आज हम उन्हें बचाएंगे तो कल वह भी हमारे लिए सहारा बनकर खड़े होंगे । यह भाईचारे की मिसाल बनकर सदैव ÷ वसुधैव कुटुंबकम ÷ को सार्थक करने वाली भावना बनकर सामने आती रहेगी । मजदूरों के सुरक्षित बाहर निकलने के बाद उन्हें सीधे उनके घर न भेज कर स्वास्थ्यगत कारणों से मेडिकल सुविधा में रखना भी एक स्वस्थ सोच का परिणाम है । उत्तराखंड के मुख्यमंत्री सहित देश के प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री ने पूर्ण स्वस्थ होने तक उन्हें सुविधा प्रदान करने की जो बात कही है वह उनकी जवाबदारियों के संदर्भ में देखा जाना चाहिए । 41 मजदूरों का 17 दिन बाद अपने परिजनों के संपर्क में आना उनके लिए सबसे बड़ी दिवाली है । मजदूर का परिवार वैसे भी खतरों का खिलाड़ी ही हुआ करता है । गगनचुंबी ऐतिहासिक इमारतों के निर्माण की बात हो या फिर आम जनों के लिए बनाई जाने वाली अनेक मंजिलों वाले मकानों की श्रृंखला , मजदूर वर्ग खतरों से बेखबर हमारे सपनों की दुनिया को साकार करने हर समय प्रयास करता देखा जा सकता है । मजदूरों के सफलतापूर्वक बाहर आ जाने के बाद हम हर उस शख्स की बहादुरी को नमन करना चाहते हैं जिसने मिशन में थोड़ा सा भी सहयोग प्रदान किया हो।

एक नजर

एनएमडीसी ने राष्ट्रीय पीआर महोत्सव 2023 में किया शानदार प्रदर्शन

हैदराबाद, 28 नवम्बर। सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी एनएमडीसी नेरविवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय पीआरएसआई पुरस्कारों में गृह पत्रिका (हिंदी),महिला विकास के लिए सीएसआर परियोजना, सतत विकास रिपोर्ट और वार्षिकरिपोर्ट के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार 2023 प्राप्त किए।मुख्य अतिथि माननीय सांसद डॉ. सोनल मानसिंह ने राष्ट्रीय जनसंपर्क महोत्सव के दौरान एनएमडीसी की कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन टीम को पुरस्कार प्रदान किए।इस जीत पर बोलते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा,×ह्लश्वह्ल;एक वैश्विक खनन कंपनी बनने की हमारी यात्रा में जनसंपर्क एक महत्वपूर्णभूमिका निभाएगा। मैं टीम एनएमडीसी को कॉर्पोरेट संचार, सामाजिक जिम्मेदारीऔर सतत विकास में उनकी असाधारण पहल के लिए बधाई देता हूं। हम एक ऐसा ब्रांड बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो अपने मजबूत हितधारक जुड़ाव के लिए जाना जाता है।

पुणे से जब युवा इंजीनियर वोट करने पहुंचे

कांकेर 29 नवंबर । विधानसभा चुनाव में मतदान की अपनी अलग कहानी है। भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग बूथ क्रमांक-83 के बीएलओ श्री एकांत चौहान ने

अपना अनुभव जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष साझा करते हुए बताया कि एक मतदाता श्री रवि दुबे जो पुणे के किसी मल्टीनेशनल कंपनी में काम कर रहे हैं, उन्हें वोट करने हेतु मतदान दिवस को आने का आग्रह किया, किंतु वह तैयार नहीं हुए। इसके बाद भी बीएलओ सतत संपर्क करते रहे। फलस्वरूप 07 नवंबर को अपनी मां श्रीमती ममता दुबे के साथ फ्लाइट से भानुप्रतापपुर पहुंचकर मतदान किया। बीएलओ ने यह भी बताया कि जिस दिन वोटिंग थी, उसी दिन सिंगापुर की किसी कंपनी में जाकर नई जॉब ज्वाइन करना था, जिसे छोड़कर कर मतदान करने श्री दुबे पहुंचे थे। इस दौरान कलेक्टर ने युवक के जज्बे और बीएलओ के प्रयासों की प्रशंसा कीनवजात बच्चे को छोड़ वोट करने पहुंचीं महिला-मतदान के दौरान एक और अनोखा किस्सा सामने आया। उत्तामार मतदान केंद्र की एक महिला की डिलीवरी को महज तीन दिन ही बीते थे। इसके बावजूद बीएलओ की मनुहार पर वोटिंग की अनिवार्यता को ध्यान में रखकर बूथ में आकर वोट दिया। बीएलओ श्री जयंत देवनाथ ने यह भी बताया कि गांव के 04 युवक नरसिंह, नरसू, असीद और एक अन्य हैदराबाद की बोरवेल्स कंपनी में काम करते हैं। उन्होंने इन चारों के भी सतत संपर्क में रहे। अंततः ये चारों युवक गांव पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी प्रकार अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के बूथ क्रमांक-168 कलगांव के बीएलओ ने बताया कि लकवाग्रस्त युवक श्री राहुल ठाकुर, जो चल फिर पाने में असमर्थ हैं, ने भी डाक मतपत्र से वोट देने के बजाय मतदान केंद्र में आकर वोट डाला।

मतगणना प्रेक्षकों के सहयोग के लिए लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त

महासमुंद। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के मतगणना के लिए महासमुंद जिले के प्रत्येक विधानसभा के लिए नियुक्त मतगणना प्रेक्षक के सहयोग के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।विधानसभा क्षेत्र 39 सरायपाली के लिए नियुक्त मतगणना प्रेक्षक जफर मलिक के सहयोग के लिए अनिल भास्करन उप वनमंडलाधिकारी को लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 40 बसना के लिए नियुक्त मतगणना प्रेक्षक अजीत नारायण हजारिका के सहयोग के लिए सनत कुमार साहू खनिज अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र 41 खल्लारी के लिए नियुक्त मतगणना प्रेक्षक विवेक एल भीमनवार के सहयोग के लिए विकास चंद्राकर अनुविभागीय अधिकारी सामान्य वनमंडल महासमुंद एवं विधानसभा क्षेत्र 42 महासमुंद के लिए नियुक्त ऑफिसर नियुक्त किया गया है। लाइजनिंग अधिकारी मतगणना प्रेक्षक की निगरानी में कार्य संपादित करेंगे।

गरीबों के ठेलों को जेसीबी से उठाकर फेंकना पेट पर लात मारने जैसा है:नरेंद्र भवानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर,29 नवंबर। नगर निगम अंतर्गत फुटपाथ पर दुकान लगाना गैरकानूनी नहीं, संविधान प्रदत्त अधिकार है बावजूद जबरन जगदलपुर नगर निगम द्वारा गरीबो का पेट मे मारा जा रहा लात असंवेधानिक कृत्य निंदनीय है। आप प्रत्यासी जगदलपुर मामले मे आम आदमी पार्टी के बस्तर जिलाध्यक्ष व जगदलपुर विधायक प्रत्यासी नरेन्द्र भवानी ने बयान जारी कर हो रहें जगदलपुर नगर निगम द्वारा संविधान का अपमान पर तीखा प्रतिक्रिया देते हुवे कहा है की। फुटपाथ पर दुकान लगाना गैरकानूनी नहीं, संविधान प्रदत्त अधिकार है बावजूद कैसे लोगो का ठेला जे सी बी मशीनों से उठाकर फेकने जैसा कार्य किया जा रहा है जांच का विषय है अतः क्या ऐसा करने से वह गरीब का ठेला नष्ट नहीं होगा जबकि वह ठेला से वह व्यक्ति अपने परिवार को पालता होगा और तो और एक एक रूपए जमा करके वह ठेला को खरीदा होगा बावजूद बिना सोचे समझें गलत तरीके से ऐसा करना बेहद गलत है गैर संवेधानिक कदम है आम आदमी पार्टी इसका पुर जोर विरोध करती है !वही भवानी ने कहा अक्सर हमने देखा है की नगर निगम अधिकारी, पुलिसकर्मी और पक्की दूकान व्यापारी फुटपाथ पर सामान कानून का डर दिखा कर उन्हें व्यापार नहीं करने देते। उनका सामान जब्त कर लिया जाता है, जुर्माना भी लगाया जाता है। लेकिन क्या आपको मालूम है की कानून उन फेरीवालों, फुटपाथ व्यापारियों को इस तरह व्यापार करने का कानूनन अधिकार प्रदान करता है? दअरसल, भारत में फुटपाथ (द्बश्शह्लश्वड्डह्लद्ध) पर दुकान लगाना गैरकानूनी नहीं है। अनुच्छेद 19 (1)(छ) के अंतर्गत भारत का संविधान देश में फेरी वालों या आम आदमी को सड़क किनारे, फुटपाथ या संस्थान के आसपास व्यापार करने का अधिकार देता है। इस कानून के तहत आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को फुटपाथ पर व्यवसाय करने से नहीं रोका जा सकता क्योंकि यह उसका मूल अधिकार है। बावजूद संवीधान के नियमो से बढ़कर जगदलपुर निगम अधिकारियों का यह कृत्य वास्तव मे न्यालाया जाने जैसा कृत्य है यह कृत्य बेहद निंदनीय है निगम अधिकारियों को वह गरीबो से माफी मांगनी चाहिए और शहर को सुंदर बनाने के लिए सही दिशा मे कार्य करना चाहिए आम आदमी पार्टी जगदलपुर के तमाम सभी फुटकर व्यापारी साथियों के साथ है बिलकुल भी ना घबराए अपना धंदा पानी दुबारा वही जाकर करें और निगम को हटाना होगा तो जारी करें नोटिस देता हु मै चुनौती उसी नोटिस के आधार पर जाएंगे न्यायालय।

जादू-टोना के शक में आरोपियों ने की थी कुड़ियम मंगलू की हत्या

भोपालपटनम, 29 नवंबर। दिनांक 25/10/2023 को थाना भोपालपटनम् क्षेत्रान्तर्गत वरदली के जंगल में एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी द्वारा तस्दीकी हेतु हमराह बल के साथ घटनास्थल पर रवाना हुए । घटनास्थल पर तस्दीकी कार्यवाही के दौरान शव ग्राम गदामली निवासी कुड़ियम मंगलू का होना पाया गया। मौके पर पंचनामा कार्यवाही पश्चात शव को पीएम0 हेतु भोपालपटनम् अस्पताल भेजा गया । प्रकरण में प्राप्त पी0एम0 रिपोर्ट में मृतक की मृत्यु हत्यात्मक प्रकृति का पाए जाने पर थाना भोपालटनम में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटना के संदेही चिड़ेम हुंगा से पूछताछ करने पर बताए कि मृतक द्वारा जादू टोना करने से मेरी पत्नि एवं भतीजा की मृत्यु हुई। इसी शंका के आधार पर आरोपी चिड़ेम हुंगा ने अपने चाचा चिड़ेम रामा एवं बहनोई मेट्टा दिनेश के साथ मिलकर बांस डण्डा, हाथ मुक्का एवं नुकीले लकड़ी से चोट पहुंचाकर कुड़ियम मंगलू की हत्या करना स्वीकार किये । प्रकरण में घटना में शामिल आरोपी।चिड़ेम हुंगा पिता चिड़ेम एर्ग उम 40 वर्ष जाति मुरिया निवासी चंदनगिरी थाना भोपालपटनम् जिला बीजापुर2. चिड़ेम रामा ऊर्फ रामैया चिड़ेम पिता कारे चिड़ेम उम्र 53 वर्ष जाति मुरिया निवासी दम्मूर थाना भोपालपटनममेट्टा दिश पिता कोरके मेट्टा उम्र 19 वर्ष जाति मुरिया निवासी फुलगुण्डम हाल चंदनगिरी थाना भोपालपटनम के विरूद्ध थाना भोपालपटनम् में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है।

वित्तीय साक्षरता केंद्र परियोजना में ग्रामीणों को दी जा रही हैं बैंकिंग वित्तीय समावेशन की जानकारी

फरसगांव, 29 नवंबर। 28 नवंबर को भारतीय रिजर्व बैंक परियोजना बैंक स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया से प्रयोजित समर्पित गरीबी उन्मूलन एवं सामाजिक अनुसंधान केंद्र बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा जिला कोंडागांव ब्लाक बड़ेराजपुर कोसमी में वित्तीय साक्षरता परियोजना के जिला कोंडागांव ब्लाक बड़ेराजपुर काउंसलर हर्षलता सेठिया केशकाल काउंसलर लंबोदर नेताम फरस गांव काउंसलर कुमारी वत्ती सक्रिया महिला श्री मती मोनिका यादव कृषि सखी सुलोचना नागेश सुभद्रा गंधर्व सुनीति साहू सरपंच श्री चैत राम मरकाम स्टेट बैंक सी.एस.सी. नंदू मरकाम ग्रामीण बैंक सी.एस.सी. संजय कुमार मरकाम स्टेट बैंक से वित्तीय सलाहकार श्री सूर्य प्रकाश साहू जिला समन्वयक श्री दिलीप नाग जी के नेतृत्व में बैंकिंग सेवा जिसमे बजट और बचत करना , बचत खाता के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना , प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और सुकन्या समृद्धि योजना , डिजिटल लेन देन के होने वाले लाभ एवं डिजिटल फोड़ धोखेबाजी साइबर क्राइम से अवगत कराया गया । साथ ही वित्तीय समावेशन के अंतर्गत धन का प्रबंधन बचत और निवेश सही और उचित स्थानो में प्राप्त करने की जानकारी के साथ एजुकेशन लोन की सुविधाओं के बारे में अवगत कराते हुए शिक्षा के लिये प्रोत्साहित किया गया द्य साथ ही साथ ग्रमीण जन इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लिया और जन जागरूकता अभियान का लाभ उठाया।

बीजापुर में विक्रम मंडावी को जनता उनके काम के कारण फिर चुनेगी:बेनहुर रावतिया

बीजापुर, 29 नवंबर। जनता का प्यार 2018 के बाद 2023 में जनता अपनी सर की ताज कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम को मिलने जा रहा है।बीजापुर नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी विक्रम मंडावी की विगत 5 साल में जो सक्रीयता जनता के बीच रहेकर जो उन्होंने काम किया है लोगो से आसानी से लोगो के बीच नजर आना राजधानी रायपुर में ना रहकर जनता के बीच मे रहकर विधायक के कार्यकाल में उन्होंने जो मेहनत करते जनता के सुख दुःख में खड़ा रहे।यही वजह है कि पुनः अब हजारो की बढ़त से कांग्रेस के प्रत्याशी विक्रम मंडावी को जनता तिलक लगाकर एक बार और जीत रहे है।बीजापुर नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया ने सभी जनता का आभार जताया है कि जो जन समर्थन चुनाव के बाद से जो खबरे मिल रही है कि दुबारा बीजापुर में कांग्रेस विजय होने वाला है,ये बेहद हर्ष का विषय है इससे कांग्रेस की कार्यकर्ता एवम हमारे पूरी कांग्रेस की सेना ने जो भूमिका चुनाव में अदा किया है।यही जनता का प्यार है कि 2023 का ताज पुनः विकम मंडावी पैनने वाले हैं।कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष लालू राठौर एवम शीर्ष नेतृत्व का नगर पालिका अध्यक्ष होने के नाते सभी शीर्ष नेताओं का बेनहुर रावतिया के द्वारा आभार जताया है।

विधानसभा आम निर्वाचन 2023: मतदान वीरों का किया सम्मान

कांकेर, 29 नवम्बर। जिले के भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक 81 फीसदी मतदान हुआ। मतदान में प्रत्यक्ष रूप से अपनी भूमिका निभाने और एक-एक मतदाता को मतदान केन्द्र में लाने दिनरात पसीना बहाने वाले बूथ लेवल आफिसरों का सम्मान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया। भानुप्रतापपुर के जनपद पंचायत सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ और इलेक्शन सुपरवाइजरों की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि भानुप्रतापपुर जैसे दूरस्थ इलाके में अभूतपूर्व मतदान का प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने आगे कहा कि सभी बीएलओ के अथक प्रयासों का ही यह सुखद और सकारात्मक परिणाम है। इस दौरान उन्होंने सभी बीएलओ को अपनी शुभकामनाएं देते हुए मतदान दिवस के अनुभव साझा

किए। इस अवसर जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल, अंतागढ़ एडीएम श्री बीएस उईके, एसडीएम भानुप्रतापपुर श्री प्रतीक जैन, अंतागढ़ एसडीएम श्री विश्वास कुमार सहित भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ और सुपरवाइजर उपस्थित थे।

जिला स्तर पर सम्मानित हुए मतदान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कर्मवीर

इसके पहले, आज सुबह कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ प्रियंका शुक्ला ने अधिकारियों की बैठक लेकर विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सहित सेक्टर ऑफिसर, प्रिसाइडिंग ऑफिसर सहित विभिन्न लोगों का सम्मान प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया। आज सुबह 11.00 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया। साथ ही उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।सम्मान समारोह में जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपर कलेक्टर अंतागढ़ श्री भगवान सिंह उइके, ईको ग्रीन मतदान केन्द्र में सहयोग के लिए वनमण्डलाधिकारी कांकेर श्री आलोक कुमार बाजपेयी, पूर्व भानुप्रतापपुर के वनमण्डलाधिकारी श्री जाधव श्रीकृष्ण ए.एन.एस तथा पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमण्डलाधिकारी शशिगानन्दन के. को सम्मानित किया गया।

समाचार संक्षेप

निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न होगी मतगणना : कलेक्टर

सुकमा,29 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस. एस ने कहा कि जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न होगी। कलेक्टर की उपस्थिति में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में विधानसभा क्षेत्र कोंटा के मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायकों और मतगणना से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियोंको गणना प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन की मतगणना शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज कुम्हारास सुकमा में की जाएगी। मतगणना स्थल में 3 दिसम्बर 2023 को गणना अभिकर्ताओं को सुबह 6 बजे प्रवेश दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि विधानसभा कोंटा हेतु मतगणना के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे और 1 टेबल डाक मतपत्र के लिए लगाया जाएगा और अभ्यर्थी एवं निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति में सुबह 6 बजे स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। कलेक्टर हरिस. एस ने कहा कि मतगणना प्रक्रिया सहित पूरी तरह से हाल, स्ट्रांग रूम, परिसर में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की गतिविधि सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में रहेगा। मतगणना स्थल पर मोबाईल एवं इलेक्ट्रानिक गैजेट का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना सुबह 8 बजे से गोपनीयता बनाये रखने की शपथ के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक और रिटर्निंग अधिकारी के निर्देश पर मतगणना प्रारंभ की जाएगी।इससे पहले डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस की गणना प्रारंभ की जाएगी। कलेक्टर ने मतगणना प्रक्रियाओं एवं उसे सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु किए जाने वाले व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतगणना कक्ष में प्रवेश के लिए मतगणना पर्यवेक्षक और मतगणना सहायकों को जारी पास के साथ परिचय पत्र लाना अनिवार्य होगा। कलेक्टर ने मतगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न किए जाने हेतु स्ट्रांग रूम में किये जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी दी। प्रजेन्टेशन के माध्यम से मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना प्रक्रिया एवं स्थल की सभी व्यवस्थाओं के संबंध में मतगणना प्रवेक्षक और मतगणना सहायकों को विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डी एन कश्यप, संयुक्त कलेक्टर डी सी बंजारे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवेश पैकरा, रिटर्निंग अधिकारी श्रीकांत कोराम, सहायक रिटर्निंग अधिकारी अजय मोडियम, एसडीएम छिंदगढ़ विजय प्रताप खेस्स सहित अन्य अधिकारी एवम कर्मचारीगण उपस्थित थे।

मेडिकल कालेज व महारानी अस्पताल के समीप साइलेंट जोन बनाने निर्देश

जगदलपुर 29 नवम्बर। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के.ने कहा कि शासन के योजनाओं को शिद्दत से क्रियान्वयन करवाना प्रशासन की जवाबदारी है। इसके लिए अधिकारियों को अपने विभागीय दायित्वों का निर्वहन हेतु कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करना होगा। कलेक्टर ने महारानी और मेडिकल अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने महारानी अस्पाताल, मेडिकल अस्पताल परिसर के आसपास साफ-सफाई व 100 मीटर तक साइलेंस जोन घोषित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। महारानी अस्पताल में सोनोग्राफी की सेवाएं हेतु कांकेर और दंतेवाड़ा से एक-एक रेडियोलाजिस्ट की सेवाएं सप्ताह में रोस्टर आधार पर सुनिश्चित करने निर्देशित किया और पोस्टमार्टम की सेवाओं को एक सप्ताह में पुनः शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ले रहे थे। कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था पर चर्चा करते हुए,सीजीएमएससी के अधिकारी को परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को दूरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएम में भर्ती प्रक्रिया का भी संज्ञान लिया। मेडिकल अस्पताल में जूनियर चिकित्सकों व नेत्र सहायक को मोतियाबिंद के सर्वे में संलग्न करवाने कहा।

संघर्षशील कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की शिकायत

मांग अनुसार सामग्री,जलाऊ लकड़ी,सब्जी की राशि नहीं दी जा रही

पंखाजूर 29 नवंबर। संघर्षशील कार्यकर्ता सहायिका युनियान आज अत्यन्त दुःख से कह रहीं हैं। कि हम सब महिलाएं महिला वाल विकास विभाग की कर्मचारी हैं। आज हम समाज में अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे हैं। आयें दिन धमकी, अश्लीस गंदी गालियां दे रहे हैं देवाशीष राय कोयलीबेड़ा ब्लॉग की समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में अंन्डे वितरण कर रहे हैं, तथा पोषण आहार हेतु गरम पका हुआ भोजन हेतु सामग्री लंबे समय से कोई सेक्टरों में दे रहे हैं, कार्यकर्ता की मांग अनुसार सामग्री नहीं देते हैं, जलाऊं लकड़ी कि राशि, सब्जी की राशि कुछ भी नहीं देते है।ओर नहीं ही समस्त केंद्रो तक सामग्री पहुंचाता है, उनसे संपर्क करने पर हम सब महिलाओ को मानसिक रूप से लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं । गंदी गालियां देते हुए, जिनकी सुचना हम सब मिलकर थाना पखांजूर में दिनांक 27/11/23 को दिया है। हमारे एक कार्यकर्ता बहन पुसगुट्टा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती चायना मंडल उनको देवाशीष राय द्वारा

बहुत मानसिक प्रताड़ित किया जा रहा है जिसका सुचना दिनांक 22/11/23 को पखांजूर थाना में दिया गया, थाना प्रभारी महोदय जी ने समझोता के लिए देवाशीष राय को बुलाकर समझाया परन्तु कुछ प्रभाव नहीं पड़ा, उल्टा देवाशीष राय ने कहा आप थाने आकर ओर बड़ी ग़लती कि हों, अब आप को मैं मेरी औकात दिखाउंगा, हमारे साथी चायना मंडल बहुत भयभीत है इस बीच चायना मंडल को कुछ भी नुकसान पहुंचा, जिसका जिम्मेदारी पूरी देवाशीष राय कि होगी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहुत ही कम पैसों में अपनी जीविका चलाते हैं है परन्तु मान सम्मान सबके प्यारे हैं देवाशीष राय उसी आत्मा सम्मान पर बार किया है, सेक्टरों में जाकर बहुत उदम मचाते हैं, उच्च अधिकारियों की बात बताकर सुदुर गांव के कार्यकर्ता सहायिका को डराते एवं धमकाते हुए हमेशा बोलता रहता है, आवाज उठायेंगे तो आप सब के नाम सुचना अधिकार लगाउंगा,मै पत्रकार हूं आप के नाम कल की हेड लाइन पर होगी,हद पार तब हुआ जब देवाशीष राय बोला कि मैं ऐसा कुछ करूंगा कि आप लोग आत्मा हत्या करने पर मजबूर हो जाओगे। शंघर्षशील युनियान आप सभी भाई-बहनों एवं समस्त साथियों से अपील करतीं है हमें स्वतंत्रता से जिने की अधिक चाहिए, अपनी अधिकार की बातें निडरता से रखने की अनुमति चाहिए आप सब को पता है हमारे,देश कि नारा है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान आज आप सब की बहु -बेटियों को आप सब कि सहयोग कि आवश्यकता है, हमारे साथ न्याय हो यही अपील है हमारे क्षेत्रों वासियों से। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कमजोर नहीं शंघर्षशील महिलाएं है पर कहीं न कहीं डर सा लगा है ।अब तक देवाशीष राय द्वारा अनगिनत बार शासकीय गैरशाकीय,सचिव, सरपंच, उच्च अधिकारियों, अन्य लोगों के नाम पर सुचना अधिकार लगकर उनके साथ अभद्र, व्यवहार किया है, आज हम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका उनके खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत जुटाई है, हमारी मनवोल को बढ़ाते हुए आप सब से विनम्र निवेदन है। आप सब भी अपनी आवाज उठायेंगे, अन्याय, करना ओर सहना दोनों अपराध है। हमारी संघर्षशील यूनियन हमें यही शिक्षा दिये है,हम लड़ेंगे और जीतेंगे, यही हमारा नारा है, इंकलाब जिंदाबाद हमारी एकता जिंदाबाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका बहनों को जिंदाबाद।

एक नजर

छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को दो वर्ष की सजा मिली

पत्थलगांव, 29 नवंबर। न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी उमेश कुमार भागवतकर द्वारा पत्थलगांव के ग्राम कुनकुरी के एक प्रकरण में एक युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को दो वर्ष के कारावास सहित एक हजार रुपए के अर्थदंड सहित दंडित किया गया है। प्रतिनिधिकर्ता सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सौरभ समैया ने बताया कि न्यायालय ने पत्थलगांव के ग्राम कुनकुरी निवासी ललित कुजूर को दोषी करार देते हुए दो वर्ष की कैद व एक हजार रुपये का जुर्माना एवं एक माह का सश्रम कारावास की व्यक्तिगत सजा सुनाई है। बता दे की प्राथिया को अकेला देखकर आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया जिससे भयभीत होकर वह जंगल की तरफ भाग गई थी देर शाम जब उसके माता-पिता घर आए तो उसने घर पहुंचकर अपनी आपबीती माता-पिता को बताई।

संगोष्ठी में कवि एवं लेखकों का भाषा के प्रति छलका दर्द

राजिम 29 नवंबर। प्रयाग साहित्य समिति के तत्वाधान में गायत्री मंदिर सभागृह में राजभाषा दिवस के अवसर पर साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम ज्ञानदायिनी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाषाविद दिनेश चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ी राजभाषा कौन मनाते हैं? इसका जवाब मिलेगा चंद साहित्यिक संस्था के लोग। जो लिखने पढ़ने में रुचि रखते हैं वही लोग मनाते हैं, जबकि होना यह चाहिए कि इसके लिए शासन आदेश निकाले और हर शैक्षणिक संस्था में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस 28 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाए तो इसका कोई विरोध नहीं कर सकेगा। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्रयाग साहित्य समिति के अध्यक्ष टीकमचंद सेन ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को बने करीब 23 साल बीत चुके हैं और छत्तीसगढ़ी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिया गया है लेकिन इन सालों में जितना भाषा का विकास होना चाहिए था वह नहीं हो पाया है। सरकार की ओर से जितनी भाषा के उत्थान के लिए संसाधन जुटाना था वह महत्वपूर्ण कदम अभी तक नहीं उठाया गया। केवल फाइल के कागजों में छत्तीसगढ़ी भाषा को राजभाषा का मान्यता तो दे दिया गया परन्तु उस हिसाब से उनका विकास नहीं हुआ है इसमें भी और बहुत कुछ कार्य करने की आवश्यकता है। चाहे पढ़ाई के माध्यम से स्कूल में हो, चाहे किसी माध्यम से सतत इसका विकास होना बहुत जरूरी है। व्यंग्यकार संतोष सेन ने अपनी बात रखते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा का जिस तरह से सम्मान होना चाहिए वह नहीं मिल रहा है। छत्तीसगढ़ी हमारी दाई की भाषा है। हास्य कवि गोकुल सेन ने कहा कि भाषा विचार अभिव्यक्ति का साधन होता है। यहां के लोगों के रग रग में छत्तीसगढ़ी रचा और बसा हुआ है जिन्हें बोलने व सुनने में अच्छा लगता है। कवि एवं साहित्यकार संतोष कुमार सोनकर मंडल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों को ही ठीक से जानकारी नहीं है कि आज छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस है।

इनका प्रचार प्रसार होना चाहिए। जन जागरूकता बहुत जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि संविधान के आठवीं अनुसूची में छत्तीसगढ़ी को दर्ज करने के लिए यहां के सभी सांसदों को एकजुट होने की आवश्यकता है। आज भी छत्तीसगढ़ी में लिखी गई कविताएं देश के प्रतिष्ठित पत्र पत्रिकाओं में भाषाई विसंगति के चलते प्रकाशित नहीं हो पाती। यदि इन्हें संविधान मान्यता दे दे तो भाषा का मान और सम्मान बना रहेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन शायर जितेंद्र सुकुमार साहिर ने किया। प्रयाग साहित्य समिति के संरक्षक विष्णु राम जांगड़े ने आभार प्रकट किया। मौके पर प्रमुख रूप से ईश्वरी प्रसाद साहू, सुरेश सिंहा, पुरुषोत्तम दीवान, शेखर यादव, कौशल साहू, अरविंद यदु, दीनबंधु रावत प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

अंवरी में धूमधाम से मनाया गया कार्तिक पूर्णिमा का पर्व,गायों को बाँधी गई तोहई

अंवरी। ग्राम अंवरी में कार्तिक पूर्णिमा का पर्व धूम धाम से मनाया गया यहां सुबह कार्तिक स्नान करने के लिए लोगों की भीड़ जमी रही साथ ही राउत भाइयों के द्वारा गायों को तोहई भी बांधा गया, ग्रामीण थानेश्वर साहू ने बताया की हर वर्ष कार्तिक अमावस्या तिथि पर दीपावली का त्योहार मनाया जाता है और इसके 15 दिनों के बाद कार्तिक पूर्णिमा तिथि पर देव दीपावली का उत्सव मनाया जाता है. हिंदू धर्म में पूर्णिमा का विशेष स्थान होता है और इनमें कार्तिक माह में आने वाली पूर्णिमा का तो विशेष महत्व है. देव दिवाली के दिन पवित्र नदी के जल से स्नान करके दीपदान करना चाहिए. ये दीपदान नदी के किनारे किया जाता है. मान्यता है कि इस दिन शिव जी ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का वध किया था और विष्णु जी ने मत्स्य अवतार भी लिया था, इसलिए इसे देव दिवाली भी कहते हैं।

जिले के 15 हजार से अधिक किसानों ने 126 करोड़ रुपए से अधिक का बेचा धान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम 29 नवम्बर। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 अंतर्गत कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के कुशल नेतृत्व में गरियाबंद जिला प्रदेश के अग्रणी धान उपार्जन करने वाले जिलों में शामिल है साथ ही धान उठाव एवं चावल जमा में भी अग्रणी है गरियाबंद जिले के 67 समितियों के उपार्जन केन्द्रों में धान की लगातार आवक बनी हुई है। अब तक जिले के कुल 15 हजार 174 कृषकों ने अब तक कुल 57 हजार 842 मीट्रिक टन धान सहकारी समितियों में बेच चुके है। इस प्रकार समितियों द्वारा 126 करोड़ 50 लाख रूपए का धान विक्रय कर लिया गया है। जिनको धान बेचने वाले किसानों के बैंक खाते में 48 घंटे के अंदर अंतरित कर दी गयी है। धान खरीदी के साथ धान का उठाव भी लगातार जारी है। गरियाबंद जिले के अब तक के कुल उपार्जित धान 57 हजार 842 मेट्रिक टन में से 31 हजार 491 मेट्रिक टन धान जिले के पंजीकृत मिलर्स द्वारा उठाव कर लिया गया है। गरियाबंद जिला कुल उपार्जित धान के 54 प्रतिशत धान का उठाव कर प्रदेश में अग्रणी स्थान पर है।जिला विपणन अधिकारी श्री अमित चन्द्राकर ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के धान उठाव के एवज मे जिला गरियाबंद के कस्टम मिलिंग कर 1825.29 मेट्रिक टन चॉवल नागरिक आपूर्ति निगम मे जमा कराया गया है। जोकि चावल जमा के आधार पर प्रदेश में प्रथम है। गरियाबंद जिले में धान खरीदी और खरीदे गए धान का परिवहन एवम् उठाव सुचारू रूप से चल रहा है। जो कि जिले के लिए आगामी खरीदी दिवसों के लिए अच्छे संकेत है। जिला खाद्य अधिकारी श्री सुधीर चन्द्र गुरू ने बताया कि जिले के कुल 50 पंजीकृत मिलों की कुल मासिक मिलिंग क्षमता 82872 मे. टन के आधार पर अभी धान उठाव और चावल जमा में और अधिक प्रगति आने की संभावना है। जिले के पंजीकृत मिलों को धान उठाव तेजी से करने हेतु निर्देशित किया गया है।

नगर पंचायत ने दिखाई सख्ती को गिरने लगे शटर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव, 29 नवंबर। व्यापारियों ने स्वयं की रजामंदी से गुमाश्ता एक्ट के तहत दिन मंगलवार को अपने प्रतिष्ठान बंद रखने का फैसला लिया था,परंतु व्यापारी धीरे-धीरे अपने ही बनाये नियमो को दरकिनार करने लगे,जिसका नतीजा यह निकला की विगत कुछ माह से सप्ताह के मंगलवार को गुमाश्ता एक्ट पूरी तरह विफल रहने लगा। धीरे-धीरे कर मंगलवार को भी पूरा बाजार खुलने लगा,जिसका असर कामकाजी कर्मचारीयों पर पडने लगा,उन्होने दबी जुबान से इस बात की शिकायत जिला प्रशासन को करनी शुरू कर दी। लिहाजा आज नगर पंचायत ने गुमाश्ता एक्ट के परिपालन मे जरा सी सख्ती दिखायी तो स्वयं ही व्यापारियों ने अपने शटर बंद कर दिये। दिन सोमवार को नगर पंचायत ने मुनादी कराकर मंगलवार को गुमाश्ता एक्ट का पालन करने की अपिल करी थी,परंतु आज सुबह से ही बाकी दिनो की भांति व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानो के शटर उठा दिये थे। अपनी अपिल पर अमल ना होते देख नगर पंचायत का अमला हाथो मे चालानी रसीद लेकर भ्रमण करना शुरू कर दिये,उनकी जरा सी सख्ती के बाद दुकानो के शटर धडाधड बंद होने लगे। आज सुबह 10 बजे के बाद शहर की 90 प्रतिशत दुकाने बंद हो गयी थी,रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओ की दुकानो को छोडकर कपडा,जूता-चप्पल,मोबाईल,मनिहारी,लोहा लंगड, की दुकाने बंद दिखायी दी। नगर पंचायत के सी.एम.ओ प्रभाकर शुक्ला का कहना था कि गुमाश्ता एक्ट लागू होने के बाद इसका पालन करना प्रत्येक व्यापारी का कर्त्तव्य है। उन्होने बताया कि गुमाश्ता एक्ट निजी सेक्टर मे काम करने वाले छोटे कर्मचारीयों को शारीरिक परिश्रम से एक दिन की राहत के लिए लागू किया गया है,जिसमे स्वयं व्यापारियों ने अपनी रजामंदी देकर मंगलवार का दिन तय किया था,परंतु पिछले कुछ महिनो से शहर मे गुमाश्ता एक्ट लागू होने के दिन अधिकांश दुकाने खुलकर सप्ताह के अन्य दिनो की भांति ही काम काज किया जा रहा था,जिससे निजी सेक्टर के छोटे कर्मचारीयों को परेशानी उठानी पड़ रही थी।

जल्द होगा नेतनागर हत्याकांड का खुलासा

रायगढ़, 29 नवम्बर। जिला मुख्यालय से लगभग 15 किमी दूर ओडिशा मार्ग पर स्थित ग्राम नेतनागर में पैराबट में महिला व बच्ची की अधजली लाश मिलने के मामले में पुलिस को मृतकों के शिनाख्ती व हत्या के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस जल्द ही आरोपियों के गिरेबान तक पहुंच जाएगी। ऐसी संभावना जताई जा रही है। उल्लेखनीय रहे कि 26.27 की दरम्यानी रात को ग्राम नेतनागर में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई थी, जब आधी रात को ग्रामीणों ने पैराबट में लगी आग से लपटे निकलते हुए देखा। ग्रामवासी इक्कठे होकर आग बुझाने पहुंचे तो उन्होंने पाया कि उक्त पैराबट मे एक महिला व एक बच्ची का शव पड़ा है। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई, सूचना मिलते ही जूटमिल पुलिस के अलावा नगर पुलिस अधीक्षक व एसएसपी सदानंद कुमार मौके पर पहुंचे और निरीक्षण के साथ-साथ एफएसएल टीम को भी बुलाया गया।

मतगणना की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

रायगढ़, 29 नवम्बर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने आगामी 3 दिसम्बर को होने वाले मतगणना की तैयारी के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक ली। उन्होंने कहा कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना आगामी 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से केआईटी कॉलेज गढ़उमरिया में की जाएगी। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजय महादेवा उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि मतगणना कार्य में संलग्न सभी अधिकारी सौंपे गए कार्य को समझे और उसके लिए तैयारी करें। मतगणना में आरओ की भूमिका महत्वपूर्ण होती है सभी आरओ नियमों को अच्छे से पढ़ ले एवं मतगणना प्रक्रिया को बेहतर ढंग से सम्पन्न कराएं। उन्होंने सभी रिटर्निंग ऑफिसर्स को निर्देशित किया कि मतगणना कक्ष का निरीक्षण करते हुए सभी जरूरी आवश्यकताओं का अवलोकन कर लें। इसके साथ ही अपने विधानसभा के स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक के कॉरिडोर में सीसी टीवी कैमरे लगाना सुनिश्चित करें। मतगणना में महत्वपूर्ण कार्य सीलिंग एवं फार्म-17 सी पार्ट-2 होता है। फार्म-17 सी पार्ट-2 में कॉपी गणना एजेंट से निर्धारित समय में हस्ताक्षर करवाते हुए फोटोकॉपी पश्चात उसकी प्रति गणना एजेंटों को देना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने मतगणना में समय का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना कक्ष में किसी प्रकार की डिजिटल डिवाईस एवं सेल फोन लाने की अनुमति नहीं होगी, इस बात का सभी अधिकारी ध्यान रखेंगे। इस दौरान उन्होंने मतगणना कक्ष, स्ट्रांग रूम जैसे विभिन्न स्थानों में एआरओ सहित सुरक्षा बल तैनात हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि सम्पूर्ण मतगणना में उचित कानून व्यवस्था हेतु सभी एसडीएम को निर्देशित किया। कॉलेज परिसर में लाईट व पंखे की व्यवस्थाओं को चेक कर ले। मतगणना के दौरान पानी, साफ-सफाई की उचित व्यवस्था रहे।

अपर कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार मतगणना केन्द्र में केवल मतगणना कर्मचारी, उम्मीदवार तथा उनके अनुमति प्राप्त मतगणना एजेंट एवं निर्वाचन आयोग तथा निर्वाचन कार्यालय से जारी मीडियाकर्मी ही प्रवेश पा सकेंगे। मतगणना केंद्र में किसी भी तरह के विस्फोटक अस्त्र-शस्त्र का भी प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यदि किसी उम्मीदवार को शस्त्र सुरक्षा प्राप्त है तो केवल उम्मीदवार को ही प्रवेश मिलेगा। उनके सुरक्षाकर्मी को मतदान केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। मतगणना केंद्र में धूम्रपान पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। अधिकारी-कर्मचारी उम्मीदवार तथा उनके मतगणना एजेण्ट अपने प्रवेश पत्र को साथ में ही रखना होगा।

समाचार संक्षेप

भाजपा के षडयंत्रों के चलते ही जन-सरोकार से संबंधित महत्वपूर्ण विधेयक राजभवन में अटके

बीजापुर, 29 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में विपक्ष की भूमिका निभाने में भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से नाकाम रही है, नकारे जाने के बाद अब केवल झूठ और षडयंत्रों की राजनीति कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में राज्य विधान सभा द्वारा पारित सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश में आरक्षण बढ़ाने के उद्देश्य से पारित 76 प्रतिशत नवीन आरक्षण विधेयक सहित नौ कानून लंबे समय से राज्यपाल की सहमति के लिए लंबित हैं, उनमें से कई 2020 की शुरुआत से हैं भाजपाईयों के साजिश के चलते राजभवन में रोके गए हैं।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा है कि विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को अनुमोदित करने में राजभवन में अत्यधिक देरी को चुनौती देने के लिए अनेको याचिकाएं दायर है, जिसके सुनवाई के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने राज भवन में विधेयकों को रोके जाने के मुद्दे पर कड़ी टिप्पणी की और राज्यपालों को समझाइए देते हुए यह कहा कि चुनी हुई राज्य सरकारों के द्वारा पारित विधेयक के संदर्भ में राजभवन को तत्परता बरतनी चाहिए। किसी भी तरह से विटो पावर के रूप में विधेयकों को लंबित रखना अनुचित है। विदित हो कि छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा द्वारा 2020 से 2022 के बीच विधानसभा द्वारा पारित कुल नौ विधेयक राजभवन में लंबित हैं। लंबित विधेयकों में महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2020, छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2020, पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ (संशोधन) विधेयक 2020, छत्तीसगढ़ कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2020, इंदिरा शामिल हैं। कला संगीत विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2020, छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी (संशोधन) विधेयक 2020, छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक 2020, और छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण) संशोधन विधेयक 2022 और छत्तीसगढ़ शैक्षिक संस्थान (प्रवेश में आरक्षण) संशोधन विधेयक।विश्वविद्यालय विधेयकों में संशोधन किया। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय विधेयकों में से एक, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, विश्वविद्यालय का नाम बदलकर चंदूलाल चंद्राकर पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय करने का प्रावधान करता है। ये सभी विधेयक राज्यपाल अनुसुइया उइके के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा पारित कर सहमति के लिए राजभवन भेजे गए थे, जो भाजपा के षडयंत्रों के चलते आजतक लंबित है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा है कि भाजपा का राजनैतिक चरित्र मूलतः लोकतंत्र विरोधी है। संविधान के अनुच्छेद 200 में राज्य की विधानसभा के द्वारा पारित विधेयक के संदर्भ में राजभवन के दायित्व का उल्लेख है, लेकिन विपक्ष के द्वारा शासित राज्यों में राजभवन को आड़ में दुर्भावना पूर्वक वीटो के रूप में उपयोग किया जा रहा है, जो सर्वथा अनुचित है। जन सरोकार के महत्वपूर्ण विधेयक को रोकना तीन चौथाई से बड़ी बहुमत से निर्वाचित सरकार का अपमान है, विधायिका का अपमान है, छत्तीसगढ़ की जनता का अपमान है।

पीसीसी वीफ दीपक बैज तेलंगान की रैली में शामिल हुए

बीजापुर, 29 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व सांसद बस्तर श्री दीपक बैज ने तेलंगाना के मेडक व येलेन्दु विधानसभा में चुनावी रथयात्रा में शामिल हुए..इस रैली में ऐतिहासिक भीड़ हुई शामिल पीसीसी चीफ श्री बैज ने कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए जनता के समक्ष अपनी बात रखी। साथ ही कांग्रेस प्रत्याशियों को भारी से भारी मतों से विजय बनाने हेतु जनता से अपील की।

गाइड के रूप में राजस्व निरीक्षकों की लगाई गई ड्यूटी

महासमुंद। विधानसभा निर्वाचन 2023 का मतगणना कार्य कृषि उपज मंडी पिटियाझर महासमुंद में 3 दिसंबर 2023 को किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा स्ट्रांग रूम से मतगणना हॉल में ईवीएम को भृत्यों के माध्यम से लाने ले जाने के गाइड के रूप में राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी विधानसभा वार लगाई गई है।

भाजपा 30 तो कांग्रेस को 10 हजार बढ़त की उम्मीद

रायगढ़, 29 नवम्बर। विधानसभा चुनाव के मतदान के बाद जैसे-जैसे मतगणना की तारीख करीब आ रही है। रायगढ़ सीट पर कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों की ओर से जहां जीत के दावे किए जा रहे हैं। वहीं अब मतगणना की तारीख नजदीक आने पर जीत के आंकड़े भी राजनीतिक दलों की ओर से किये जा रहे हैं। कांग्रेस के लोग जहां इस सीट पर 10 हजार की बढ़त मिलने का दावा कर रहे हैं। वहीं भाजपा से जुड़े लोग रायगढ़ सीट में 30 हजार प्लस के आंकड़े को हवा दे रहे हैं। बताया जाता है इस चुनाव में रायगढ़ सीट पर कांग्रेस-भाजपा के बीच सीधी टक्कर रही। जिससे दोनों ही बड़े राजनीतिक दल अपनी जीत को लेकर अस्वस्थ नजर आ रहे हैं। हालांकि राजनीति के जानकार मतदान के दौरान आम जनता के रुझान को मतदान में तब्दील होने पर परिणाम बेहद चौंकाने वाले आने की बात कह रहे हैं। रायगढ़ जिला मुख्यालय की इस सीट पर इस बार का चुनाव बेहद दिलचस्प हो गया है। बताया जाता है कि रायगढ़ की इस सीट पर सभी की नजर है। भाजपा प्रत्याशी पूर्व आईएएस ओपी चौधरी इस बार रायगढ़ सीट से मैदान में उतरने पर कांग्रेस में खलबली मची हुई है। राजनीति के जानकारों की माने तो कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश नायक की तो पहले टिकट कटने की बात पार्टी के भीतर ही जोर-शोर से रही और अंत में प्रकाश नायक की टिकट फाइनल की गई। जबकि भाजपा प्रत्याशी अपने प्रचार की कमान संभाल चुके थे। भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी को लेकर युवाओं में बेहद क्रेज नजर आया। इसके अलावा ओपी चौधरी की प्रोफाइल को लेकर आज जनता में रुझान साफतौर पर दिखा। हालांकि दोनों ही राजनीतिक दलों की ओर से सघन जनसंपर्क अपने-अपने घोषणा पत्र और प्रत्याशी के पक्ष में बेहतर माहौल बनाने की कोशिश भी की गई। इस चुनाव को भाजपा अपने पक्ष में करने के लिए विशेष रणनीति पर काम करते नजर आई। जबकि कांग्रेस अपनी जीत दोहराने की दिशा में आगे बढने का दावा करती है। बताया जाता है की रायगढ़ सीट पर मतदान के बाद मतदान के प्रतिशत को लेकर अलग.अलग तरह के कयास भी सामने आए और इसके बाद दोनों ही बड़े राजनीतिक दलों के लोग अपनी-अपनी पार्टी के जीत के दावे भी करते नजर आए। राजनीति के जानकारों की माने तो मतदान के बाद दोनों ही राजनीतिक दलों ने अपने स्तर पर मतदान की समीक्षा भी कर ली और आगे कर भी रही है। जिससे उन्हें अपने.अपने प्रत्याशी की स्थिति का मोटे तौर पर आकलन भी किया जा चुका है। ऐसी स्थिति में अब बढ़त को लेकर दावे किए जा रहे हैं। बताया जाता है कि मतदान के दौरान आम लोगों में जिस तरह का रुझान नजर आया यदि वोटिंग भी उसी तर्ज पर हुई होगी तो परिणाम बेहद चौंकाने वाले आ सकते हैं। इस स्थिति में अब सबको 3 दिसंबर को होने हवाली मतगणना का इंतजार है। कि किसके दावे में कितना दम है। बताया जाता है कि कांग्रेस इस चुनाव में 10 हजार की बढ़त का दावा कर रही है। वहीं भाजपा के लोग 30 हजार प्लस की आंकड़ की ताल ठोंक रहे हैं। मतगणना कर तारीख करीब आने के साथ एक बार फिर राजनितिक माहौल तेजी से गरमाता जा रहा है। आने वाले दिनों में वोटिंग के आंकड़ों को लेकर बढ़त बनाने के नयेजनये दावे सामने आ सकते हैं। अब देखना है कि 17 नवंबर को आम जनता ने मतदान केन्द्रों में जो फैसला लिया और ईवीएम का बटन दबाया उसका परिणाम किसके पक्ष में जाता है।

भीतरघातियों को लेकर चिंता

इस बार चुनाव में भीतरघात होने की खूब चर्चा रही कांग्रेस और भाजपा के लोग जहां अपनी.अपनी जीत के दावे करते नजर आ रहे हैं। वहीं रायगढ़ सीट में दोनों ही दलों को भितरघात की आशंका बेचैन किए हुए हैं। राजनीति के जानकारों की माने तो सबसे ज्यादा भितरघात की आशंका कांग्रेस में होने की बात कही जा रही है। कांग्रेस का कई घड़ा इस चुनाव से अपने को अलग रखे हुए साफतौर पर दिखा। जिससे यह उम्मीद की जा रही है कि इसका असर कांग्रेस के वोट बैंक पर पड़ा है। शहरी क्षेत्र में कांग्रेस के कई नेता ना तो प्रत्याशी के साथ नजर आए और ना ही आम जनता के बीच देखे गए। इससे इस बात की आशंका है कि कांग्रेस को इसका सीधा नुकसान हो सकता है। हालांकि कांग्रेस यह भी दावा करती रही की नगर निगम क्षेत्र में पार्षदों के अलावा सभी नेता और कार्यकर्ता चुनावी कार्य में जुटे हैं। कुछ वार्डों के पार्षद तो अपने वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी को एक हजार लीड दिलाने का भी दावा कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में मतगणना के साथ ही स्थिति स्पष्ट होने की बात भी कहीं जा रही है। दूसरी तरफ भाजपा अपने प्रत्याशी के तेजी से बढ़ते ग्राफ पर सीधा लाभ मिलने का दावा तो कर रही है, लेकिन धरातल पर स्थिति क्या रही इसका स्पष्ट आकलन नहीं हो पा रहा है। बताया जाता है भाजपा में भी भीतरघात होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि भाजपा ने पूरे चुनाव में एकजुट होने का जिस तरह से प्रदर्शन किया उसे भितरघात की संभावना नजर नहीं आती, लेकिन चुनाव मैनेजमेंट से नाराज कार्यकर्ताओं के घर बैठ जाने का वोटिंग पर कितना असर पड़ा इसे लेकर अंदेशा बना हुआ है। ऐसी स्थिति में भाजपा भी भीतरघातियों के असर को लेकर चिंता कर सकती है। अब देखना है कि भितरघात से दोनों दलों को कितना नफा-नुकसान हो सकता है।

चुनावी परिणाम को लेकर गर्माया सट्टाबाजार

मतदान के बाद आंकड़ेबाजी के दावे सामने आने से सट्टाबाजार में भी गर्माहट देखी जा रही है। राजनीति के जानकारों की माने तो रायगढ़ शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में कांग्रेस-भाजपा की जीत को लेकर भाव मांगा जा रहा है। बताया जाता है कि रायगढ़ में सट्टाबाजार ऐसे मौकों को लाभ के अवसर में बदलने पर आम आमादा रहती है। क्रिकेट मैच में जिस तरह से दाव लगाए जाते हैंए इस तरह से इस चुनाव में रिजल्ट को लेकर दांव लगाने की बात सामने आ रही है। भाजपा-कांग्रेस की जीत के अलावा बढ़त को लेकर भाव मांगा जा रहा है। चर्चा है कि सट्टाबाजार भाजपा प्रत्याशी को लेकर कोई भाव नहीं दे रहा है। इतना जरूर है की बढ़त को लेकर दाव लगाने की बात सुर्खियों में है। चुनावी परिणाम को लेकर गमति सट्टाबाजार पर पुलिस को अंकुश लगाने की बात कही जा रही। पुलिस इस पर किस तरह की कार्रवाई करती है यह देखने वाली बात होगी।

निर्दलीय कितना बिगाड़ेंगे चुनावी गणित

इस बार मतगणना से पहले ही बढ़त के जिस तरह से दावे सामने आ रहे हैं। उससे लगता है कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दल इस चुनाव के निर्दलीय और अन्य दलों के पक्ष में आने वाले आंकड़ों को लेकर अस्वस्थ हैं। राजनीति के जानकारों की माने तो निर्दलीय और अन्य दलों को मिलने वाले वोट परिणाम तय करने में बेहद निर्णायक हो सकता है। बताया जाता है कि नेक टू नेक फाईट की स्थिति में एक-एक वोट रिजल्ट को उलटने की क्षमता रखता है। इस चुनाव में भाजपा की बागी गोपिका गुप्ता और कांग्रेस के बागी शंकरलाल अग्रवाल की स्थिति क्या रहेगी इस पर अटकलें लगाई जा रही है। शंकरलाल अग्रवाल बीते डेढ़.दो वर्षों से पुसौर और सरिया क्षेत्र में कांग्रेस का झंडा बुलंद करने के साथ अपनी मौजूदगी जता रहे थे। कांग्रेस में रहकर शंकरलाल ने अपने समर्थकों की फौज तैयार कर ली थी। एन वक्त पर कांग्रेस से बगावत कर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे शंकरलाल अग्रवाल कांग्रेस और भाजपा को कितना नुकसान पहुंचाने में कामयाब रहे फिलहाल इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता।

एक नजर

जिले में कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित

बलौदाबाजार,29 नवम्बर। कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में चिन्हित क्षेत्रों के 200 मीटर की परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र (जोन्स ऑफ साइलेंस) घोषित किया है। जारी आदेशानुसार जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय हॉस्पिटल,समस्त शासकीय अशासकीय शैक्षणिक संस्थान, जिला एवं सत्र न्यायालय तथा अन्य न्यायालय एवं समस्त शासकीय कार्यालय भारत सरकार एवं राज्य सरकार चिन्हित क्षेत्रों में शामिल है। गौरतलब है कि माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के द्वारा जारी अन्तरिम आदेश के परिपालन में शिक्षण संस्थानों की शैक्षणिक गतिविधियों, वृद्धजनों,निःशक्तजनों, बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य तथा लोक शांति को ध्यान में रखते हुए, कोलाहल अधिनियम 1985 तथा ध्वनि प्रदुषण नियम 2000 में प्रदत्त शक्तियों के तहत कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। कलेक्टर ने सक्षम अधिकारी को कडाई से आदेश पालन कराने के निर्देश दिए है।

पुरुष नसबंदी पखवाडा का आयोजन

भाटापारा 29 नवंबर। 4 दिसम्बर तक चलेगा, गांव गांव मे स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मोरमितान, मोर संगवारी सम्मेलन के माध्यम से पुरुष नसबंदी पखवाडा को लेकर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस बार पुरुष नसबंदी पखवाड़े को लेकर स्वस्थ्य माँ, स्वस्थ्य बच्चा, जब पति का हो परिवार नियोजन मे योगदान हो अच्छा की थीम पर मनाया जा रहा है। पुरुष नसबंदी मे मात्र 10 मिनट का समय लगता है। व नसबंदी के तुरंत बाद घर जा सकते हैं। पुरुष नसबंदी के बाद सामान्य कार्य प्रारंभ कर सकते हैं। पुरुष नसबंदी के बाद हितग्राही के खाते मे प्रोत्साहन राशि 3000रु. दिये जायेंगे 7 व प्रेरक को 300रु.। सिविल अस्पताल के बी. एम.ओ. डा. राजेन्द्र माहेश्वरी ने बताया प्रतिदिन आपरेशन किया जायेगा वहीं पहले दिन 28 नवंबर को 4 लोगों का नसबंदी किया गया । नसबंदी पखवाड़े को सफल बनाने स्वास्थ्य विभाग का अमला पूरी तरह जुटा हुआ है।

राजीव दीक्षित जयंती व पुण्यतिथि पर स्वदेशी चिंतन संगोष्ठी 30 नवम्बर को

राजनांदगांव 29 नवंबर। स्वदेशी, स्वावलंबन और स्वाभिमानी भारत निर्माण के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर बलिदानी राजीव भाई दीक्षित की जयंती एवं पुण्यतिथि पर 30 नवम्बर 2023 को स्वदेशी चिंतन संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम का आयोजन संध्या 6 बजे से माँ पंचगव्य चिकित्सा एवं गौरक्षा अनुसंधान केन्द्र महामाया चौक बसंतपुर राजनांदगांव में किया जाएगा। कार्यक्रम में राजीव भाई के विचारों को आत्मसात करते हुए स्वदेशी से स्वावलंबी भारत निर्माण, जैविक कृषि, स्वदेशी रोजगार सहित अन्य विषयों पर चर्चा एवं विचार विमर्श किया जाएगा।

गाइड के रूप में राजस्व निरीक्षकों की लगाई गई ड्यूटी

महासमुंद 29 नवम्बर। विधानसभा निर्वाचन 2023 का मतगणना कार्य कृषि उपज मंडी पिटियाझर महासमुंद में 3 दिसंबर 2023 को किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक द्वारा स्ट्रांग रूम से मतगणना हॉल में ईवीएम को भृत्यों के माध्यम से लाने ले जाने के गाइड के रूप में राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी विधानसभा वार लगाई गई है। इनमें सरायपाली 39 अंतर्गत राजस्व निरीक्षक श्री जगमोहन बरिहा एवं उत्तम कुमार की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 40 बसना अंतर्गत राजस्व निरीक्षक ताहर सिंह ठाकुर, राजेश कुमार साहू, खल्लारी 41 अंतर्गत राजस्व निरीक्षक श्री हरीश चंद बेहरा, श्री देव सिंह दीवान एवं विधानसभा क्षेत्र 42 महासमुंद अंतर्गत राजस्व निरीक्षक श्री मुकेश कुमार साहू और श्री पुरुषोत्तम बरिहा की ड्यूटी लगाई गई है।

पत्नी की हत्या के आरोप में पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा 29 नवंबर। शहर पुलिस के हत्थे चढा पत्नी का हत्यारा पति को शहर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया पति, आपसी लडाई झगडा में गला दबाकर हत्या की आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में सउनि सुरेन्द्र सिंह द्वारा आरोपी को चंद घंटे में गिरफ्तार किया विवरण मे प्रार्थी नरेश जायसवाल निवासी नेहरू वार्ड 28 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया 27 नवंबर को बड़ा भाई प्रभुलाल जायसवाल काम करके वापस शाम करीब 06.00 बजे पर आया, जिसके बाद बड़े भाई प्रभुलाल जायसवाल तथा भाभी सरस्वती जायसवाल के बीच झगड़ा विवाद किसी बात को लेकर होने लगा। झगडा विवाद के दौरान रात्रि करीब 11:40 बजे बड़े भाई प्रभुलाल तथा भाभी सरस्वती जायसवाल के बीच हो रहे विवाद को देखकर डर के कारण अपने परिवार सहित घर से बाहर निकल गया। थोडी देर बाद *इसका बड़ा भाई प्रभुलाल जायसवाल मुझे 12/30 रात को फोन करके बताया कि तुम्हारी भाभी सरस्वती तथा मेरे बीच हाथा पाई होने लगा, जिससे मैं तुम्हारी भाभी सरस्वती का गला को दोनों हाथ से जोर से दबा दिया, जिससे वह जमीन पर गिरी पड़ी है सांस नहीं चल रहा है। तब जाकर देखा तो घर के बैठक रूम में भाभी सरस्वती चित हालत में गिरी मरी पड़ी थी।

भाभी सरस्वती जायसवाल का गला दबा कर हत्या कर दिया है, कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के प्रभुलाल जायसवाल को पुलिस हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया जो अपराध करना स्वीकार किया कि आरोपी प्रभुलाल जायसवाल पिता स्व. गोपाल जायसवाल उम्र 48 वर्ष निवासी नेहरू वार्ड को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में सउनि सुरेन्द्र सिंह प्रधान आरक्षक दिलीप टोप्पो आरक्षक महेन्द्र साहू, रवि कंवर का विशेष योगदान रहा।

मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने में अफसरों की भूमिका महत्वपूर्ण:कलेक्टर

■ **जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के माईक्रो ऑब्जर्वर, गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायकों को मतगणना प्रक्रिया के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण**

धमतरी 29 नवम्बर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर आज जिले की तीनों विधानसभाओं सिहावा, कुरूद और धमतरी के मतगणना संपन्न कराने वाले माईक्रो आर्बजवर, गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायकों को आज स्थानीय डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण का अवलोकन करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने अधिकारियों से कहा कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न होगी, जिसमें आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। मतगणना प्रक्रिया के दौरान आप सभी गंभीरता के साथ काम करें। किसी प्रकार की दिक्कत आने पर अपने उच्चाधिकारी को इसकी जानकारी देवें। उन्होंने बताया कि जिले की तीनों विधानसभाओं में हुए निर्वाचन की मतगणना रूद्री स्थित भोपालराव पवार पॉलीटेक्निक कॉलेज में होगी। मतगणना स्थल में 3 दिसम्बर 2023 को गणना अभिकर्ताओं को सुबह 7 बजे प्रवेश दिया जाएगा। प्रशिक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव, एसडीएम धमतरी डॉ विभोर अग्रवाल, एसडीएम कुरूद श्री सोनाल डेविड, एसडीएम सिहावा श्रीमती गीता रायस्त, नगर निगम आयुक्त श्री विनय पोयाम, डीईओ श्री बृजेश बाजपेयी के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने माईक्रो आर्बजवर, गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायकों को बताया कि मतगणना पूरी निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम परन्तु सबसे संवेदनशील चरण है., इसलिए काम सरल होने के बावजूद आपको इसे अत्यंत गंभीरता से लेना चहिये। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना विधि एवं प्रक्रिया, विधिक प्रावधान, सामान्य अनुदेश, मतगणना के दौरान ध्यान दी जाने वाली बातें, मतों की गणना, डाक मतपत्रों की गणना, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, एवं निर्वाचक अधिनियम, डाक मत के निरस्त, अमान्य होने का आधार, घोषणा पत्र 15 ए अभिप्रमाणन वैद्य है, यदि डाक मतपत्र सामान्य अविधिमान्य होगा, मशीनों से मतगणना के दौरान ध्यान दी जाने वाली बातें, मतगणना के दौरान पालन किये जाने वाले नियमों, मतगणना के दौरान की जाने वाली कार्यवाही, मतगणना केन्द्र की आधारभूत संरचना, मतगणना केन्द्र में की गयी सुरक्षा व्यवस्था, गणना हॉल में पालन किये जाने वाल अनुशासन एवं शिष्टाचार, सीयू में रिजल्ट बटन दबाने पर प्राप्त होने वाले विकल्प, मतगणना परिणाम प्राप्त करने की विधि के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना कक्ष में की जाने वाली कार्यवाही, वीवीपीएटी पर्ची से मतगणना, मतगणना के दौरान की जाने वाली कार्यवाही और ध्यान दिये जाने वाले बिंदुओं के बारे में बताया गया। इसके साथ ही मतगणना प्रक्रिया के दौरान भरे जाने वाले आवश्यक प्रपत्र, परिणाम, माईक्रो आब्जर्वर की नियुक्ति और उनके कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही मास्टर ट्रेनर्स द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों की शंकाओं का भी समाधान किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

धमतरी 29 नवम्बर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने विधानसभा निर्वाचन 2023 की मतगणना की तैयारियों के तहत भोपालराव पवार पॉलीटेक्निक कॉलेज रूद्री में मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने 3 दिसंबर 2023 को होने वाले मतगणना के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया एवं मतगणना स्थल पर उचित बैठक व टेबल व्यवस्था, राउंड वाइस डिक्लेरेशन बोर्ड, विद्युत व्यवस्था, डाक मतपत्रों की गणना, कम्प्यूटर एवं फोटोकापी मशीन रखने सहित अन्य तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था, गणना के लिए मतगणना सामग्री, डाक मतपत्रों की गणना, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपैट स्लीप गणना, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं, मतगणना की समाप्ति के बाद ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को मुहरबंद करने और परिणाम की घोषणा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना स्थल पर बनाये जा रहे मीडिया सेंटर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली और मीडिया प्रतिनिधियों के बैठने की उचित व्यवस्था कराने कहा। कलेक्टर ने कहा कि मीडिया प्रतिनिधियों को मतगणना संबंधी जानकारी आसानी से उपलब्ध हो इस बात का ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋषिकेश तिवारी, एसडीएम धमतरी डॉ विभोर अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त विनय पोयाम, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री संतोष नेताम के अलावा अन्य विभागों के सम्बधित अधिकारी उपस्थित थे।

मतगणना प्रेक्षकों के सहयोग के लिए लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त

महासमुंद 29 नवम्बर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के मतगणना के लिए महासमुंद जिले के प्रत्येक विधानसभा के लिए नियुक्त मतगणना प्रेक्षक के सहयोग हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक द्वारा लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। विधानसभा क्षेत्र 39 सरायपाली के लिए नियुक्त मतगणना प्रेक्षक श्री जफर मलिक के सहयोग हेतु श्री अनिल भास्करन उप वनमंडलाधिकारी को लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

■ मतगणना आगामी 3 दिसम्बर को डॉ. भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक रुद्री में की जायेगी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना के सुचारु संपादन के लिए अधिकारियों को सौंपा दायित्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी 29 नवम्बर। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले की तीनों विधानसभाओं की मतगणना आगामी 3 दिसम्बर को डॉ. भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक रुद्री में की जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने मतगणना कार्य के सुचारू संपादन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। जारी आदेश अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव को मतगणन कार्य हेतु मास्टर ट्रेनर के लिए व्यवस्था, माइक्रो ऑब्जर्वर, गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायकों का प्रशिक्षण, सीलिंग व वीडियोग्राफी और अभ्यर्थियों व मीडिया कर्मियों के प्रशिक्षण का दायित्व दिया गया है। इसी तरह अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मरकाम को कानून व्यवस्था के दायित्व के साथ ही कानून व्यवस्था में सहयोग के लिए आवश्यक कर्मचारियों के साथ दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाने की जिम्मेदारी दी गई है। जारी आदेश में आयुक्त, नगरनिगम धमतरी श्री विनय पोयाम द्वारा डाक मतपत्र का मतगणना कराने संबंधी सम्पूर्ण व्यवस्था, मतगणन स्थल पर आवश्यक साफ-सफाई और टैंकर से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति कराने की व्यवस्था कराी जायेगी। डिप्टी कलेक्टर श्रीमती दिव्या पोटाई को ड्रॉ हेतु आवश्यक पर्ची की व्यवस्था, वीवीपैट गणना की व्यवस्था, मतगणना हेतु विभिन्न प्रकार के प्रपत्र उपलब्ध करवाना और प्लास्टिक कंटेनर व पिजनहोल की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं डिप्टी कलेक्टर श्री तेजपाल सिंह ध्रुव को मतगणना स्थल वीडियोग्राफी की सम्पूर्ण व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। लीड बैंक मैनेजर श्री सत्यप्रकाश को माइक्रोऑब्जर्वर की नियुक्ति आदेश तामिल कराना, प्रशिक्षण की व्यवस्था तथा परिचय पत्र तैयार करवाना, माइक्रो ऑब्जर्वर का मानदेय वितरण हेतु कर्मचारियों का एकाउंट नंबर सहित डाटाबेस तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है।

इसी तरह खाद्य अधिकारी श्री बसंत कोर्राम को मतगणना हेतु अधिकारी, कर्मचारियों की संख्या अनुसार पेयजल, चाय, नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री संतोष नेताम को मतगणना हेतु टेबल, कुर्सी, बेरिकेटिंग, फेंसिंग, मीडिया रूम, मतगणना हेतु कंट्रोल रूम और मेडिकल स्टॉफ हेतु रूम तैयार कर आवश्यक व्यवस्था, सहायक संचालक लाईवलीहुड श्री शैलेन्द्र गुप्ता को मतगणना कार्य हेतु आवश्यक कम्प्यूटर, प्रिंटर एवं ऑपरेटर का आंकलन अनुसार व्यवस्था सहित रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष हेतु व्हाईट बोर्ड, मार्कर, डस्टर एवं लिखने हेतु कर्मचारी की ड्यूटी, सहायक संचालक, जनसम्पर्क श्री राहुल सिंह को मीडिया सेल प्रभारी और डिप्टी कलेक्टर श्रीमती उमा राज को मतगणना हेतु अधिका, कर्मचारियों के लिए अलग-अलग परिचय पत्र बनवाने का दायित्व सौंपा गया है। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी श्री उपेन्द्र सिंह चन्देल को रेंडमाइजेशन की तैयारी एवं व्यवस्था, ईटीपीबीएस मतों की गणना हेतु सम्पूर्ण व्यवस्था, मतगणना दिवस हेतु आवश्यक डाटा का संग्रहण, मतगणना हेतु आवश्यक प्रपत्रों को तैयार करना, रिपोर्ट हेतु आवश्यक प्रपत्र तैयार करना और अंतिम परिणाम तैयार करने हेतु ए.आर.ओ. कक्ष में परिणाम तैयार करने का दायित्व सौंपा गया है। उप संचालक समाज कल्याण श्री अखिलेश्वर तिवारी को गणना अभिकर्ता के परिचय पत्र की जांच, अनुविभागीय अधिकारी बीएसएनएल श्री सनय चतुर्वेदी को मतगणना स्थल पर टेलीफोन/इंटरनेट कनेक्शन हेतु लाईन की व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग को मतगणना स्थल पर मतगणन दिवस को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करवाने, जनरेटर की व्यवस्था, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण वि/यां श्री आशुतोष खरे को मतगणना स्थल पर आवश्यक माईक, जनरेटर व प्रकाश की व्यवस्था तथा कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्री आर.के.शुक्ला को मतगणना स्थल पर गणना अभिकर्ताओं एवं कर्मचारियों के लिए पेयजल व्यवस्था तथा प्रत्येक विधानसभा में पेयजल वितरण हेतु कर्मचारियों की व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है।

समाचार संक्षेप

सविधान दिवस पर हुआ प्रदेश स्तरीय वार्षिक सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन

छुरा 29 नवंबर। सविधान दिवस के शुभअवसर पर जोहार आदिवासी कला मंच छत्तीसगढ़ के तत्वाधान मे आयोजित प्रदेश स्तरीय वार्षिक सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन आदिवासी हल्बा शक्ति सदन गढ़ सिहावा नगरी जिला धमतरी मे रखा गया,जिसमे गरियाबंद जिला के मलेवा अंचल क्षेत्र दाँतबाय कला के उभरते कवि मेमन मरकाम को उनके कविता पाठ पर प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान किया गया इसके साथ ही आदिवासी समाज के होनहार व्यक्तियों को आदिवासी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया एवं अलग-अलग क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्यक्रम करने वाले तीस कलाकारों को पंजीयन के आधार पर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम पर मुख्य अतिथि श्री अजय मंडावी जी पद्मश्री से सम्मानित पहले आदिवासी व्यक्तित्व एवं अतिविशिष्ट अतिथि श्री रूपराय नेताम जी शहीद वीर नारायण सिंह सम्मान छत्तीसगढ़ शासन एवं इस कार्यक्रम पर आदिवासी समाज के बुद्धिजीवी तथा सैकड़ो के संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

सर्व समाज के 76 प्रतिशत आरक्षण विधेयक को रोककर आखिर किस बात का बदला ले रहे हैं भाजपाई?

रायपुर 29 नवंबर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने विगत 2 दिसंबर 2022 से राजभवन में लंबित आरक्षण विधेयक को लेकर भारतीय जनता पार्टी के रवैया पर सवाल उठाते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ के बहुसंख्यक आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति सहित सामान्य वर्ग के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली जनता से भारतीय जनता पार्टी को आखिर इतनी नफरत क्यों है? भारतीय जनता पार्टी के नेता आखिर क्यों नहीं चाहते कि छत्तीसगढ़ के निवासियों को उनकी संख्या के अनुसार उनका हक मिले। स्थानीय जनता के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक तरक्की से भाजपाइयों को इतनी हिकारत क्यों है? भाजपा के नेता और केंद्र की मोदी सरकार क्यों नहीं चाहती की स्थानीय जनता को शिक्षा और रोजगार में प्राथमिकता मिले? प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में है वहां पर राज्य सरकारों के द्वारा विधानसभा में पारित विधेयकों को राजभवन की आड़ में लटकाने का षड्यंत्र रचने का काम लगातार कर रही है। छत्तीसगढ़ में एक तरफ जहां आरक्षण विधेयक के संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने सहमति जताते हुए सर्वसम्मति से पारित करवाया लेकिन तत्काल बाद से राजभवन के आड़ में रोकने का षड्यंत्र रचे। विगत लगभग 1 साल से राज भवन में इतना महत्वपूर्ण विधेयक लंबित है, लेकिन भाजपा का कोई भी नेता राजभवन से उक्त विधेयक पर अनुमोदन के लिए तत्परता बरतने की अपील करता हुआ नहीं दिखा, उल्टे समय समय पर छत्तीसगढ़ के भाजपाई लंबित आरक्षण विधेयक को लटकाए जाने की वकालत करते रहे है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि 15 साल भाजपा को अवसर मिला था कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति, समृद्धि और स्थानीय बहुसंख्यक आबादी के हितों का संरक्षण और संवर्धन करते, लेकिन भाजपाइयों ने स्थानीय छत्तीसगढ़िया जनता के हितों की सदैव उपेक्षा ही किया है। भूपेश बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ में सर्व समाज को आरक्षण देने का काम पूरी ईमानदारी से किया है। 15 साल रमन राज में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में कोई प्रयास नहीं हुआ। भूपेश सरकार ने न केवल कमेटी गठित की बल्कि मोबाइल एप और वेबसाइट के माध्यम से आंकड़े जुटाकर स्थानीय निकाय के सामान्य सभा में अनुमोदित भी कराया, आधार से वेरिफिकेशन करके डेटाबेस तैयार किया। विधि विभाग से परीक्षण के उपरांत 76 प्रतिशत नवीन आरक्षण विधेयक पारित किया गया। विधेयक में अनुसूचित जनजाति के लिए 32 प्रतिशत, ओबीसी के लिए 27, अनुसूचित जाति के लिए 13 प्रतिशत और ईडब्ल्यूएस के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। उक्त विधेयक का समर्थन विधानसभा के भीतर भाजपा की विधायकों ने भी किया। यह भाजपा के राजनीतिक पाखंड का ही नमूना है कि एक तरफ समर्थन का ढोंग करते हैं, दूसरी तरफ राजभवन में षड्यंत्र करके विधेयक को लटकाए रखने की साजिश रचते हैं। छत्तीसगढ़ की स्थानीय आबादी से आखिर किस बात का बदला लेना चाहते हैं भाजपाई?

भाजपा के सारे दिग्गज नेता चुनाव हार रहे: कांग्रेस

रायपुर 29 नवंबर। तीन दिसंबर को जैसे ही चुनाव परिणाम आयेंगे भाजपा के अनेक दिग्गज नेता धाराशायी हो जायेंगे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला नें कहा कि भारतीय जनता पार्टी बुरी तरह से चुनाव हारने वाली है भाजपा के अनेको दिग्गज नेता रमन सिंह, बृजमोहन अग्रवाल, अरुण साव, नारायण चंदेल, अजय चंद्राकर, शिवरतन शर्मा, राजेश मूणत जैसे नेता चुनाव हार रहे है। चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ के नेताओं पर उनके आलाकमान नें भी भरोसा नहीं जताया पूरे चुनाव मे भाजपा मे छत्तीसगढ़ का एक भी ऐसा नेता नहीं था जिसने पूरे राज्य मे चुनाव प्रचार के लिए भेजा गया हो सारे के सारे दिग्गज भाजपाई अपने ही सीटों पर फंसे पड़े थे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष तो पूरे चुनाव प्रचार के दौरान अपनी विधानसभा से बाहर निकलने कि हिम्मत नहीं दिखा पाए अजय चंद्राकर जैसे बड़बोले नेता कुरुद मे चुनाव हार रहे है।

आम सूचना

सर्व साधारण को एतद सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मेसर्स-श्री शिवशक्ति इण्डस्ट्रीज पता-मकान नंबर-38 सेक्टर-05, वार्ड नंबर-62, प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर छ.ग. में दिनांक-10/11/2023 से नये भागीदार के रूप में श्री अभिमेष पाण्डे, पिता श्री अवधेश कुमार पाण्डे, निवासी मकान नंबर-38 सेक्टर-05, वार्ड नंबर-62, प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर छ.ग. को सम्मिलित किया गया है।

अतः उपरोक्त फर्म में नये भागीदार के रूप मे श्री अभिमेष पाण्डे का नाम सम्मिलित किये जाने के फलस्वरूप यदि किसी व्यक्ति, शासकीय अशासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, निजी संस्था, निगम, निकाय, बैंक या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर मुसंगत दस्तावेजों सहित व्यक्तिगत रूप से नीचे लिखे पते पर उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद गुजरने प्रस्तुत की गई आविधिक एवं शून्यकरणीय मानी जावेगी।

अतः सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-29/11/2023

भवदीय
अभिलेष पाण्डे (भागीदार)
फर्म मेसर्स-श्री शिवशक्ति इण्डस्ट्रीज
पता- मकान नंबर-38 सेक्टर-05, वार्ड नंबर-62, प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 7693061951

एक नजर

टी-20 मैच के लिए स्टेडियम में चाक-चौबंद व्यवस्था

रायपुर, 29 नवंबर। राजधानी रायपुर में आगामी एक दिसंबर को होने वाली टी-20 मैच में भारत और आस्ट्रेलिया की टीम आपस में भिड़ने वाली है। इसके लिए दोनों टीम के सदस्य आज राजधानी रायपुर पहुंच जाएंगे। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के अनुसार इस बार सुरक्षा व्यवस्था को और ज्यादा पुख्ता कर दिया गया है। खिलाड़ियों के करीब अनाधिकृत रूप से कोई दर्शक अथवा प्रशंसक न पहुंच सके, इसके लिए विशेष तैयारी की गई है। एक दिसंबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच आयोजित है। इसके लिए एक हजार से 25,000 रुपए तक की टिकट बेची जा रही है। बता दें कि स्टेडियम का लाखों का बिजली बिल नहीं भरने से वहां की बिजली कनेक्शन काट दी गई है। परिहार ने बताया, अस्थायी कनेक्शन और जनरेटर के भरोसे यह मैच होगा।

ट्रेलर ने बाइक सवार दंपति को रौंदा

रायपुर, 29 नवंबर । बिलासपुर के लोखंडी इलाके के पास का एक तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार दंपत्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी ट्रेलर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण जांच मे लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह दर्दनाक हादसा बिलासपुर के लोखंडी इलाके के पास का है। जहां बाइक सवार पति-पत्नी दोनों ही बिलासपुर से घोंघाडीह लौट रहे थे। अचानक एक हाईवा बड़े ही रफ्तार से आकर इस बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इस मामले की कार्रवाई सकरी थाना क्षेत्र में की जा रही है। आरोपी हाइवा चालक के खिलाफ केस भी दर्ज कर लिया गया है।

खाद्य मंत्री ने धान खरीदी केंद्र में रखरखाव और सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश

रायपुर, 29 नवंबर। छत्तीसगढ़ में अचानक बदले मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. वहीं प्रदेश में चल रही धान खरीदी की सुरक्षा के लिए शासन-प्रशासन तैयारियों में जुट गया है. वहीं आज खाद्य मंत्री अमरजीत भगत धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे. इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के मद्देनजर दिशा निर्देश दिए. खाद्य मंत्री अमरजीत भगत रायपुर के मंदिर हसौद धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे. मंत्री भगत ने धान की सुरक्षा के मद्देनजर दिशा निर्देश दिए. इस दौरान खाद्य मंत्री भगत ने बताया कि धान मंडी में फिलहाल आवक कम है. पिछले साल की तुलना में किसान धान खरीदी केंद्र बहुत कम पहुंचे रहे हैं. किसानों को 3200 रुपया और कर्ज माफी का इंतज़ार है. तीन तारीख को फैसला हो जाएगा फिर किसान धान बेचने पहुंचेंगे. प्रदेश में धान खरीदी प्रदेश सरकार का सबसे बड़ा काम है. एक एक दाना सुरक्षित रहे इसके लिए व्यवस्था की गई है।

एमएसएमई निर्यात को बढ़ावा देने समझौते पर हस्ताक्षर

रायपुर, 29 नवंबर। अमेज़न इंडिया ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सक्षम बनाने और देश से ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के संबंध में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इस एमओयू के हिस्से के रूप में, अमेज़न और डीजीएफटी, डीजीएफटी द्वारा चिह्नित 75 जिलों में चरणबद्ध तरीके से, एमएसएमई के लिए क्षमता निर्माण सत्र, प्रशिक्षण और कार्यशालाओं का सह-संचालन करेंगे, जो मार्च 23 में पेश विदेश व्यापार नीति में उल्लिखित एक्सपोर्ट हब्स के रूप में जिले पहल के अंग हैं। इस पहल का उद्देश्य है, ग्रामीण और दूरदराज़ स्थित जिलों में स्थानीय उत्पादकों को ग्लोबल सप्लाय चेन से जोड़ना। श्री संतोष सारंगी (डीजीएफटी के अतिरिक्त सचिव और महानिदेशक), चेतन कृष्णास्वामी (उपाध्यक्ष, पब्लिक पॉलिसी - अमेज़न) और भूपेन वाकणकर (निदेशक, ग्लोबल ट्रेड - अमेजन इंडिया) की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। अमेज़न और डीजीएफटी, एमएसएमई को ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट के बारे में शिक्षित करने और उन्हें दुनिया भर में ग्राहकों को बेचने में सक्षम बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। अमेज़न कई तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाताओं तक पहुंच में मदद करेगा, जिनके साथ एमएसएमई इमेजिंग, अपने उत्पादों की डिजिटल कैटलॉगिंग, टैक्स सलाह जैसी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए जुड़ सकते हैं।

3 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित

बालोद, 29 नवम्बर। छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डधिकारी अधिकारी कुलदीप शर्मा ने मतगणना तिथि 03 दिसम्बर को बालोद जिले के देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान बालोद एवं विदेशी मदिरा दुकान तथा मद्य भण्डागार बालोद को पूर्णतः बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 की उपधारा(1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के दौरान शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध।

मतगणना में गड़बड़ी करना भाजपा का चरित्र: कांग्रेस

रायपुर 29 नवंबर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के नतीजे 3 दिसंबर को घोषित होने के हैं। इसी बीच कांग्रेस और भाजपा एक दूसरे पर निशाना साधने से हुए नहीं चूक रहे हैं। वहीं नियमितीकरण की आस में अभी भी बैठे कर्मचारी के मामले पर कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के समय कर्मचारियों के साथ अन्याय, उनका शोषण हुआ। हमारी सरकार के समय में कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी की गई। बहुत से कर्मचारियों को नियमित किया गया। जो बचे हैं उनके हित में संसाधनों और बजट को देखते हुए निर्णय लिया जाएगा।

वहीं मतगणना को लेकर कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आंनद शुक्ला ने बीजेपी पर तंज कसा है।

मतगणना में गड़बड़ी करना भाजपा का चरित्र है। मध्यप्रदेश में कलेक्टर ने बैलेट पेपर खुलवा दिया। भाजपा चुनाव हार रही है, इसलिए उनके नेता पटकथा लिख रहे हैं। हारने के बाद पट कथा बताएंगे कि मतगणना में गड़बड़ी हुई है। धान के मूल्य को लेकर सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा पर निशाना साधा हुए कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में चुनाव के समय जनता को ठगने के लिए धान का मूल्य 3100 किया।

देश के बाकी राज्यों के किसानों ने क्या गुनाह किया हैं? मध्यप्रदेश में धान की कीमत 1500 क्यों दिया जा रहा? छत्तीसगढ़ में 3100 दे सकते हैं तो बाकी राज्यो में किसानों का क्या गुनाह है? छत्तीसगढ़ में गरीबो को 500 में सिलेंडर देने की बात कर रहे हैं। ये देश के बाकी गरीबो के साथ अन्याय हैं, जनता को ठगने के लिए भाजपा ने घोषणा की। भाजपा ने समर्थन मूल्य नहीं दिया, सिलेंडर के दाम बढ़ेंगे।लोकसभा चुनाव में उसे हम बड़ा मुद्दा बनाएंगे।

कोहरा से आवागमन में परेशनी

■ दृश्यता कम होने से हवाई सेवाएं भी प्रभावित

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर,29 नवंबर। बेमौसम बारिश से कोहरे का अत्याधिक प्रभाव होने से सड़क,हवाई एवं रेल यातायात पर सीधा असर हुआ है। मौसम वैज्ञानिक चंद्रा के अनुसार कोहरे के कारण दृश्यता कम हो जाती है। बिलासपुर,रायपुर मार्ग में घना कोहरा छा जाने के कारण रात में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

डॉ. चंद्रा के अनुसार एक सिस्टम बन जाने के कारण उत्तरी छत्तीसगढ़ के सूरजपुर,बलरामपुर में कल भी वर्षा होने की संभावना है। मौसम साफ होते ही यहां पर ठंड बढ़ेगी तथा कोहरा छाया रहेगा। राजस्थान से अरब की खाड़ी तथा बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण बीती रात अच्छी वर्षा हुई। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में इसका असर देखा गया। धान की खड़ी फसल तथा सब्जियों पर इसका प्रभाव पड़ा है। धान की खरीदी प्रभावित हुई है। धान खरीदी केंद्रों में धान भीग गया है। जिससे नुकसान होने की आशंका है।

डॉ.चंद्रा के अनुसार मौसम साफ होते ही अब घना कोहरा छायेगा। इस समय ट्रेनों की लेट लतीफी के कारण लोग सड़क मार्ग से यात्रा कर रहे हैं। न्यायाधानी बिलासपुर से रायपुर आने वाले तथा जगदलपुर एवं सरायपाली से सहित अन्य मार्गों में वाहन चलाने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जिसके कारण दुर्घटना की आशंका बनी रही । दृश्यता कम होने के कारण हवाई जहाजों के आने जाने पर असर पड़ता है।

आईपीएल में छग से अजय चेन्नई और हरप्रीत पंजाब से खेलेंगे

रायपुर, 29 नवंबर । आईपीएल 2024 की नीलामी से पहले सभी टीमों ने अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें छत्तीसगढ़ से दो खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं।

अब सभी फ्रेंचाइजी 19 दिसंबर को मिनी ऑक्शन में कई खिलाड़ियों को खरीदकर अपनी टीम पूरी करेगी। सबसे पहले चेन्नई की टीम ने अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी की। इस बार भी राजनांदगांव के अजय मंडल चेन्नई की टीम से खेलतेहुए नजर आएंगे।

पिछले साल आईपीएल में चेन्नई ने बेस प्राइस में खरीदा था। इस वर्ष अजय ने रणजी में अच्छा प्रदर्शन दिखाया है, जिसके बाद टीम ने फिर से शामिल कर लिया है। इसी तरह छत्तीसगढ़ के हरप्रीत भाटिया पंजाब की ओर से खेलते हुए नजर आएंगे। इस बार भी हरप्रीत को पंजाब ने टीम में शामिल कर लिया है। पिछले साल पांच से अधिक मैच में बल्लेबाजी करते नजर आए थे। इस दौरान टीम को अच्छी बढ़त भी दिलाई थी। बल्लेबाजी को देखते हुए टीम ने इस बार रिटेन कर लिया है। छत्तीसगढ़ के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले हरप्रीत सिंह भाटिया पर पंजाब ने इस बार भी भरोसा जताया है। भाटिया ने 2010 में कोलकाता नाइटराइडर्स के लिए आईपीएल डेब्यू किया था। 2012 में पुणे वॉरियर्स के लिए उन्हें खेलने का मौका मिला था। हरप्रीत भाटिया को साल 2010 में हरप्रीत सिंह भाटिया को भारतीय क्रिकेट टीम से जुड़ने का पहला मौका मिला था, जिसके बाद सेलेक्शन अंडर 19 क्रिकेट टीम में हुआ था। अजय मंडल क्रिकेट के क्षेत्र में शुरू से ही प्रतिभावान खिलाड़ी रहे हैं और उन्होंने अंडर 14, अंडर 16, अंडर-19 में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया है और टीम की कप्तानी भी संभाली है।

बीजापुर कलेक्टर के विरुद्ध अब जोगी कांग्रेस ने खोला मोर्चा

■ मुख्य निर्वाचन अधिकारी से लिखित शिकायत

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर,29 नवंबर। छत्तीसगढ़ विधानसभा 2023 की मतदान के पश्चात अब राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन अधिकारियों और शासकीय कर्मचारियों के विरुद्ध शिकायतों का सिलसिला जारी है। आज जोगी कांग्रेस के नेताओं ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बीजापुर कलेक्टर की शिकायत की है। वहीं अन्य जिलों से वर्षों से जमे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हटाने की शिकायतें आ रही है।

निर्वाचन कार्यालय में इस समय मतदान के पश्चात शिकायत आने का सिलसिला जारी है। भाजपा ने भी बीजापुर कलेक्टर की शिकायत की है। जोगी कांग्रेस के भगवानु नायक के अनुसार बीजापुर कलेक्टर के कमरे में ईव्हीएम मशीन सहित अन्य निर्वाचन सामग्रियां रखी गई थी। जो कि आश्चर्य का विषय है। जोगी कांग्रेस ने बीजापुर कलेक्टर को तत्काल वहां से हटाने की मांग की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के पूर्व अनेक अधिकारियों की शिकायत की थी। इनमें से कुछ जिला निर्वाचन अधिकारियों को हटाया गया है। अन्य राजनीतिक दलों में काफी शिकायत की है। इस समय छत्तीसगढ़ शासन के डीजीपी भी चर्चा का विषय बने हुए हैं। वे अपना कार्यालय बढ़ाने के पश्चात सेवाएं दे रहे हैं। पुलिस विभाग के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि कोई अधिकारी संविदा में कार्य करते हुए डीजीपी बना रहे। लोग दबी जुबान से हटाने की मांग कर रहे हैं।

राज्य में शासकीय कर्मचारियों के लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है कि सामान्य प्रशासन के अधीन आने वाले संयुक्त कलेक्टर,उपजिलाधीश,पुलिस तथा अन्य विभागों के कर्मचारियों को जिनकी सेवाएं तीन वर्ष से अधिक हो चुकी है उन्हें तत्काल हटाया जाए। इस संबंध में शिकायतें का दौर चल रहा है। अधिकारियों के अनुसार आचार संहिता 5 दिसंबर तक प्रभावशील रहेगी। इसीलिए इस अवधि में आयोग मुख्यालयों को शिकायत पर कार्रवाई करने की अनुशंसा करता रहेगा।

मतगणना को लेकर प्रशिक्षण

प्रदेश में 3 दिसंबर को मतों की गणना का काम होगा।इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम को सेजबहार इंजीनियरिंग कालेज में पानी सहित साफ-सफाई की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा पासधारियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। आज कांग्रेस कमेटी ने रायपुर शहर के अभ्यर्थियों के एजेंटों को प्रशिक्षण दिया।

प्योर ईवी ने इकोड्रिफ्ट 350 लॉन्च किया

रायपुर 29 नवंबर। प्योर ईवी खुशी के साथ यह घोषणा करता है कि उसकी नई मोटरसाइकिल इकोड्रिफ्ट 350 लॉन्च हुआ है, जिसकी रेंज 171 किलोमीटर है। इकोड्रिफ्ट 350 को कम्यूटर सेगमेंट में (110 सीसी के आसपास) सबसे लंबी रेंज वाली ई-मोटरसाइकिल के रूप में पेश किया गया है, जो भारतीय सड़कों के लिए राइडर अनुभव को बेहतर बनाने के लिए तैयार की गई विशेषताओं की एक श्रृंखला की शोभा बढ़ाती है। एक ही चार्ज पर उल्लेखनीय 171 किलोमीटर की रेंज के साथ इकोड्रिफ्ट 350 उन उपभोक्ताओं के लिए सबसे अच्छा है जो दैनिक आधार पर बहुत यात्रा करते हैं और उन्हें मासिक रूप से 7000 रुपये और उससे अधिक की बचत करनी है। यह इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल 3.5 द्ध्रुद्ध लीथियम-आयन बैटरी द्वारा संचालित है 3 किलोवॉट पावर-ट्रेन जो 6 एमसीयूओं से जुड़ा है जो स्मार्टफोन से अधिक प्रोसेसिंग पावर प्रदान करता है। इसमें 75 किमी/घंटे की शीर्ष गति और 40 एनएम का टॉर्क है और यह तीन विभिन्न मोड में आता है, जो मोटरसाइकिल राइडर्स की आवश्यकताओं से मेल खाता हैं। इकोड्रिफ्ट 350 नई विशेषताओं के साथ मौजूद है जो की राइडर के वाहन अनुभव को सुधारने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। रिवर्स मोड, कॉस्टिंग रीजेन, हिल-स्टार्ट सहायता से लेकर डाउनहिल असिस्ट और पार्किंग असिस्ट तक जो औसत 2व्हीलर वाहन से इसे अलग करने में मदद करते हैं।

अभा सिक्ख प्रीमियर लीग क्रिकेट 1 दिसंबर से

रायपुर 29 नवंबर। अखिल भारतीय सिक्ख प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरूआत 1 दिसंबर से हो रही है। शहीद भाई तारु सिंघ फाउंडेशन ने तैयारियों के संबंध में विगत दिवस बैठक ली। देश के प्रायः सभी राज्यों से टीमें इसमें हिस्सा लेने के लिए पहुंचती हैं। वैसे तो टूर्नामेंट खेलने के लिए 44 टीमों ने इंट्री ली थी लेकिन क्वालीफाय मैच कराये जाने पर केवल 12 टीमों का चयन हुआ। इनमें से कई ऐसे भी खिलाड़ी हैं जो कि राज्य स्तर पर टूर्नामेंट खेलते हैं। फाइनल मैच 10 दिसंबर को खेला जायेगा। नियमावली पिछले टूर्नामेंट की तरह ही रहेंगे। फाउंडेशन की ओर से आतिथ्य के लिए समाजसेवी स.बलदेव सिंह भाटिया,विधायक कुलदीप जुनेजा,राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेन्द्र छाबड़ा को आमंत्रित किया गया।

डेस्टिनेशन शादियों के लिए देश में ही सैकड़ों स्थान उपलब्ध: अमर पारवानी

रायपुर 29 नवंबर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवम कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि विदेश में डेस्टिनेशन शादियों पर जिस तरह गंभीरता से चिंता की गई, वो देश भर में लोगों के मन एवं मस्तिष्क में बैठ गई है और प्रदेश सहित देशभर में इस पर न केवल मीडिया में बल्कि आम लोगों के बीच एक चर्चा शुरू हो गई है। विदेशों में भारतीय लोगों द्वारा डेस्टिनेशन शादियों के बारे में अभी तक कोई अधिकृत सर्वे नहीं हुआ है, इसलिए यह अन्दाज़ लगाना मुश्किल हैं कि यह कारोबार कितना होगा लेकिन फिर भी जब मामले को खंगालने की कोशिश हुई तो यह मोटा अनुमान निकलता है कि प्रतिवर्ष लगभग 5 हज़ार डेस्टिनेशन शादियाँ विदेशों में होती होंगी जिसमें लगभग 50 हज़ार करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान लगाया जा सकता है । कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया की विदेश में डेस्टिनेशन शादियों पर जो चिंता व्यक्त की गई है, उस पर यदि सार्थक चर्चा हो तो यह देश के घरेलू व्यापार एवं भारतीय अर्थव्यवस्था में एक संभावित बदलाव लाने की पहल हो सकती है।

विस चुनाव :मतगणना की सारी तैयारियां पूरी

रायपुर, 29 नवंबर। विधानसभा चुनाव के बाद अब मतगणना की तैयारियां तेज हो गई है। राज्य में दो चरणों में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के बाद अब 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। मतगणना के लिए सभी 33 जिला मुख्यालयों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि सभी मतगणना केंद्रों में प्रेक्षकों की निगरानी में होने वाली मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 14 टेबल लगाए गए हैं। मतों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू होगी जिसमें सबसे पहले सेवा मतदाताओं के मतों की गणना होगी। सबसे पहले ईटीपीबीएस (इलेक्ट्रानिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलैट सिस्टम) से प्राप्त मतों के क्यूआर कोड की स्कैनिंग की जाएगी। उसके बाद डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होगी। साढ़े आठ बजे के बाद सभी टेबलों पर एक साथ मतगणना शुरू होगी। प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में से कवर्धा में सबसे अधिक 30 चक्रों में मतगणना होगी। इसके बाद कसडोल में 29 चक्र होंगे। वहीं सबसे कम मनेन्द्रगढ़ एवं भिलाई नगर में 12 चक्रों में मतगणना होगी। श्रीमती कंगाले ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना केन्द्रों में होने वाली मतों की गिनती के दौरान बिना प्राधिकार पत्र के किसी भी व्यक्ति को मतगणना कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि 1181 अभ्यर्थियों के राजनीतिक भाग्य का फैसला 7 नवम्बर और 17 नवम्बर को ईव्हीएम में बंद हुआ था।

आगामी 3 दिसम्बर को मतों की गिनती के साथ ही इनके परिणाम आएंगे। मतगणना के दौरान अभ्यर्थी किसी भी टेबल पर जाकर मतगणना को देख सकेंगे जबकि अभ्यर्थी के अभिकर्ता सिर्फ निर्धारित टेबल पर ही मतगणना का निरीक्षण करेंगे। मतगणना की पूरी कार्यवाही मतगणना प्रेक्षक तथा सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति तथा निगरानी में होगी।

प्रोजेक्ट मैत्री को शुरू करने की घोषणा

रायपुर 29 नवंबर। महिला उद्यमशीलता और आत्मनिर्भरता का समर्थन करने के उद्देश्य वाली एक पहल में, नीति आयोग के तहत शुरू किए गए वुमन एंट्रप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म (डब्ल्यूईपी) ने मेकमाईट्रिप के सहयोग से प्रोजेक्ट मैत्री को शुरू करने की घोषणा की है। यह अनूठा कार्यक्रम देश के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में महिलाओं पर केंद्रित है, जिसमें होमस्टे की अप्रयुक्त क्षमता का लाभ उठाकर उद्यमशीलता, आर्थिक सशक्तिकरण और आजादी के मार्ग को प्रशस्त किया जाएगा।

एनेब्लिंग वीमेन-लेद डेवलपमेंट इन अरुणाचल' विषय पर दोरजी खांडू स्टेट कन्वेंशन सेंटर, ईटानगर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ श्री पेमा खांडू, मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश द्वारा किया गया, जो लिंग-संतुलित प्रगति के लिए राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

तीरंदाजी में छत्तीसगढ़ को मेडल

रायपुर 29 नवंबर। तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष कैलाश मुरारका ने जाकारी देते हुए कहा की 30वी सीनरी एनटीपीसी राष्ट्रीय प्रतियोगिता 24 से 30 नवंबर 2023 अयोध्या उत्तर प्रदेश में आयोजित होने जा रही है इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 30 तीरंदाज कोच मैनेजरका दल शामिल हुए हैं मुरारका न कहा की इस प्रतियोगिता में 50 मी इंडियन वर्ग में छत्तीसगढ़ के तीरंदाज विकास मौर्य ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया है विकास मौर्य पूर्व में गोवा नेशनल में भी मेडल छत्तीसगढ़ की झोली में डाल चुका है, और अभी इंडियन वर्ग कंपाउंड वर्ग रिकवर वर्ग की प्रतियोगिता चल रही है इसके पहले भी 43 जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता 15 से 22 नवंबर 2023 भरतपुर राजस्थान में संपन्न हुई है जिसमें हमारे तिरंदाजो ने अच्छा परफॉर्मेंस किया है मेडल तो नहीं मिला था भरतपुर में लेकिन परफॉर्मेंस अच्छा था, मेडल मिलने पर मुरारका ने विकास मौर्य कोच मैनेजर को बहुत-बहुत शुभकामनाएं बधाई दी है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23